लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 54, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौधों से कितना कुछ सीख सकते हैं हम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 44.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05:20 | सूर्यास्त 18:51

मुरादाबाद, रविवार, 19 मई 2024

रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी ...15

आप सांसद मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव कुमार गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया

आप ने किया दावा मालीवाल को भाजपा ने किया ब्लैकमेल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि आप ने दावा किया कि उन्हें भाजपा ने ब्लैकमेल' किया है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के एक मामले का सामना कर रही हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुमार को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने दोपहर में मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया। एक दिन पहले, मालीवाल ने तीस हजारी अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने गई थीं तब उनके सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर पूरी ताकत से प्रहार किया, उन्हें थप्पड़ मारा तथा छाती एवं पेट पर लात से मारा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बिभव कुमार को अदालत में पेश किया और पूछताछ के लिए उनकी सात दिन की हिरासत मांगी।

पुलिस ने कहा कि उसने मुख्यमंत्री आवास के सुरक्षाकर्मियों एवं अन्य कर्मियों समेत कम से कम 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं जो 13 मई को हमले के वक्त मौके पर मौजूद थे। गिरफ्तारी से पहले दिन में, कुमार ने पुलिस को पत्र लिखकर कहा था कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं लेकिन पुलिस मालीवाल के खिलाफ उनकी शिकायत पर भी गौर करे। शुक्रवार को कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि मालीवाल ने 13 मई को अनधिकृत रूप से प्रवेश पाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा का उल्लंघन किया और वहां हंगामा किया। जब उन्होंने मालीवाल को रोकने की कोशिश की तब उन्होंने गालियां दीं।

बिभव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शनिवार को कहा कि स्वाति मालीवाल पर हमला करने के आरोपी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी निरर्थक हो गई है क्योंकि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने आदेश सुनाते हुए कहा, चूंकि, उन्हें (कुमार) को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, इसलिए वर्तमान अर्जी निरर्थक है और याचिका का निपटारा कर दिया।

रोज-रोज जेल का खेल बंद करें मोदी : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं,आप सबको जेल में डाल दें। केजरीवाल ने शनिवार को अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, सौरभ भारद्वाज और आतिशी को भी जेल में डालने को कह रहे हैं। इनको लगता है कि हमारे नेताओं को जेल में डालकर आम आदमी पार्टी को कुचल देंगे तो ऐसा होने वाली नहीं है। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो लोगों के दिल में है।

अगले 4 दिन कहर बरपाएगी गर्मी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में रेड अलर्ट

आगरा और कानपुर में पारा 46 डिग्री के पार पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में अगले चार दिन गर्मी कहर ढाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक लू का प्रकोप बढ़ेगा। करीब सभी जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी उप्र के आठ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को सबसे गर्म आगरा और कानपुर रहा। कानपुर (एयर फोर्स) का तापमान 46.9 डिग्री दर्ज किया जबकि आगरा में पारा 46.5 डिग्री पर रहा। बुंदेलखंड के कई जिलों का तापमान भी इसी के आसपास रहा।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि अगले चार दिन तक तापमान में वृद्धि का अनुमान है। लखनऊ में 2018 से अब तक मई के महीने में शनिवार को सबसे अधिक तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा। उनका कहना है कि ज्यादातर जिलों में 19 से 21 मई के बीच तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा। इन चार दिनों में हवाओं की रफ्तार भी तेज होगी जिसकी वजह से लू का असर रहेगा। लू के मद्देनजर जिलों को रेड, ऑरेंज और येलो जोन में बांटकर अलर्ट जारी किया गया है। रेड जोन में बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, आगरा और आसपास के कुछ जिले हैं। मेरठ, हापुड़, अलीगढ़, हाथरस, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जलौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, कन्नौज और आसपास के जिलों को ऑरेंज जोन में रखा गया है।

- छह साल में पहली बार 44 के ऊपर रहा लखनऊ का तापमान

केरल में भारी बारिश का पूर्वानुमान

तिरुवनंतपुरम। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को आने वाले दिनों में केरल में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 19 और 20 मई के लिए राज्य के पथनमथिट्टा, कोट्टयम और इडुक्की जिलों में रेड अलर्ट और तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 21 मई के लिए नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया और कहा कि उनमें से कुछ में रेड अलर्ट के समान बारिश होने की आशंका है।

तकनीकी खराबी से विमान की कराई इमरजेंसी लैंडिंग

तिरुचिरापल्ली। केरल के तिरुवनंतपुरम से बेंगलुरु जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को तकनीकी खराबी आने के कारण आपात स्थिति में यहां उतारा गया। हवाई अड्डे के सूत्रों ने यह जानकारी दी। विमान में लगभग 137 यात्री सवार थे।

- बेंगलुरु जा रही थी एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान
- विमान में सवार सभी 137 यात्री सुरक्षित

सूत्रों ने बताया कि विमान में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आई, जिसके बाद इसे सुरक्षित रूप से यहां उतार लिया गया। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को विमान से बाहर निकाल लिया गया है और तकनीकी दल खराबी की जांच कर रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण विमान को तिरुचिरापल्ली स्थित हवाई अड्डे पर उतारा गया। प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों को बेंगलुरु ले जाने के लिए दूसरे विमान की व्यवस्था की जा रही है। हम सभी प्रशासनिक व्यवस्था कर रहे हैं और (यात्रियों के) यात्रा कार्यक्रम में हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं।

सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आर-पार के संघर्ष की घड़ी

पांचवां चरण : कल मतदाता तय करेंगे उप्र में किसका पलड़ा भारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए मतदान 20 मई को होगा। इस चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कई सीटों पर कड़ा मुकाबला होना तय है। हालांकि, बीते लोस चुनाव में 14 में से 13 सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा। लेकिन ऐसी छह सीटें हैं जहां भाजपा उम्मीदवार काफी कम अंतर से जीते थे। 2019 के चुनाव में जिन सीटों पर भाजपा एक लाख से कम वोटों से जीती थी, वहां सत्तासीन दल को कड़ी मेहनत करनी होगी।

अभी एक सीट रायबरेली कांग्रेस के पास है, जिसे पाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। दरअसल, 14 सीटों के तहत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। 14 लोकसभा क्षेत्रों में फतेहपुर को छोड़ सभी लोकसभा क्षेत्र में पांच-पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं जबकि फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। वर्ष 2019 व 2014 के लोकसभा चुनावों में वर्तमान के पांचवें चरण की छह सीटों कौशाम्बी, फैजाबाद, मोहनलालगंज, अमेठी, बांदा और कैसरगंज पर भाजपा को एक लाख से काफी कम वोटों से जीत हासिल हुई है। इन सीटों पर कांटे की टक्कर होनी तय है।

मतदान प्रतिशत कम होने का लाभ उठाया था विपक्ष ने

अगर 2009 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े पर नजर डालें तो, उस चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा था और इसका लाभ विपक्ष खासकर सपा-बसपा और कांग्रेस को मिला था। मोहनलालगंज से लेकर जालौन, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी व कैसरगंज सीट पर सपा को जीत मिली थी जबकि रायबरेली, अमेठी के अलावा बाराबंकी, फैजाबाद, गोंडा और झांसी सीट कांग्रेस को मिली थी। हमीरपुर सीट बसपा के पाले में गई थी। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 13 व कांग्रेस के खाते में मात्र एक सीट आई थी। वहीं लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को 12 और कांग्रेस को दो सीट मिली थीं।

थमा चुनाव प्रचार का शोर, 20 को डाले जाएंगे वोट

लखनऊ। प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों व लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए शनिवार की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। मतदान के लिए 19 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट शामिल हैं।

एक नजर

दिग्गज बैंकर एन वाघुल का 88 की उम्र में निधन

मुंबई। दिग्गज बैंकर एन वाघुल (88) का शनिवार दोपहर को निधन हो गया। वाघुल ने बैंकिंग उद्योग में कई शीर्ष पदों पर काम किया। उन्हें आईसीआईसीआई को एक सार्वजनिक वित्त संस्थान से एक निजी क्षेत्र के बैंक में बदलने का श्रेय दिया जाता है। वह 1985 से 11 वर्षों तक आईसीआईसीआई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रहे। उन्हें चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। उन्हें 2006 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वह 1981 में 44 साल की उम्र में बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बने।

चारधाम में रील्स बनाई तो होगी कानूनी कार्रवाई

देहरादून। चारधाम यात्रा के दौरान रील्स बनाने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई के लिए कमर कस ली है। चारधाम मंदिर परिसर से 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी पर रोक लगा दी गई है। डीजीपी अभिनव कुमार ने शनिवार को अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसका सख्ती से पालन किया जाए। साथ ही सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग करने को भी कहा है।

कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों में ग्रीष्मावकाश

लखनऊ। कक्षा एक से लेकर 12 तक सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश हो गया है। शिक्षण कार्य का शनिवार अंतिम दिन था। शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने बताया शैक्षिक कैलेंडर में लागू व्यवस्था के अनुसार प्रदेश भर के विद्यालयों में 18 मई के बाद ग्रीष्मावकाश रहेगा, जो 17 जून तक चलेगा।

चलती बस में लगी आग, 10 जिंदा जले

गुरुग्राम, एजेंसी

हरियाणा में गुरुग्राम जिले के नूंह क्षेत्र में गांव धुलावट के निकट कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में अचानक लगी आग से 10 लोगों को मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि बस पर बच्चों और महिलाओं समेत करीब 60 लोग सवार थे। आग से झुलसे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल विभाग के जवानों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। घटना में करीब 20 लोग झुलसे भी हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। बस मथुरा-वृंदावन से लौट रही थी और बस में अधिकतर यात्री पंजाब और चंडीगढ़ से थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है।

- हरियाणा के नूंह क्षेत्र में केएमपी एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा
- महिलाओं-बच्चों समेत सवार थे करीब 60 यात्री, 20 झुलसे

घायलों को दिया जाएगा बेहतर इलाज : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नूंह जिले में चलती बस में आग लगने से लोगों की मौत होने पर दुख जताया है और घायलों को बेहतर इलाज का आश्वासन दिया है। सैनी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घायलों का जिले के नल्हर में सरकारी मेडिकल कॉलेज में इलाज हो रहा है। सरकार घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया।

आगरा में आयकर का छापा 40 करोड़ की नकदी बरामद

आगरा/नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने शनिवार को आगरा में कुछ जूता निर्माण इकाइयों के खिलाफ छापेमारी के दौरान लगभग 40 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि नोटों की गिनती अभी चल ही रही है तथा आंकड़ा बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के आगरा में एक जूता कारोबारी और उसकी संबद्ध इकाइयों पर आज दोपहर छापा मारा गया और अबतक 40 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई है।

- जूता कारोबारी और संबद्ध ठिकानों पर छानबीन
- नकदी की चल रही गिनती, बढ़ सकता है नोटों का आंकड़ा

आयकर विभाग की छापेमारी में बरामद की गई नकदी। ● अमृत विचार

आरोप पत्र में देरी, आतंकवाद के 11 आरोपियों को मिली डिफॉल्ट बेल

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अल कायदा इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के 11 कथित आतंकियों की डिफॉल्ट जमानत मंजूर करते हुए रिहा करने का आदेश दिया है। अभियुक्तों पर जमात उल मुजहीदुद्दीन संगठन के साथ कनेक्शन का भी आरोप है। अभियुक्तों को अगस्त से सितम्बर 2022 के बीच गिरफ्तार किया गया था लेकिन एटीएस समय से आरोप पत्र नहीं दाखिल कर सकी। न्यायालय ने इसी आधार पर अभियुक्तों की डिफॉल्ट जमानत मंजूर कर ली।

- 2022 में गिरफ्तार किए गए थे आतंकी, एटीएस समय से नहीं दाखिल कर सकी आरोप पत्र

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने कहा कि एनआईए कोर्ट ने बिना अभियुक्तों को सुनवाई का अवसर दिए विवेचना की अवधि बढ़ाने संबंधी जांच एजेंसी के प्रार्थना पत्र को मंजूर कर लिया। जांच एजेंसी 90 दिन की अधिकतम समय सीमा समाप्त होने के बावजूद आरोप पत्र दाखिल करने में असफल रही। वहीं अपीलों का राज्य सरकार के अधिवक्ता द्वारा विरोध करते हुए कहा गया कि मामले में अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं लिहाजा इस स्टेज पर डिफॉल्ट जमानत नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने निर्णय में कहा कि विवेचना की समय अवधि बढ़ाने संबंधी 12 दिसंबर 2023 का एनआईए कोर्ट का आदेश आविधिक है क्योंकि जांच एजेंसी के प्रार्थना पत्र पर अभियुक्तों को सुनवाई का कोई अवसर प्रदान नहीं किया गया। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने अभियुक्तों को डिफॉल्ट जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

अनजाने में की गई जातिसूचक टिप्पणी पर मुकदमा अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनजाने में की गई जातिसूचक टिप्पणी पर एससी/एसटी एक्ट के तहत चल रही कार्यवाही को रद करते हुए अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि अनुसूचित जाति के व्यक्ति के विरुद्ध अनजाने में की गई जातिसूचक टिप्पणी पर एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(बी) का अपराध नहीं बनता। ऐसा अपराध तभी माना जाएगा, जब टिप्पणी करने वाला जानता हो कि जिसके खिलाफ वह जातिसूचक अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा है, वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने देहरादून निवासी अलका सेठी की याचिका पर पारित किया।

कोर्ट ने यह भी कहा कि एससी/एसटी कानून कमजोर को अत्याचार से संरक्षण देने के लिए बनाया गया है, लेकिन व्यक्तिगत हित या प्रतिशोध और खुद को बचाने के लिए लोग इसका गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

हाईकोर्ट ने कहा

- निजी हित और प्रतिशोध के लिए लोग कर रहे एससी/एसटी एक्ट का गलत इस्तेमाल

बंगाल राजभवन के तीन अफसरों पर प्राथमिकी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला को कथित तौर पर गलत तरीके से रोकने के लिए यहां राजभवन के तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजभवन की एक महिला संविदा कर्मचारी ने छेड़छाड़ मामले में मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया था, जिसके बाद हेयर स्ट्रीट पुलिस थाने में तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता महिला को दो मई को राजभवन से नहीं जाने देने के लिए अनुचित तरीके से रोकने पर तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। हम उस शाम उनकी भूमिका की जांच करेंगे। महिला ने दो मई को बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की।

सेक्सुअल हैरेसमेंट केस

- पीड़ित महिला को जबरन रोकने के आरोप में हुई कार्रवाई

इसरो प्रमुख ने कहा, मंदिरों में बनाएं लाइब्रेरी

तिरुवनंतपुरम। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मंदिरों में पुस्तकालय स्थापित करने की हिमायत करते हुए शनिवार को कहा कि इस तरह की पहल युवाओं को उपासना स्थलों पर लाने में मदद करेगी। केरल की राजधानी स्थित श्री उदियानूर देवी मंदिर द्वारा शुरूआत किए गए एक पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सोमनाथ ने कहा कि मंदिर केवल ऐसे स्थान नहीं होने चाहिए जहां बुजुर्ग भगवान का नाम जपने के लिए आएं, बल्कि इसे समाज में परिवर्तन लाने का स्थान भी बनना चाहिए। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से युवाओं को मंदिरों के प्रति आकृष्ट करने का आग्रह किया।

दुर्लभ संयोग | लोकसभा चुनावों के नतीजों के साथ सियासी दलों व नेताओं का भविष्य भी होगा तय

ग्रहों की बदली दिशा से महत्वपूर्ण होगी चार जून की सुबह

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : ज्योतिष विज्ञान के अनुसार जून का प्रथम सप्ताह ग्रहों की दिशा के लिहाज से लोकसभा चुनावों के नतीजे के साथ राजनीतिक पार्टियों और नेताओं का भविष्य तय करने में बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। जिसका पता चार जून दोपहर तक चल जाएगा। मगर खगोलविदों का नजरिया क्या कहता है, यह अलग विषय है।

इस बार जून का आगमन ग्रहों के दुर्लभ संयोग के साथ बदलने जा रहा है। इस खगोलीय घटना में एक साथ 6 ग्रहों की श्रृंखला आसमान में लामबंद होने जा रहे हैं। दशा प्रभाव के लिहाज से ज्योतिषविद इनके प्रभाव को बेहतर समझा सकते हैं, लेकिन खगोलविदों के लिए ग्रहों की अद्भुत दिशा एक दुर्लभ संयोग होगी। हमारे सौर मंडल में केवल 8 प्रमुख ग्रह हैं। एक पर हम खुद विराजमान हैं, जबकि शुक्र ग्रह इन दिनों सूर्य की चमक में छिपा हुआ है। इनके अलावा अन्य 6 ग्रह हैं, जिनमें शनि, नेपच्यून, मंगल, यूरेनस, बुध और बृहस्पति शामिल हैं।

ये सभी ग्रह जून की शुरुआत से ही सूर्योदय से पहले नजर आएंगे, जो पूर्वी आकाश की शोभा बढ़ाएंगे। इनमें यूरेनस व नेप्च्यून को देखने के लिए दूरबीन की मदद लेनी होगी जबकि अन्य को नग्न आंखों से आसानी से देख सकेंगे। मंगल और शनि को पहचानना सबसे आसान होगा। सूर्योदय से लगभग 20 मिनट पहले इन्हें देखने का उपयुक्त समय होगा। इन्हें देखने के लिए सर्वोत्तम दिन 3 और 4 जून होंगे। ये सभी एक लंबे सर्किल में नीचे से ऊपर की तरफ विराजमान होंगे। जिस कारण इनकी आसानी से पहचान की जा सकेगी।



4 जून को कुछ ऐसी होगी ग्रहों की स्थिति

नैनीताल। 4 जून सुबह के आकाश में बुध और बृहस्पति एक साथ सबसे करीब दिखाई देंगे। दोनों ग्रह एक डिग्री से भी कम दूर होंगे। इनके ठीक ऊपर यूरेनस होगा। इनके ऊपर चन्द्रमा विराजमान होगा। इनके ऊपर लाल रंग में मंगल होगा। इसके बाद ऊपर की तरफ थोड़ी दूरी पर नेप्च्यून होगा और सबसे ऊपर शनि ग्रह होगा। सूर्य उदय के साथ ही सभी ग्रह अदृश्य हो जाएंगे।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत विकास भवन परिसर स्थित कार्यालय में दोपहर 12:30 बजे।

☞ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक तिलक कालोनी स्थित कार्यालय में दोपहर 1:30 बजे।

एक नजर

चम्पा कुंवरि धर्मशाला में व्यापारियों की बैठक आज

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि चम्पा कुंवरि धर्मशाला में व्यापारियों की बैठक रविवार को अपराह्न 3:30 बजे से होगी। इसमें नगर पालिका द्वारा दुकानों के किराए में अधिक बढ़ोत्तरी, कर वसूली करने की बात रखी जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि किराए के अधिक बढ़ने से दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एसडीओ तृतीय ने लिया चार्ज

रामपुर, अमृत विचार : बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी तृतीय विनय कुमार का तबादला दलपतपुर उपकेंद्र के लिए हो गया है। शनिवार को उनके स्थान पर दलपतपुर उपकेंद्र में आए एसडीओ संजीव कुमार रवि ने चार्ज लिया है।

स्काउटिंग से जुड़ने के लिए किया प्रोत्साहित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य अतिथि भारत स्काउट-गाइड के जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने कहा कि जैसे छोटी सी चिड़िया अपनी चोंच में पानी लाकर जंगल की आग बुझाने की कोशिश करती है, ठीक उसी प्रकार हमें कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहानी के माध्यम से स्काउटिंग की आवश्यकता का महत्त्व बताया और लोगों को स्काउटिंग से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय माटखेड़ा में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड का शनिवार को समापन हो गया। स्काउट मास्टर सचिन पाल ने स्काउट-गाइड को बताया कि वह कैसे राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं। एआरपी स्वार मनोज कुमार ने स्काउट-गाइड को शिक्षा का महत्व बताया। प्रतिदिन किताब पढ़ने को कहा।

स्काउट गाइड शिविर में मौजूद छात्राएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

● माटखेड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में तीन दिवसीय शिविर का किया गया समापन

ग्राम प्रधान डॉ. मलकीत सिंह ने कहा कि वह हमेशा स्काउट-गाइड के लिए सेवक के रूप सेवा देते रहेंगे। छात्रों की सहायता करने के लिए तन, मन और धन से तैयार हैं। स्काउट मास्टर फखरूद्दीन ने कहा कि स्काउट-गाइड अपने विचारों व आचरण से देश की उन्नती में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अंतिम दिवस शिविर का संचालन जिला गाइड कैप्टन निदा खुशनुद ने किया।

सरवाइकल और पीठ दर्द का मरीज बना रहे कंप्यूटर, मोबाइल और लैपटॉप

याददाश्त पर असर डाल रही मोबाइल की लत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : न्यूरोलॉजिस्ट डा. जुबैर अहमद ने कहा कि मोबाइल देखने की लत लोगों की याददाश्त कमजोर कर रही है। इसके अलावा कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल लोगों को सरवाइकल और पीठ दर्द का मरीज बना रहे हैं। दिमाग का कीड़ा लोगों में न्यूरोसिस्ट सरकोसिस का मरीज बना रहा है। इस बीमारी से पीड़ित के शरीर में कंपन्न होने और दौरे पड़ने की शिकायत होती है। इसके लिए मांस को खूब गलाकर खाएं। अच्छी तरह से धोने के बाद ही सब्जियों का सेवन करें।

तोपखाना स्थित सहारा अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डा. जुबैर अहमद ने लोगों को मस्तिष्क में होने वाली बीमारियों के प्रति सचेत किया। कहा कि शरीर पर मस्तिष्क का नियंत्रण रहता है। यदि मस्तिष्क में किसी प्रकार का विकार उत्पन्न होता है तो शरीर में तरह-तरह की बीमारियां होने लगती हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल से बच्चे और बड़े दूर रहें। इससे माइग्रेन और याददाश्त कमजोर हो रही है। बताया कि 60 से 70 वर्ष की आयु में याददाश्त कमजोर होना आम बात है। लेकिन, अब बच्चों की याददाश्त कमजोर हो रही है। कहा कि मोबाइल अधिक देखने से बच्चे चिड़चिड़े हो रहे हैं। ऐसा व्यवहार करने पर बच्चों को किसी अच्छे चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

मरीज को देखकर दवाई लिखते डॉ. जुबैर अहमद। ● अमृत विचार

अमृत विचार के एक सवाल के जवाब में डा. जुबैर ने कहा कि दिमाग में एप्लेप्सी नाम का कीड़ा हो जाता है। इससे दौरे पड़ने लगते हैं और शरीर में कंपन्न की शिकायत होती है।

सरवाइकल से बचने को बैठने के अनुपात में रखें कंप्यूटर

सरवाइकल और पीठ दर्द की बीमारी से बचने के लिए कंप्यूटर और बैठने की जगह में लेविल बराबर होना चाहिए। कंप्यूटर या लैपटॉप अधिक ऊंचाई या नीची जगह पर नहीं रखा होना चाहिए। इसके अलावा एक घंटा कंप्यूटर पर काम करने के बाद पांच से दस मिनट कुर्सी छोड़कर टहलें। आंखों पर ठंडे पानी के छींटे मारे। इससे सरवाइकल और पीठ का दर्द होने का खतरा कम हो जाएगा और आंखों को भी राहत मिलेगी। डा. जुबैर अहमद खां ने बताया कि वह प्रत्येक शनिवार को रामपुर आकर शिविर में रोगियों का मुफ्त इलाज करते हैं। बाकी वह मुरादाबाद के एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशयालिटी अस्पताल में मरीजों को देखते हैं।

सिर दर्द खत्म करने के लिए तनाव से बचें

डा. जुबैर अहमद ने बताया कि लोग पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर बेवजह का तनाव पाल लेते हैं। इससे उनके सिर में निरंतर दर्द रहने लगता है। जो होगा देखा जाएगा के सिद्धांत पर आगे बढ़ते रहें। इससे तनाव बहुत कम हो जाएगा और सिर दर्द भी खत्म हो जाएगा। तनाव दूर करने के लिए हर सुबह कम से कम आधा घंटा टहलने जरूर जाएं।

लघु चित्र व दुर्लभ पांडुलिपियां देख सकेंगे

30 मई तक रजा लाइब्रेरी के दरबारे हाल में लगाई जाएगी प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रजा लाइब्रेरी एण्ड म्यूजियम के दरबार हॉल में अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर लाइब्रेरी में संग्रहित अमूल्य कला-कृतियों, लघुचित्रों एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन वरिष्ठ तकनीकी रेस्टोरर अरुण कुमार सक्सेना ने किया। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस इस विषय में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। कहा कि संग्रहालय सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आपसी समझ के विकास और व्यक्तियों के बीच शांति और सहयोग का महत्वपूर्ण साधन है।

फीता काटकर प्रदर्शनी का उदघाटन करते वरिष्ठ तकनीकी रेस्टोरर अरुण कुमार।

रजा लाइब्रेरी के दरबारे हाल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संग्रहालयों को मानवता की विरासत माना जाता है। इनमें इतिहास, विज्ञान और संस्कृति के बारे में भरपूर जानकारी होती है। संग्रहालय वह महत्वपूर्ण स्थान है जहां कला और इतिहास से लेकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी तक शिक्षा और अनुसंधान दुनिया के बारे में हमारी समझ को आकार देने के लिए मिलते हैं। कहा कि रामपुर रजा लाइब्रेरी भी हर वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर इतिहास व संस्कृति को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए योगदान देने में प्रयासरत है। ताकि जनता को भी अपनी संस्कृति, इतिहास व सभ्यता के विषय में जानकारी प्राप्त हो सके।

प्रदर्शनी में नवाबी दौर की विभिन्न कला-कृतियां जैसे- खगोलीय उपकरण, सिक्के, तलवार, खंजर, मेडल, मशाले, लैम्प, झूमर, ग्लोब, एस्ट्रोलेब तथा लाइब्रेरी के संग्रह में संग्रहित दुर्लभ पाण्डुलिपियां एवं मुद्रित पुस्तकें, लघुचित्र इत्यादि को प्रदर्शित किया गया। रजा लाइब्रेरी में प्रदर्शनी 18 से 30 मई तक चलेगी।

कागजों में चल रही फॉगिंग, लोग परेशान

रामपुर, अमृत विचार : शहर की गली-मोहल्ले में नगर पालिका परिषद द्वारा कागजों में फॉगिंग की जा रही है। असल में फॉगिंग नहीं होने से मच्छरों ने लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है। नालियां कूड़े-कचरे से भरी हैं।

शहर के मोहल्ला पान दरीबा में कई दिन से कूड़ा उठान नहीं हुआ है। इससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी है। दुकानदारों का कहना है कि क्षेत्र में साफ-सफाई और फॉगिंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज की ओर जाने वाली सड़क पर कई दिन से कूड़े के ढेर लगे हैं। इस ओर पालिका अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा शहर के मोहल्ला लाल कबर, लाल मस्जिद, नालापार, जेल रोड पर भी लोग मच्छरों की भिनभिनाहट से परेशान हैं।

चित्र पर पुष्प अर्पित कर बीएन सिंह को श्रद्धांजलि देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पुण्यतिथि पर बीएन सिंह को किया याद, दी गई श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के संस्थापक बीएन सिंह की पुण्यतिथि पर जिला मलेरिया कार्यालय में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संयुक्त परिषद के संस्थापक द्वारा किए गए संघर्ष को याद किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भीम अनार्य, जिला महामंत्री सोमेंद्र बहादुर, रघुवीर शरण दिवाकर, दिलशाद पाशा, आसिम खान, इतरत अली, हरेन्द्र राय, अरुण कुमार, राम अवतार, अनुज कुमार, मुकेश कुमार, हरिओम, दुनेश बाबू, राजेंद्र कुमार, बब्बू शाह एवं मुरारी लाल सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।



एक नजर

गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

टांडा, अमृत विचार : पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत शनिवार को गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित मोहम्मद अनीस उर्फ अन्ना पुत्र जमील अहमद निवासी मोहल्ला टंडोला को मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। कानूनी कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल विकास कुमार और सौरभ कुमार शामिल रहे।

शांतिभंग में दो आरोपियों का चालान

सैफनी, अमृत विचार : खेत की मेढ़ पर लगे पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष की की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी अफसर अली ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके खेत की मेढ़ पर पेड़ों का बाड़ा लगा है। इसे गांव के ही दो भाई इसराइल और भूरा अपना बताकर काटने की फिराक में थे। उसने विरोध किया तो दोनों भाई गाली-गलौज कर झगड़ा करने लगे। पुलिस ने इसराइल व भूरा का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से टेलर की मौत

दो माह पहले ही हुई थी शादी, ससुराल जाते समय हुआ हादसा, नई नवेली दुल्हन का रो-रोकर हाल-बेहाल

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : ससुराल जा रहे युवक की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान टेलर ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उसकी दो महीने पूर्व ही शादी हुई थी।

शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव टांडा निवासी 25 वर्षीय रोहित उर्फ रोनी टेलर था। शुक्रवार की रात वह मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव रेवड़ी कलां स्थित ससुराल जा रहा था। रात करीब आठ बजे शाहबाद-सिरौली मार्ग पर रम्पुरा गांव के निकट सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने आनन-फानन में घायल को एंबुलेस की मदद से सीएचसी भिजवाया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को दोपहर बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

शाहबाद में रोहित की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

छह बहन-भाइयों में चौथे नबंर का था रोहित

मृतक रोहित की बहनें राखी, रूबी, ममता और बबली के अलावा एक भाई जयवीर है। राखी, रूबी और जयवीर की शादी के बाद दो माह पूर्व रोहित की भी शादी हो गई थी। बबली और ममता की शादी नहीं हुई है। परिजनों ने रोहित को हेलमेट लगवाकर ससुराल भेजा था। लेकिन, सिर पर लगा हेलमेट भी रोहित की जान नहीं बचा सका और सड़क हादसे में उसकी जान चली गई। रोहित की मौत पर सभी स्तब्ध हैं। क्योंकि दो माह पूर्व हुई शादी की यादें अभी लोग नहीं भूले हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत

मसवासी, अमृत विचार : मुरादाबाद चौराहे पर चिकन बिरयानी लेने आए युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। मिलक खौद निवासी 25 वर्षीय सोनू मजदूरी करता था। वह 15 मई की शाम बिरयानी लेने के लिए मुरादाबाद चौराहे पर आया था। घर लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह रात भर सड़क किनारे खंती में मरणासन्न हालत में पड़ा रहा। 16 मई की सुबह कुछ लोगों ने उसे खंती में पड़ा देखा। उन्होंने उसे बाजपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। शनिवार की दोपहर मुरादाबाद के अस्पताल में उपचार के दौरान सोनू ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है। चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार की ओर से तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हाथों की मेहंदी छूटने से पहले ही उजड़ गया पूजा का सुहाग

हादसे का शिकार हुए टांडा गांव निवासी रोहित की शादी दो माह पहले ही पूजा के साथ हुई थी। दंपती हंसी-खुशी जिन्दगी बिता रहे थे। गुरुवार को पूजा को उसके मायके वाले बुलाकर रेवड़ी कलां ले गए थे। शुक्रवार को रोहित उसे बुलाने के लिए ससुराल जा रहा था। ससुराल में पूजा उसके आने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। लेकिन देर रात तक उसका पति तो नहीं पहुंचा, मगर उसकी मौत की सूचना मिली। पति की मौत की खबर सुनते पूजा सुधबुध खो बैठी। उसके परिजनों के भी होश उड़ गए। अभी पूजा के हाथों की मेहंदी पूरी तरह छूट भी नहीं सकी थी कि विधाता ने उसका सुहाग उजाड़ दिया। वह रोते-रोते बार-बार बेहोश हो रही थी। परिजन उसे संभालने का प्रयास कर रहे थे। हालांकि इस दौरान परिजन खुद भी अपने आंसू नहीं रोक पा रहे थे।

सीओ पर लगाया सुविधा शुल्क लेकर भारी वाहनों को पास कराने का आरोप

संवाददाता, स्वार

- विधायक शफीक अंसारी ने प्रमुख गृह सचिव और मंडलायुक्त को पत्र भेजकर की सीओ की जांच कराने की मांग

अमृत विचार : स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी पर सुविधा शुल्क लेकर दिन में नो एंट्री के बावजूद खनन व भारी वाहनों को पास कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रमुख गृह सचिव व मंडलायुक्त समेत उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

स्वार, रामपुर, टांडा, बाजपुर, बिलासपुर, काशीपुर मार्गों पर ओवरलोड वाहन बेरोकटोक दौड़ रहे हैं। भारी वाहनों से आए दिन हादसे होते रहते हैं। इससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। इस समस्या को देखते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को पत्र भेजकर दिन में भारी वाहनों की नो एंट्री लगाने की मांग की थी। इस पर जिलाधिकारी ने भारी वाहनों के प्रवेश पर सुबह सात से रात आठ बजे तक पाबंदी लगा दी थी। उन्होंने पुलिस-प्रशासन को सख्ती से नो एंट्री का पालन कराने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद भारी वाहन नो एंट्री क्षेत्र में बेरोकटोक दौड़ रहे हैं।

> स्वार विधायक द्वारा मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। किसी भी एजेंसी से जांच कराई जा सकती है। उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन किया जाएगा।
>
> -संगम कुमार, सीओ, स्वार

शनिवार को विधायक ने प्रमुख गृह सचिव, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर आरोप लगाया कि क्षेत्राधिकारी के विरुद्ध जनता की तमाम शिकायतें मिल रही हैं।

लोगों का कहना है कि रामपुर, बाजपुर, टांडा, बाजपुर मार्ग पर नो एंट्री के बाद भी सुविधा शुल्क लेकर खनन तथा भारी वाहनों को पास कराया जा रहा है। इसके अलावा भी क्षेत्राधिकारी के विरुद्ध शिकायतें मिल रही हैं। विधायक ने पुलिस क्षेत्राधिकारी की जांच करा कर कार्रवाई कराने की मांग की है।

कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : दबंगों ने पति को तमंचे व चाकू से प्रहार कर पत्नी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी सोने की चेन लूटकर ले गए। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर मिलकखानम पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिलकखानम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के परिजन शादी में गए थे। घर पर पति-पत्नी अकेले थे। रंजिश के चलते 15 मार्च को घर में दंपती को अकेला देखकर गांव के ही तीन दबंग तमंचा व चाकू लेकर घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर बचाने आई पत्नी से मारपीट और छेड़छाड़ की। इसके बाद आरोपी उसके गले में पड़ी सोने की चेन लूट कर ले गए। आसपास के लोगों के आने पर दबंग तमंचे से हवाई फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मिलकखानम पुलिस से शिकायत करने पर दबंगों ने पुनः दंपती से गाली-गलौज की। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। तब पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी मुरारीलाल, धारा सिंह व रमेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- मिलकखानम थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 मार्च को हुई थी घटना
- मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने पर भी नहीं हुई थी कार्रवाई

मारपीट के अलग-अलग मामलों में 12 पर रिपोर्ट दर्ज

शाहबाद, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट के मामलों में पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। चौकी क्षेत्र के गांव ढकिया निवासी सेवेंद्र प्रताप सिंह ने गांव के ही विशम्बर सिंह, गेंदन सिंह, सानू एवं सुरेन्द्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक वह अपने बेटे के साथ गांव में ही अजय पाल सिंह की बेटी की शादी में शामिल होने गया था। वहां वह डीजे पर खड़ा था। इस दौरान चारों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध पर मारपीट की। उधर कोतवाली क्षेत्र के गांव अनवा निवासी गंगासरन ने गांव के ही रामरतन, रामौतार, सुमरन एवं सोनपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि इन चारों ने पीड़ित के खेत में बकरी और भैंस छोड़ दी। मना करने पर पीड़ित की मां सोमवती व पिता प्रेमपाल के साथ मारपीट की। दूसरी ओर बमनपुरी निवासी ब्रह्मानन्द ने गांव के ही शकील, इदरीस, शरीफ एवं अली हुसैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि इन चारों ने पीड़ित के भाई मदन लाल व ज्ञान चन्द्र को ग्राहक बुलाने को लेकर पीट दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यतीमखाने के एक मामले में कोर्ट में हुई सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : यतीमखाने से जुड़े एक मामले में शनिवार को विवेचक से जिरह की गई। जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में सुनवाई के लिए 22 मई की तरीख नियत की गई है।

शहर कोतवाली में वर्ष 2019 में यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर मारपीट, लूटपाट, डकैती समेत कई धाराओं में 12 मुकदमे दर्ज कराए गए थे। इसमें सपा नेता आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन सहित कई सपाइयों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। शनिवार को विवेचक राजकुमार शर्मा कोर्ट में पेश हुए और जिरह की। मगर जिरह पूरी नहीं हो सकी। अब 22 मई की तारीख नियत की गई है।

रंजिश के चलते दो गुटों में पथराव, अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रंजिश के चलते दो पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद उनके बीच जमकर पथराव हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस से आरोपियों ने धक्का-मुक्की की। पुलिस की ओर से पांच नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दोनों पक्षों के पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुंडा निवासी शादाब और यासीन के बीच काफी समय से रंजिश चली आ रही है। इसे लेकर दोनों पक्ष कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। आसपास के लोग बीच में पड़कर मामले को शांत करा देते थे। शुक्रवार की रात दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। गाली-गलौज के बाद पथराव हो गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बीच-बचाव कराने का प्रयास किया तो आरोपियों ने धक्का-मुक्की करते हुए पुलिस पर भी पथराव कर दिया। इसके बाद थाना प्रभारी ने अतिरिक्त फोर्स बुलाकर मामले को शांत कराया। इस मामले में पुलिस की ओर से दोनों पक्षों के पांच लोगों को नामजद और 10-12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस एक पक्ष के तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

शहर कोतवाली में खड़े आरोपी। ● अमृत विचार

- सूचना पर पहुंची पुलिस से आरोपियों ने की धक्का-मुक्की
- पुलिस ने तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुलिस ने इन लोगों को किया गिरफ्तार

मोहल्ला कुंडे में हुए पथराव और पुलिस के साथ धक्का-मुक्की में पुलिस ने यासीन, उसके भाई नईम और नदीम तथा पुत्र फैजान और दूसरे पक्ष के मतलूब निवासी मोहल्ला कुंडा गली मियां जान गुप्पी को गिरफ्तार कर किया है। कोर्ट से सभी को जेल भेज दिया गया है।

पथराव से मौके पर रहा भारी तनाव

मोहल्ला कुंडे में देर रात हुए पथराव से लोग घबरा गए। रास्ते से गुजर रहे कई राहगीर भी पथराव में घायल होने से बाल-बाल बच गए। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मोहल्लेवासी घरों में घुस गए और दरवाजे बंद कर लिए।

पति की मौत के बाद पत्नी और मायके वाले जेवर लेकर फरार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/केमरी

- मृतक की मां ने पुत्रवधु सहित पांच के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : बेटे की मौत के बाद पुत्रवधु घर में रखे जेवर और बेटे का सारा वेतन मायके वालों के साथ चुराकर ले गई। विरोध करने पर उसके मायके वालों ने मृतक के परिजनों से गाली-गलौज की। कोर्ट के आदेश पर केमरी पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव कोतलखेड़ा निवासी बलविन्दर कौर का कहना है कि उसके दो बेटे संदीप सिंह और गुरमीत सिंह थे। संदीप सिंह 2017 में फौज में भर्ती हो गया था। फरवरी 2021 में संदीप की शादी रुपिन्द्र कौर निवासी गौरिया थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी से हुई थी। शादी के एक माह बाद संदीप पत्नी को हैदराबाद ले गया था। वहीं संदीप को बेटा भी हुआ। दंपती में किसी न किसी बात को लेकर कहासुनी होती रहती थी। इसी झगड़े के कारण 11 अगस्त 2023 को संदीप की मौत हो गई थी।

आरोप है कि मृतक की पत्नी रुपिन्द्र कौर 20 अगस्त 2023 को घर आकर उसका सारा वेतन और जेवर चोरी करके ले गई। मृतक के परिजनों के विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज और धक्का मुक्की की। तभी से बलविन्दर कौर को शक हो गया कि उनके बेटे की मौत में रुपिन्द्र कौर का हाथ है। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रुपिन्दर कौर, सुरेंद्र सिंह, शरनजीत कौर, हरमनदीप सिंह और गुरप्रीत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एडी हेल्थ को निरीक्षण में मिलीं कमियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डा. रितु कात्यल ने जिला अस्पताल में ब्लड बैंक, पैथॉलॉजी लैब में साफ-सफाई नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सीएमएस से कहा कि अस्पताल परिसर में अच्छी तरह सफाई करायी जाए। शनिवार की दोपहर वह दो घंटे अस्पताल में रुकीं।

एडी हेल्थ डा. रितु कात्यल ने महिला चिकित्सालय में इमरजेंसी, लेबर व ड्यूटी रूम की व्यवस्थाएं देखी। इसके बाद वह ब्लड बैंक, पैथालॉजी लैब पहुंची। यहां साफ-सफाई सही नहीं मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसके बाद ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के संचालन के बारे में सीएमएस से जानकारी ली। सीएमएस ने बताया कि यूनिट तैयार है। सिर्फ लाइसेंस की जरुरत है। इसके लिए शासन को लिखा गया है। लाइसेंस की स्वीकृति मिलते ही इसका संचालन हो जाएगा। इसके बाद उन्होंने फार्मासिस्ट हरीश धोनी से स्टोर में मौजूद दवाओं के बारे जानकारी ली। उनके औचक निरीक्षण से स्टॉफ में खलबली मची रही। इस दौरान सीएमओ डा. एसपी सिंह, सीएमएस डा. एचके मित्रा, डा. लक्ष्मण मेहता, अस्पताल मैनेजर अनुभव भारद्वाज, याकूब अली मौजूद रहे।

पैथोलॉजी लैब में स्टॉफ से बातचीत करतीं एडी हेल्थ। ● अमृत विचार

- महिला और पुरुष चिकित्सालय का किया निरीक्षण
- साफ-सफाई नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

रास्ते के विवाद में मारपीट में पिता-पुत्र घायल

सैदनगर, अमृत विचार : इमरता गांव में रास्ते को लेकर पड़ोसियों के बीच मारपीट हो गई। इसमें पिता-पुत्र समेत दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के इमरता के मझरा गांव का है। गांव निवासी नाजिम और मोहम्मद आजम के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। दीवार के निर्माण के दौरान दोनों गुटों में फिर से विवाद हो गया। मामले ने तूल पकड़ा तो मारपीट होने लगी। काफी देर तक चली मारपीट में महिलाओं ने भी एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इसमें पिता-पुत्र घायल हो गए।

पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी मोहम्मद आजम, अमीर अहमद, कासम और जलीस के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में मिला सेना के जवान का शव

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में सेना के जवान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। उसके परिवार व आर्मी यूनिट के हेडक्वार्टर को मामले से अवगत करा दिया है।

शनिवार दोपहर 12 बजे रूद्र-बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार को स्टेशन मास्टर पूर्वोत्तर रेलवे रूद्रपुर सिटी ने रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में शव पड़ा होने की सूचना दी। इस पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। गेट संख्या 40/6 व 40/7 रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में पड़े शव की तलाशी लेने पर मिले आधार कार्ड व गले में मिले आर्मी के बिल्ले से उसकी पहचान चंद्रशेखर रेड्डी पुत्र सुब्रमण्यम निवासी कानिकापुरम, गुंटिपल्ले, चिटूर, गुडयानमपल्ले आंध्र प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवा दिया। साथ ही उसके परिवार और आर्मी हेडक्वार्टर को भी मामले से अवगत करा दिया है।

चौकी प्रभारी ने बताया जवान की पोस्टिंग धारचूला में थी। परिवार व यूनिट से बात करने के बाद वह रानीखेत एक्सप्रेस से काठगोदाम जा रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

जवान की जेब से मिला आधार कार्ड।

अनदेखी मानकों को ताक पर रखकर राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के सामने बनाया गया डिवाइडर

वाह रे निजाम ! नौ मीटर चौड़ी सड़क पर ही बना दिया डिवाइडर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : वाह रे निजाम ! नौ मीटर चौड़ी सड़क पर ही डिवाइडर बनवा दिया गया। इस दंश शहरवासी आज तक झेल रहे हैं। सड़क की चौड़ाई कम होने के बाद नियमों का ताक पर रख कर डिवाइडर बनाया गया है। इससे राजकीय हामिद इंटर कॉलेज से बाजार अब्दुल्लाह गंज तक लोग सुबह, दोपहर और शाम को जाम में फंसते हैं। दोपहर को स्कूलों की छुट्टी होने के बाद बच्चों के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। इस दौरान चिलचिलाती धूम में बच्चे भूख-प्यास से हलकान होते रहते हैं।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार हाईवे पर 40 से 45 मीटर की फोरलेन की सड़क पर डिवाइडर बनाया जाता है। शहरी क्षेत्र में डिवाइडर लगने के लिए सड़क की चौड़ाई कम से कम 14 मीटर होनी चाहिए। मगर शहर की घनी आबादी में डिवाइडर नौ मीटर सड़क के बीच बनवा दिया गया है। शनिवार को सड़क की चौड़ाई नापी गई। एक तरफ की चौड़ाई पांच मीटर और दूसरी ओर सड़क की चौड़ाई चार मीटर है। इस हिसाब से सड़क की कुल चौड़ाई नौ मीटर है।

राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के सामने दुकान चलाने वाले अब्दुल कादिर ने बताया कि सपा सरकार में लाखों रुपये की लागत से यह डिवाइडर बनवाया गया था। उस समय भी इसका काफी विरोध किया गया था। मगर किसी के कान पर जूं नहीं रेंगी। डिवाइडर बनने से यहां आए दिन जाम लगता है। डिवाइडर बनने से ग्राहक नहीं आते हैं। आचार संहिता हटने के बाद डिवाइडर हटवाया जाए।

हामिद इंटर कॉलेज के समने बना डिवाइडर। ● अमृत विचार

> शहरी क्षेत्र में डिवाइडर बनवाने के लिए सड़क की चौड़ाई कम से कम 14 मीटर होनी चाहिए। नौ मीटर की सड़क पर डिवाइडर नहीं बनाया जाता है।
>
> -केवी सिंह, एक्सईएन लोनिवि, प्रांतीय खंड

> यहां डिवाइडर की जरुरत नहीं है। इसके बाद भी इसे बनवा दिया गया। आचार संहिता हटने के बाद इसे हटवाने की मांग की जाएगी।
>
> - अब्दुल कादिर

> बाजार अब्दुल्लाह गंज से हामिद इंटर कॉलेज की सड़क काफी तंग हो गई है। डिवाइडर की वजह से स्कूलों की छुट्टी के समय जाम लग जाता है।
>
> - फैजान नूर

> बजार अब्दुल्लाह गंज से हामिद इंटर कॉलेज तक बने डिवाइडर को हटाया जाना चाहिए। इसके बाद आए दिन लगने वाले जाम से निजात मिल सकेगी।
>
> - सरफराज अली

> सड़क की चौड़ाई मात्र नौ मीटर है। इससे साफ है कि डिवाइडर नियमों को ताक पर रखकर बनाया गया है। इसे हटाया जाए।
>
> - नूर मोहम्मद

फर्जी शिक्षिका को कर दिया गया एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- फर्जी शिक्षिका को हुए भुगतान की डिटेल न देने पर लेखा अधिकारी तलब
- प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री की शिकायत पर चिन्हित हुई शिक्षिका

अमृत विचार : फर्जी शिक्षिका को लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान होने पर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के तेवर सख्त हैं। जिलाधिकारी ने शनिवार को फर्जी शिक्षिका को हुए वेतन भुगतान की डिटेल न देने पर लेखा अधिकारी को तलब किया है।

शहर के मोहल्ला ऊंची चौपाल स्थित जवाहरलाल जूनियर हाई स्कूल में पिछले दिनों उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता की शिकायत पर ज्ञानेश्वरी नामक महिला फर्जी शिक्षिका के रूप में चिन्हित हुई है। शिक्षिका द्वारा किए गए फर्जीवाड़े का खुलासा मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल की अध्यक्षता में गठित अपर जिला अधिकारी प्रशासन और डिप्टी कलेक्टर की कमेटी ने किया था। इसके बाद फर्जी शिक्षिका के विरुद्ध थाना सिविल लाइंस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

फर्जी शिक्षिका की नियुक्ति और वेतन भुगतान में वित्त एवं लेखा अधिकारी और उनके कार्यालय सहायक भी संलिप्त हैं। लेखाधिकारी ने अभी भी फर्जी शिक्षिका का नाम पोर्टल से डिलीट नहीं किया है। इतना ही नहीं उसे एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान भी किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने काफी समय से वेतन भुगतान संबंधी अभिलेख विद्यालय से प्राप्त इनपुट, वेतन बिल, टोकन द्वारा जनरेट स्टेटमेंट तथा ट्रेजरी को भेजे गए बिल मांगे थे। लेकिन लेखा अधिकारी ने अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि वित्त एवं लेखा अधिकारी अभिलेख नहीं दे रहे हैं। इससे जांच में बाधा आ रही है। बीएसए के पत्र का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने वित्त एवं लेखा अधिकारी अशोक कुमार को तलब करते हुए पूछा है कि यह डिटेल क्यों और किन कारणों से नहीं दी जा रही है। दो दिन में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

एक नजर

पुलिस ने अपहृत युवती को किया बरामद

बिलासपुर, अमृत विचार : केमरी पुलिस ने अपहरण करके ले जाई गई युवती को कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया। हालांकि अपहरणकर्ता अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर युवती को सिमरा मोड़ से बरामद किया गया है। मेडिकल के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। करीब 19 वर्षीय युवती केमरी के ही एक गांव की रहने वाली है। शुक्रवार को एक युवक उसका अपहरण कर ले गया था। उसके चाचा ने केमरी थाने में मुरादाबाद जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव नंगली रसूलपुर निवासी सोनू पुत्र इंदल के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

वायरल ऑडियो की पुलिस कर रही जांच

रामपुर, अमृत विचार : मिलक इच्छाराम गांव निवासी सुदेश यादव ने शहजादनगर प्रभारी को एक पत्र दिया है। इसमें कहा गया है कि पांच-छह माह पुरानी आडियो रिकार्डिंग लालूनगला निवासी एक ग्रामीण के खिलाफ कार्रवाई के लिए दी गई थी। इसमें गो-माता के लिए गलत शब्दों का प्रयोग किया गया था। पता चला है कि कुछ लोगों ने आडियो को एडिट करके ग्रामीण को फंसाना चाहा है। शहजादनगर प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है।

22 मई तक 45 डिग्री पर पहुंचेगा तापमान, चलेगी लू

रात्रि तापमान 30 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान, नीम और पीपल की छांव में दोपहरी काट रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अब लू चलेगी, इसलिए एहतियात बरतें। 22 मई तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान है। शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंच गया। इससे लोग व्याकुल रहे। तपिश बढ़ने से लोगों ने गांव की चौपाल पर नीम और पीपल की छांव में दोपहरी बिताई। बच्चों और युवाओं ने तालाबों और तरणताल में नहाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया।

शनिवार को सुबह से ही सूर्य देव आसमान से तपिश बरसाते रहे। दोपहर में लोगों ने गर्मी से राहत पाने के लिए नीम और पीपल की छांव में बैठकर इधर-उधर की बातें कीं। युवाओं ने नहरों, तालाबों, ट्यूबवैल और तरणताल में नहाकर गर्मी से मुकाबला किया। शहरी क्षेत्र में बेल का शर्बत, गन्ने का जूस और लस्सी पीकर लोगों ने गला तर किया। शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया। लोग भीषण गर्मी से बेचैन रहे। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही की मानें तो मौसम का मिजाज 22 मई तक और तल्ख होगा। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।



भीषण गर्मी में मिलक के तरणताल में नहाते युवा। ● अमृत विचार

भिंडी की तुड़ाई के बाद फसल में डालें यूरिया

कृषि वैज्ञानिक डा. लक्ष्मीकांत ने बताया कि सब्जी उत्पादक भिंडी की तुड़ाई के बाद फसल में पांच से दस किलो की दर से यूरिया डालें। माही कीट की निरंतर निगरानी करते रहें। अधिक कीट पाए जाने पर ईथियान 1.5 से दो मिली. एक लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। रबी की फसलों की कटाई के बाद खेतों की गहरी जुताई के लिए यह मौसम अनुकूल है। यह खरपतवार के बीजों और कीड़ों के अंडों और प्यूपा को नष्ट करने में मदद करता है।

● गन्ना, मक्का और सब्जी की फसलों में उचित सिंचाई कर खेत में नमी बनाए रखें किसान

"22 मई तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने और लू चलने का अनुमान है। दिन का तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस जबकि, रात का तापमान 30 डिग्री रहने की संभावना है। संभावित तेज गर्मी व लू की दशा में गन्ना, मक्का, सब्जी और अन्य खड़ी फसल में सिंचाई कर उचित नमी बनाए रखें। गेहूं के भंडारण के लिए उचित समय है।

-डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

हाल-ए-मौसम

- आर्द्रता 32 प्रतिशत
- वायु वेग 8 किमी. प्रतिघंटा

टब में खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

छुट्टियों के समर कैंप में बच्चों ने की खूब मस्ती

रामपुर, अमृत विचार : ग्रीष्म अवकाश में स्कूल में लगे समर कैंप में बच्चों ने खूब मस्ती की। टब में नहाए और मेहंदी प्रतियोगिता तथा फ्रॉग रेस में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने कहा ऐसी गतिविधियों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों से कहा कि गर्मियों की छुट्टियों में थोड़ा समय निकाल कर उन्हें पढ़ना भी है। होमवर्क को समय से पूरा कर लें। स्वार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धूलिया गंज में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन हुआ। इसमें बच्चों ने खूब मौज-मस्ती की। समर कैंप में बच्चों के लिए झूले की व्यवस्था भी की गई। नहाने के लिए बाथ टब भी लगाया गया। कक्षा चार व पांच की छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाली आंचल, दिव्यांशी, वैष्णवी रहीं। कक्षा एक और दो के बच्चों के लिये फ्रॉग रेस कराई। इसमें महिमा, नवीन और दीपक अव्वल रहे। ग्लास गेम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर राखी, प्रिया व सुमित रहे। इस अवसर पर नरेश कुमार, राजपाल सिंह, किरनपाल सिंह, अंजुलता, सुखिया, राममूर्ति, निर्मला आदि उपस्थित रहे।

मारपीट और वारंट के मामलों में चार लोग गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : मारपीट और वारंट के तीन अलग-अलग मामलों में केमरी पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि खानपुर जदीद गांव निवासी बिट्टन शाह पुत्र पुत्तन शाह व बनवारी लाल पुत्र भूपराम को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खेत आसपास हैं। मेढ़ के विवाद को लेकर आपस में मारपीट कर रहे थे। वहीं, धरमपुर गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद को वारंट के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। वह मारपीट के दस साल पुराने मामले की तारीखों पर कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि भोट थाने के पत्थरखेड़ा गांव निवासी राजकिशोर पुत्र शंकर लाल का शांति भंग की धाराओं में चालान किया गया है। बहन की ससुराल में हुए विवाद के बाद उसने अपने जीजा को पीटकर घायल कर दिया था।

पालिका परिसर में सभासदों ने किया हंगामा

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : नगर पालिका कार्यालय में शनिवार को बीस से अधिक सभासदों ने जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों को बनाने के एवज में रुपयों की मांग कर रहे हैं। इन कार्यों को तीन-तीन माह तक लटकाया जा रहा है।

शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे बीस से अधिक सभासद एकत्रित होकर पालिका स्थित ईओ कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने कार्यालय के सामने दरी बिछाकर धरना देने का प्रयास किया। रोकने पर सभासदों ने जमकर हंगामा किया। पालिका में हंगामा होता देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सभासदों ने आरोप लगाया कि ईओ जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रुपयों की मांग करते हैं। रुपये नहीं देने पर प्रमाण पत्रों को तीन-तीन माह के लिए ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। इसके अलावा अपनी समस्याओं को लेकर ईओ कार्यालय आने वाले सभासदों और अन्य लोगों से दुर्व्यहार किया जाता हैं। ईओ पालिका में न के बराबर आते हैं।

उधर, सभासदों के हंगामे की सूचना पर पहुंचे पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने हंगामा कर रहे आक्रोशित सभासदों को समझा बुझाकर शांत किया। उन्होंने ईओ को निर्देशित कर लंबित कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने को कहा। पालिकाध्यक्ष के आश्वासन पर सभासद शांत हो गए। इसके बावजूद पालिका में दो घंटे तक हंगामा होता रहा। अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार का कहना है कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर कुछ समस्याएं उत्पन्न हुई थीं। अब उन्हें दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। अब पालिका में कागजी खानापूर्ति करने के एक सप्ताह के भीतर ही जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्रों को जारी कर दिया जाएगा।

सभासदों और अधिशासी अधिकारी से वार्ता करते पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल।

पदाधिकारियों का स्वागत करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

योगेश कुमार अधिवक्ता परिषद के संयोजक बने

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अधिवक्ता परिषद रामपुर इकाई की ओर एक कार्यक्रम मिलक बार एसोसिशन में आयोजित हुआ। अधिवक्ता परिषद रामपुर इकाई के अध्यक्ष जितेंद्र प्रधान ने बाबू राम गंगवार को तहसील सह संयोजक बनाया है।

बार एसोसिएशन में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष ने तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार किया। मिलक तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश कुमार बंसल को तहसील संयोजक बनाया। बाबू राम गंगवार को तहसील सह संयोजक, उमेश चंद्र सक्सेना को तहसील अध्यक्ष और देवेंद्र गंगवार को सचिव बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र प्रधान व संचालन श्याम कुमार एडवोकेट ने किया। विनोद कुमार, जमुना प्रसाद, रोहित कुमार राठौर, अतुल कुमार सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

अवैध खनन की सूचना पर दौड़ी राजस्व टीम

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन की सूचना मिलने के बाद उप जिलाधिकारी द्वारा राजस्व टीम का गठन कर मौके पर भेजा। इससे पहले ही राजस्व टीम की छापेमारी की सूचना लीक होने पर खनन कर रहे लोग मौके से रफूचक्कर हो गए। खेत से अवैध खनन दिखायी देने पर टीम ने पैमाइश कर रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को भेजी है।

थाना क्षेत्र के अशोकपुर व पट्टी गांव के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को गांव के पास ही खेतों में अवैध रूप से किए जा रहे मिट्टी के खनन की शिकायत की थी। खनन की सूचना पर उपजिलाधिकारी सदर ने राजस्व निरीक्षक तहरीर उर रहमान के नेतृत्व में राजस्व टीम का गठन कर मौके पर भेजा था। शनिवार दोपहर बाद राजस्व टीम की छापेमारी की सूचना पर खनन कर रहे लोग भाग गए। टीम प्रभारी राजस्व निरीक्षक तहरीर उर रहमान ने बताया कि उप जिलाधिकारी के आदेश पर मौके की जांच की गयी थी। टीम के पहुचंने से पहले ही खनन कर रहे लोग भाग गए थे। मौके पर दो खेतों में खनन होता मिला। इसकी पैमाइश कर रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को भेजी जा रही है। राजस्व टीम में हलका लेखपाल विजेंद्र सिंह, अभिषेक ध्यानी, करन सिंह आदि मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

नाले पर हुए अतिक्रमण को ध्वस्त करती पालिका की जेसीबी। ● अमृत विचार

जेसीबी से ध्वस्त कराया अतिक्रमण

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : अल्ट्रासाउंड सेंटर के आगे नाले पर किए गए अतिक्रमण को पालिका प्रशासन ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। पालिका की इस कार्रवाई से अन्य अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा है।

मोहल्ला चक स्वार निवासी डा. जेडए खान ने घर पर ही लाइफ केयर हास्पिटल खोल रखा है। संचालक ने अस्पताल के आगे नाले पर स्लैब डालकर अतिक्रमण कर लिया था। इसकी शिकायत पालिका प्रशासन को लगातार मिल रही थीं। इस पर पालिका प्रशासन ने हास्पिटल के संचालक को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन संचालक ने इस आदेश को हवा में उड़ा दिया था।

शनिवार को पालिका के अधिकारी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और हास्पिटल के आगे नाले पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया। अतिक्रमण पर पालिका प्रशासन का बुलडोजर चलता देख लोगों की भीड़ लग गई। इस कार्रवाई से अन्य अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा है।

मुआवजा न मिलने पर जताया रोष

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : भाकियू अंबावता की पंचायत में खेत में काम करते समय किसान की मौत के बाद परिजनों को प्रशासन द्वारा आर्थिक सहायता न दिए जाने पर रोष जताया। एक सप्ताह में परिजनों को आर्थिक मदद न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

शनिवार को थाना क्षेत्र के पेमपुर गांव में भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत हुई। पंचायत में किसानों ने कुछ दिन पूर्व गांव निवासी किसान रमजानी की खेत में काम करते समय मौत के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा परिवार को मुआवजा न दिए जाने पर रोष प्रकट किया। युवा जिला महासचिव मोहम्मद हसीब वारसी ने कहा कि कृषि दुर्घटना बीमा मृतक के परिवार का हक है। क्षेत्रीय लेखपाल, तहसीलदार व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को मामला संज्ञान में लेना चाहिए। एक सप्ताह के भीतर मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए। पंचायत में मोहम्मद इशहाक को युवा प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष बनाने की घोषणा भी की गई।

पंचायत में रईस, सादिक, जुम्मा सलमानी, मालवा सलमानी, रोशन लाल, मुकेश पांडेय, सुरजन, नूर अहमद, हमीदा, डा. हाजी मोहम्मद नूर, अदीब अहमद, नूर हसन आदि मौजूद रहे।

● एक सप्ताह में परिजनों को आर्थिक मदद न देने पर आंदोलन की चेतावनी

पंचायत को संबोधित करते भाकियू भानु के युवा जिला महासचिव मो. हसीब वारसी।

उत्साह शनिवार से बंद हुए जनपद के कक्षा एक से आठ तक के सरकारी स्कूल

ग्रीष्मकालीन अवकाश होने पर बच्चों में छाई खुशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले के सभी सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है। शनिवार को बच्चे एक-दूसरे से हाथ मिलाकर घरों को रवाना हुए। बच्चों ने पहले से ही अपने माता-पिता के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान तैयार कर रखा था।

ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से होते हैं लेकिन इस बार 19 मई का रविवार होने के कारण शनिवार को ही जिले के कक्षा एक से आठ तक के सरकारी स्कूलों के अवकाश घोषित कर दिए गए। अवकाश की घोषणा के बाद छुट्टी हुई तो छात्र-छात्राएं खुश नजर आए। छुट्टी के बाद बच्चे अपने बैग लेकर स्कूलों के गेट पर खड़े हो गए। इसके बाद साथियों से हाथ मिलाकर घरों को रवाना हुए। ग्रीष्मकालीन अवकाश से एक सप्ताह पहले ही बच्चों ने टूर पर जाने के लिए माता-पिता के साथ प्लान बना लिया था। बच्चों ने घर पहुंचकर बैग अलमारी में रखकर अवकाश का आनंद लेना शुरू कर दिया।

ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के बाद खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

बच्चों को लर्निंग एट होम से जोड़ें

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार का कहना है कि गर्मी के अवकाश शनिवार से हो गए हैं। लेकिन शिक्षक दीक्षा एप के माध्यम से बच्चों और उनके अभिभावकों से मोबाइल से जुड़े रहें। ऑन लाइन शैक्षिक कंटेंट का प्रयोग करें। बच्चों को ऑन लाइन होम वर्क भी दें। इसके साथ ही शिक्षकों को आदेश दिए गए हैं कि स्कूलों के दस्तावेजों को सही से बंद करके स्कूलों में रखवाएं।

कोई नानी के तो कोई जाएगा मौसी के घर

बच्चों ने पहले ही टूर प्लान कर लिए थे। ताकि अवकाश मिलते ही घूमने निकल जाएं। बच्चों ने अपने साथियों के साथ क्लास में बैठकर प्लान कर लिए थे। किसी ने नानी के तो किसी ने मौसी के घर जाने की योजना बनाई। काफी बच्चों ने मंसूरी, नैनीताल, रामनगर जैसे स्थानों पर जाकर मस्ती करने का प्लान बनाया है। परिजन भी बच्चों को घुमाने ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।

"शनिवार से ग्रीष्म अवकाश शुरू हो चुके हैं। बच्चों को अपने स्तर से कॉपी दी गई हैं। ताकि बच्चे ग्रीष्म अवकाश में दिया गया गृह कार्य कर सकें और उनके स्तर पर कोई असर न हो। बच्चों को खेलने और स्कूल का कार्य करने के लिए कहा गया है।

- रूही हसीब, सहायक अध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय बगी

"ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ हो चुके हैं। बच्चों को ग्रीष्म अवकाश के लिए गृह कार्य दिया गया है। जिससे बच्चों के स्तर में कोई असर न पडे.। बच्चों को लू व गर्मी से बचने के उपाय भी समझाए गए हैं। अवकाश में भी बच्चों से निरंतर सम्पर्क रखा जाएगा।

- वैलेन्टीना विक्टर, प्रधान अध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर जागीर

एक नजर

स्कार्पियो ने स्कूली बच्चों के ई-रिक्शा में मारी टक्कर

बिलासपुर, अमृत विचार : छुट्टी होने के बाद स्कूली बच्चों को लेकर रहे ई-रिक्शा को स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा का अगला पहिया क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर लगने के बाद ई-रिक्शा में बैठे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद जमा हुई भीड़ में शामिल एक युवक ने ई-रिक्शा चालक को थप्पड़ जड़ दिए। इसके बाद हंगामा हो गया। नगर के मोहल्ला शीरी मियां में हरी ड्रेस निवासी रिक्शा चालक सुभाष शनिवार की दोपहर डाम कॉलोनी स्थित ब्रह्मदत्त सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को ई-रिक्शा में बैठाकर घर छोड़ने जा रहा था। हाईवे पर स्टेट बैंक के सामने स्कार्पियो ने उसकी ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे उसके वाहन का अगला पहिया क्षतिग्रस्त हो गया। इससे ई-रिक्शा हाईवे पर पलटने से बाल-बाल बच गई। घटना के बाद राहगीरों और दुकानदारों की भीड़ जमा हो गई। बच्चों को ई-रिक्शा से सुरक्षित बाहर निकाला। भीड़ में एक युवक ने ई-रिक्शा चालक की गलती बताते हुए उसे थप्पड़ मार दिए। इससे वहां हंगामा हो गया। हाईवे पर यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। जाम व हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व लोगों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद बच्चों को दूसरी ई-रिक्शा से घर भेजा गया।

टीबी वार्ड के अनुपयोगी भवन में लगी आग

आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 15 अग्निशमन कर्मियों ने तीन वाहनों से पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड के पास स्थित अनुपयोगी क्षय रोग विभाग के भवन में शनिवार की सुबह आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। भवन के लिंटर से धुआं मिश्रित लपटें उठती रहीं। अस्पताल प्रशासन ने आनन-फानन में अग्निशमन विभाग को सूचना दी। इस पर आनन-फानन में फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंचे और करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से भवन में रखे पुराने टॉयर समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए।

जिला अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड के पास टीबी वार्ड की काफी पुरानी इमारत है। यह काफी जर्जर हो चुकी है। कई जगह से लिंटर टूटकर गिर रहा है। भवन के ऊपर से बिजली की लाइन भी गुजर रही है। शनिवार की सुबह 9:15 बजे तारों से निकली चिंगारी यहां रखे सामान पर आ गिरी और आग लग गई। देखते ही देखते भवन में धुआं उठने लगा। जानकारी मिलते ही पुलिस और सीएमएस मौके पर पहुंच गए। अस्पताल में रखे सात सिलेंडरों का प्रयोग किया गया, लेकिन आग नहीं बुझ सकी। तब फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। राधा रोड स्थित अग्निशमन कार्यालय से तीन फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचीं। कर्मचारी आग बुझाने लगे तो मुख्य द्वार पर ताले लगे मिले। तब अग्निशमन कर्मियों ने तालों को तोड़ा और फिर आग बुझाई। इस दौरान करीब आधे घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आधे घंटे तक 15 अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

टीबी वार्ड के जर्जर भवन में उठतीं लपटें।

आइसोलेशन वार्ड की दीवार में लगे रोशनदान से आग बुझाते अग्निशमन कर्मी।

जिला अस्पताल में सीएमएस ले रहे थे राउंड

जिला अस्पताल में शनिवार को सुबह 9 :15 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मित्रा राउंड पर थे। इमरजेंसी, सर्जिकल, आर्थो, डायरिया वार्ड में भर्ती रोगियों का हालचाल जान रहे थे। वह डायरिया वार्ड से निकलकर डॉयलिसिस यूनिट की ओर बढ़े तो उनकी नजर आइसोलेशन वार्ड के पास बने टीबी के जर्जर भवन पर पड़ी। वहां से लपटें निकलती देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद सीएमओ डा. एसपी सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीएमएस को तारों को कराने के निर्देश दिए। कहा कि इस भवन के आसपास रोगियों व तीमारदारों की आवाजाही पर रोक लगाएं।

> टीबी के जर्जर भवन के ऊपर से तारों में चिंगारी निकलने पर आग लगी। आग बुझाने के लिए अस्पताल में रखे सात सिलेंडरों का प्रयोग किया गया मगर फिर भी आग नहीं बुझ सकी। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया। **-डा. एचके मित्रा**, मुख्य चिकित्साधीक्षक

एक घंटे बंद रही अस्पताल की बिजली

टीबी वार्ड के पुराने भवन में आग लगने से एक घंटे अस्पताल की बिजली बंद रही। आग बुझाने के लिए अग्निशमनकर्मी पानी की बौछार कर रहे थे। इसलिए सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल प्रशासन ने बिजली बंद करा दी। इस दौरान इमरजेंसी, सर्जिकल, मेल मेडिकल, आर्थो, डायरिया वार्ड, पोस्टमार्टम हाउस की आपूर्ति बंद रही। भीषण गर्मी में एक घंटे बिजली नहीं आने से रोगियों, तीमारदारों और स्टॉफ को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

हाईवे पर आग का गोला बनी एंबुलेंस

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : हाईवे पर दौड़ रही निजी अस्पताल की एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। एंबुलेंस में सवार कर्मचारी ने खिड़की से कूदकर जान बचाई। देखते ही देखते एंबुलेंस आग का गोला बन गई। आसपास की झाड़ियां भी उसकी चपेट में आ गईं। आग लगने का कारण अस्पताल प्रबंध तंत्र ने वाहन की वायरिंग में शॉट सर्किट होना बताया है। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन वाहन ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रामपुर रोड स्थित छाबड़ा हॉस्पिटल में तैनात उत्तराखंड राज्य के रूद्रपुर की लोक विहार कॉलोनी निवासी एंबुलेंस कर्मी प्रशांत कुमार शनिवार दोपहर करीब एक बजे रूद्रपुर से मरीज लेने जा रहा था। हाईवे पर दालचीनी होटल के निकट चलती एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। यह देख प्रशांत कुमार खिड़की से कूद गया। उसके कूदते ही एंबुलेंस आग का गोला बन गई। इसकी चपेट में आकर हाईवे की साइड में उगी झाड़ियां भी जल गईं। इससे हाईवे पर यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आनन-फानन में वाहनों को दूसरे रास्ते से गुजारा और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एंबुलेंस में आग लगती देख अशोकनगर बिजलीघर के एसडीओ अभय सिंह व जेई जितेन्द्र भी कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। आग कहीं हाईटेंशन लाइन को भी चपेट में न ले ले इसलिए झाड़ियों में लगी आग बुझाई। एंबुलेंस में मरीज के भी बैठे होने की भी चर्चा है। मगर अस्पताल प्रबंधन केवल एंबुलेंस कर्मी के मौजूद होने की पुष्टि कर रहा है।

हाईवे पर धू-धू जलती एंबुलेंस। ● अमृत विचार

श्रीकृष्ण के जन्म की लीला का किया मंचन

सैदनगर, अमृत विचार : हिंदू हरिहर धाम आश्रम अलीपुरा में चल रही सात दिवसीय श्री राधा-कृष्ण रासलीला के दूसरे दिन वृन्दावन से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण के जन्म की लीला का मंचन किया।

सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं और फूलों की बारिश की। इस दौरान कलाकारों ने मथुरा नरेश कंस के कारागार में कृष्ण के जन्म को दर्शाया। वहीं दूसरी ओर वासुदेव द्वारा यमुना नदी के आशीर्वाद तले भारी आंधी तूफान के बीच भगवान कृष्ण को टोकरी में बैठाकर सिर पर रखकर नंदगांव ले जाने का दृश्य दिखाया। इससे पहले कंस द्वारा वासुदेव और सात बच्चों को मार दिया गया था। इस मौके पर महंत अदैत्य मुनि महाराज, भारत भूषण शर्मा, अरविंद शर्मा, दत्तात्रेय अमित शर्मा, रोहित चौधरी, विपिन शर्मा, राजीव चौधरी व भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

शादी का झांसा देकर किया युवती का शारीरिक शोषण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/केमरी

● केमरी थाने में युवक सहित आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : शादी का झांसा देकर युवक ने युवती का शारीरिक शोषण किया। बाद में शादी से इंकार कर दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक और उसके परिजनों सहित आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का कहना है कि उसकी सगी मौसेरी बहन के देवर का उसके घर आना जाना था। इस दौरान दोनों में प्रेम हो गया था। युवक के परिजनों ने युवती से रिश्ता तय कर दिया। आरोप है कि इस दौरान युवक शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में युवक व उसके परिजन दहेज में पांच लाख रुपये, बुलेट बाइक और अच्छे होटल में शादी करने की बात कहने लगे। मांग पूरी नहीं करने पर युवक पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। युवती ने 18 जनवरी 2023 को महिला परामर्श केंद्र प्रभारी मिलक को प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में दो फरवरी 2023 को समझौता हो गया। सगाई की रस्म भी हो गई। युवक पक्ष ने फिर दहेज की मांग की। इस पर युवती पक्ष ने मुकदमा कराया दिया। आरोप है कि 16 जून 2023 को पीड़िता और उसकी मां कचहरी आई थीं। यहां से जाते समय केमरी चौराहे पर आरोपियों ने मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए पीड़िता से छेड़खानी की। कोर्ट के आदेश पर केमरी पुलिस ने आरोपी नितीश कुमार, अरुण, अमित, जयश्री, सतपाल, प्रभा, भानुप्रताप, और अरुण के मामा सहित आठ पर केस दर्ज किया है।

कलियुगी बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर मां को पीटा

संवाददाता, मसवासी

● महिला को मसवासी लाकर बेहोशी की हालत में छोड़ा

अमृत विचार : कलयुगी बेटे और बहू ने मां की बेरहमी से पिटाई कर दी। किसी ने इसकी सूचना डायल 112 पर दे दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस महिला और उसके बेटे को मसवासी ले गई। महिला को बेहोशी की हालत में सड़क किनारे छोड़कर चली गई। डायल 112 पुलिस की इस कार्यशैली से लोगों में रोष है।

मिलक नौखरीद गांव निवासी रवि कुमार और उसकी पत्नी रिया का अपने पड़ोसी से विवाद हो गया था। रवि की मां भानवती अपने बेटे और बहू रिया को समझाने पहुंच गई। रवि और उसकी पत्नी ने पड़ोसी को छोड़कर अपनी मां को ही पीट दिया। इस दौरान रवि ने मां का गला दबा दिया। इससे उनकी हालत मरणासन्न हो गई। इस बीच किसी ने भानवती के दूसरे बेटे रमेश कुमार को इसकी जानकारी दे दी। इस दौरान किसी ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मी रवि, रमेश और उनकी मां भानवती को मसवासी ले गए। पुलिस कर्मियों ने महिला और उसके बेटों को बंद पड़ी दुकानों के सामने छोड़ दिया। जबकि, बेहोशी की हालत में भानवती को सड़क पर लिटा कर चले गए। रमेश अपनी मां का सिर गोद में रखकर होश में लाने का प्रयास करता रहा। काफी समय बाद पानी पिलाने के बाद महिला को होश आया। तब रमेश उन्हें लेकर चौकी पहुंचा। रमेश ने बताया कि उसके पिता चंद्रसेन बीमार रहते हैं और भाई रवि आए दिन शराब पीकर मां के साथ मारपीट करता रहता है। मामले की तहरीर दे दी गई है।

एक ही धर्मकांटे पर खनन लदे वाहनों की तौल से दिक्कत

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : मुख्य मार्ग से गुजरने वाले खनन से लदे तमाम डंपर और ट्रकों का वजन आबादी के करीब स्थित धर्मकांटे पर कराया जा रहा है। इससे सड़क किनारे आड़े-तिरछे वाहन खड़े करने से करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है। इसके चलते वाहन चालकों व राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

तहसील प्रशासन ने धर्मकांटे पर दो लेखपाल व पुलिस की ड्यूटी लगाई है। इससे मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। रोजाना लगने वाले जाम से परेशान क्षेत्रवासियों ने आबादी के बाहर स्थित धर्मकांटों पर खनन लदे वाहनों का वजन कराने की मांग की है। तहसील प्रशासन की हिदायत पर नगर के मुख्य मार्ग से गुजरने वाले खनन से लदे डंपर एवं ट्रकों का वजन दढ़ियाल मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास स्थित एक ही धर्मकांटे पर कराया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सुबह सात से शाम आठ बजे तक खनन से लदे डंपरों और ट्रकों आदि के लिए मुख्य मार्ग पर नो एंट्री लगाई गई है। खनन से लदे वाहनों का मुख्य मार्ग से शाम आठ बजे के बाद आवागमन शुरू होता है। दढ़ियाल की ओर से खनन लादकर लाने वाले डंपरों और ट्रकों का नगर की सीमा पर प्रवेश करते ही पेट्रोल पंप के पास स्थित धर्मकांटे पर वजन होता है। इसके बाद यह वाहन नगर के बीचो-बीच से गुजरते हुए मुरादाबाद की ओर रवाना हो जाते हैं।

खनन लदे वाहनों की जिस धर्मकांटे पर तुलाई होती है वहां दो लेखपाल, एक कानूनगो और दो पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं। चूंकि एक ही धर्मकांटे पर सभी खनन लदे वाहनों का वजन कराया जाता है, इसलिए दढ़ियाल मार्ग पर ग्राम मोहनपुरा से आगे तक जाम लग जाता है।

धर्मकांटे पर लगी खनन के वाहनों की कतार। ● अमृत विचार

> प्रशासनिक सहूलियत के मद्देनजर नगर के निकट स्थित धर्मकांटे पर खनन से भरे वाहनों की तौल की व्यवस्था की गई है। चूंकि खनन लदे हर वाहन का वजन कराया जा रहा है, इसलिए जाम लगना स्वाभाविक है। जाम की समस्या का शीघ्र समाधान निकाला जाएगा। **-अनुराग सिंह**, उपजिलाधिकारी

ग्राम मोहनपुरा के नागरिक तो जाम के झाम से अत्यधिक परेशान हैं। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। हर समय हादसे का अंदेशा बना रहता है। शनिवार की रात भी आठ बजे से देर रात तक मुख्य मार्ग पर खनन लदे वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। मार्ग पर रोजाना लगने वाले लंबे जाम से परेशान लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर टांडा और दढ़ियाल के बीच इसी क्षमता के कई बड़े धर्मकांटे हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा आबादी के पास स्थित एक ही धर्मकांटे पर सभी खनन लदे वाहनों की तौल कराई जा रही है।

अनदेखी अधिकारियों की लापरवाही से कभी भी हो सकता बड़ा हादसा

बाजपुर मार्ग पर हादसों को न्योता दे रही टूटी रेलिंग

संवाददाता, दढ़ियाल

अमृत विचार : दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर हादसों को कम करने के लिए बनाई गई रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई है। मगर विभाग इस क्षतिग्रस्त रेलिंग को ठीक कराने की सुध नहीं ले रहा है। टूटी हुई रेलिंग को सही कराने की ग्रामीण कई बार मांग कर चुके हैं। लेकिन अधिकारियों के ध्यान नहीं देने से रेलिंग जस की तस है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

सपा सरकार में टांडा से दढ़ियाल होकर बाजपुर के लिए जाने वाले मार्ग का निर्माण हुआ था। इसके बाद पुल के नीचे गहरी खाई की जगह रेलिंग लगाई गई थी। ताकि कोई वाहन चालक हादसे का शिकार न हो। हालांकि तेज रफ्तार वाहन कई बार रेलिंग से टकरा गए। इसमें कोई बड़ा हादसा तो नहीं हुआ लेकिन रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों ने कई बार विभाग के लोगों को पत्र भेजकर रेलिंग सही कराने की मांग की। लेकिन किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया।

दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर टूटी हुई रेलिंग। ● अमृत विचार

> मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर रेलिंग लगाई गई थी। लेकिन रेलिंग कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। **- अशफाक हुसैन**

> क्षतिग्रस्त रेलिंग को सही कराना चाहिए ताकि कोई हादसा न हो सके। रात में खतरा और अधिक बढ़ जाता है। **- जाने आलम**

> क्षतिग्रस्त रेलिंग को सही कराने के लिए कई बार अधिकारियों को पत्र लिखे। लेकिन किसी भी अधिकारी ने इसे सही नहीं कराया। यह हादसे का सबब बन सकती है। **- आलम, एडवोकेट**

> रात में कोई राहगीर हादसे का शिकार हो सकता है। क्योंकि मार्ग के दोनों ओर कई जगह गहरी खाई है। इसके बाद भी अधिकारी रेलिंग को सही नहीं करा रहे हैं। **- भोला सिंह, एडवोकेट**

> बाजपुर मार्ग पर टूटी रेलिंग का मामला संज्ञान में है। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए जल्द ही क्षतिग्रस्त रेलिंग को सही कराया जाएगा। ताकि कोई हादसा न हो सके। **-मोहम्मद आजम**, जेई, पीडब्ल्यूडी

छात्राओं व अभिभावकों को जागरूक करतीं प्रधानाचार्य वंदना शर्मा। ● अमृत विचार

प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए किया जागरूक

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं और अभिभावकों को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि प्लास्टिक पर्यावरण, स्वास्थ्य और जीव जंतुओं के लिए हानिकारक है। इसके बाद विद्यालय स्तर पर एक स्वच्छ साथी क्लब का गठन भी हुआ।

शनिवार को समिति की सचिव डॉ. ममता गुप्ता ने अभिभावकों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और बीमारियों के बारे में बताया। अभिभावकों और छात्राओं को वीडियो के माध्यम से भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शबनम जहां उस्मानी, प्रेरणा कश्यप, ममता गुप्ता, सीमा, निधि, नविता, अर्चना, डॉली का सहयोग रहा। अभिभावकों ने प्रधानाचार्य को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने और अन्य लोगों को भी इसके विषय में जागरूक करने का आश्वासन दिया।

सार संक्षेप

रक्त के नमूने देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्राओं को एनीमिया मुक्त करने के लिए लगाया शिविर

बिलासपुर, अमृत विचार : भारत विकास परिषद द्वारा डीएवी कन्या इंटर कालेज में एनीमिया मुक्त भारत के तहत हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया गया। इसमें छात्राओं के रक्त के नमूने लिए गए तथा बचाव के लिए आवश्यक जानकारियां दी गईं। परिषद सदस्य अनुपमा अग्रवाल ने एनीमिया के संबंध में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। पैथोलॉजिकल टीम ने छात्राओं के ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे। रिपोर्ट आने के बाद जिन बालिकाओं में हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाएगी, उन्हें परिषद द्वारा गुड़, चने आदि का वितरण किया जाएगा। महिला संयोजिका भारती अग्रवाल ने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम नूरहुदा (पक्ष) व श्रद्धा(विपक्ष), द्वितीय स्थान आलिया (पक्ष), व रमशा (विपक्ष) एवं रामचरितमानस चौपाई में प्रथम रीना तथा नैना राठौर दूसरे स्थान पर रहीं। शाखा अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने विद्यालय की प्रधानाचार्या और शिक्षिकाओं का आभार जताया। इस अवसर पर शाखा सचिव सपन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुनील जैन, प्रेक्षा अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, संतोष आर्या आदि मौजूद रहे।

प्रशासन ने ग्राम समाज की भूमि से हटवाए अवैध कब्जे

शाहबाद, अमृत विचार : इस समय प्रशासन अवैध कब्जों को लेकर एक्शन में है। एक के बाद एक सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा रहा है। शनिवार को भी भीतरगांव, नानकार एवं गलपुरा में ग्राम समाज की जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। एसडीएम सुनील कुमार ने बताया कि शाहबाद के गांव गलपुरा में ग्राम समाज की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्ज कर लिया था। भीतरगांव और नानकार में चकमार्ग पर अवैध कब्जा किया गया था। इसकी शिकायत जनता दरबार में मिली थी। अवैध कब्जा हटाने के लिए टीम गठित की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्राम समाज की जमीन व चकरोड का सीमांकन किया। इसके बाद जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

मकानों के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन को हटाएं

रामपुर, अमृत विचार : बिजली निगम के अधिकारियों की अनदेखी के कारण पटवाई के गांव नदनऊ में किसी दिन भी बड़ा हादसा हो सकता है। यहां मकानों के ऊपर से 11 हजार की लाइन गुजर रही है जबकि घरों के पास ही ट्रांसफार्मर रखा है। गांव निवासी छोटे लाल ने दुर्गनगला के उपखंड अधिकारी को पत्र दिया है। इसमें उनका कहना है कि उनके मकान की छत से 11 हजार की लाइन गुजर रही है। घर के बराबर में ट्रांसफार्मर रखा है। इससे किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। कहा कि एक मई को राज मिस्त्री लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया था। इसके बाद भी इसे नहीं हटाया गया है। 11 हजार की लाइन और ट्रांसफार्मर के नहीं हटने से लोगों को डर सता रहा है। उन्होंने एसडीओ से मांग की है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो इसलिए लाइन को हटवाया जाए।

होमवर्क के लिए बच्चों को उपलब्ध कराई वर्कशीट

रामपुर, अमृत विचार : गर्मियों की छुट्टियों से पूर्व प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को होमवर्क के लिए वर्कशीट उपलब्ध कराई गई। वर्कशीट को देखकर बच्चे बहुत खुश हुए। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को प्रतिदिन दो घंटे पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को बताया कि गर्मियों की छुट्टियों के बाद विद्यालय खुलने पर टेस्ट लिया जाएगा। इसमें सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उपहार दिए जाएंगे। अभिभावकों के साथ भी बैठक की गई। उन्हें समझाया कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को प्रतिदिन पढ़ने के लिए व जो होमवर्क दिया है उसे पूरा करने के लिए दो घंटे का समय जरूर दें। इस मौके पर रिचा देवी विक्रम कुमार व हुमा उपस्थित रहे।

चाइनीज मांझे से छात्र की कटी गर्दन, लगे पांच टांके

रामपुर, अमृत विचार : थाना गंज क्षेत्र के मोहल्ला थाना पाकड़ पर छात्र की गर्दन पर चाइनीज मांझा गिर गया। लहूलुहान हालत में छात्र को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसके पांच टांके आए हैं। मोहल्ला घेर पीपल वाला निवासी काबिश खां शनिवार को पुराना गंज स्थित नानी के घर से मोहल्ला पीपल वाला घेर जा रहे थे। थाना पाकड़ पर काबिश की गर्दन पर चाइनीज मांझा गिर गया। उससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। उनकी गर्दन से खून निकलने लगा। यह देख चौराहे पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी गर्दन में पांच टांके आए। वह जौहर यूनिवर्सिटी में कम्प्यूटर साइंस डिप्लोमा कर रहा है।

दो बकायेदारों को हवालात में किया बंद

मिलक, अमृत विचार : तहसील प्रशासन ने मिलक क्षेत्र के दो बकायेदारों को हवालात में बंद कर दिया। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार के निर्देशन तथा तहसीलदार सीमा गंगवार के नेतृत्व में संग्रह अमीनों की टीम ने क्षेत्र के बड़े बकायेदारों से वसूली का अभियान चलाया। टीम ने 16 .69 लाख के बकायेदार इंद्रपाल निवासी ग्राम प्रानपुरा तथा 12 लाख सात हजार रुपये के बकायेदार भगवान स्वरूप निवासी ग्राम भंवरकी को दबोच लिया और हवालात में बंद कर दिया गया।

नशे की दवा बेचने पर मारा छापा

रामपुर, अमृत विचार : नशे के इंजेक्शन और टेबलेट बेचने की सूचना पर औषधि निरीक्षक ने छापा मारा। औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार को शिकायत मिली कि केमरी थाना क्षेत्र में लखबीर बिना लाइसेंस के नशे की दवाइयां बेच रहे हैं। उन्होंने छापा मारकर मौके से नशे के इंजेक्शन पेंटाजोसिन व अल्प्राजोलम की 200 टेबलेट बरामद कीं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चौथे दिन 13 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी सीयूईटी

रामपुर, अमृत विचार : दयावती मोदी अकादमी में शनिवार को दो पालियों में सीयूईटी हुई। परीक्षा के लिए पंजीकृत 97 के सापेक्ष 84 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 13 परीक्षार्थी नदारद रहे। सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की कुछ दिनों पहले ही 15 मई को तारीख घोषित कर दी गईं थीं। शनिवार को दो पालियों में दयावती मोदी अकादमी में परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 97 परीक्षार्थियों में से 84 ने परीक्षा दी, जबकि 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

काशीपुर मार्ग पर मिला अधेड़ का शव

दढ़ियाल, अमृत विचार : काशीपुर मार्ग पर अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के कहने पर बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव का उन्हें सौंप दिया। दढ़ियाल के मोहल्ला बरवाला निवासी जाकिर पुत्र छम्मी (45) मजदूरी करता था। बताते हैं कि वह नशे का आदी था। शनिवार की शाम लगभग सात बजे उसका शव काशीपुर मार्ग के किनारे पड़ा मिला। सूचना पर तमाम लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। शिनाख्त होने पर मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। इस बीच दढ़ियाल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों से सहमति पत्र लेकर शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया।

क्षय रोगियों को किया दवा का वितरण

रामपुर, अमृत विचार : शनिवार को क्षय रोग कार्यालय में रोगियों को दवाओं का वितरण किया गया। सीएमओ ने अपने स्तर से ढाई लाख रुपये की दवा मंगवाई है। सप्ताह भर पहले कार्यालय में दवा का टोटा हो गया था। दवा खत्म होने पर रोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। टीबी ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसका लगातार छह से नौ माह का कोर्स विभाग द्वारा नि :शुल्क कराया जाता है। ऐसे में दवा नहीं मिलने पर रोगियों की हालत काफी गंभीर हो जाती है। सप्ताह भर पहले ही दवा का टोटा हो गया था। दवा लेने आए रोगी बैरंग लौट रहे थे। जिला क्षय रोग अधिकारी डा .सत्यप्रकाश ने बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे से ही दवा लेने के लिए रोगियों की भीड़ लगी रही। यहां रोगियों का कार्ड देखकर दवाएं वितरित की गईं। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले सीएमओ ने ढाई लाख रुपये की दवाइयां कंपनी से मंगवाई हैं। इसके अलावा जिन केंद्रों पर दवा नहीं है, उन पर दवा पहुंचाई गई है। बरेली से जल्द ही और दवाई भी आ सकती हैं।

एक नजर

ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग, सौंपा ज्ञापन

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष रजनी दिवाकर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री एकत्र हुईं। यहां पर उन्होंने जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें केंद्रों पर एक महीने का ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की गई।

रेखा व मदन चौधरी। ● अमृत विचार

विवाह के 30 वर्ष पूरे होने पर दी बधाइयां

मुरादाबाद, अमृत विचार : पीतल बस्ती, कटघर के रहने वाले मदन चौधरी और रेखा चौधरी के विवाह के 30 वर्ष पूरे होने पर उनके परिजनों, शुभचिंतकों और इष्ट मित्रों ने बधाइयां दी हैं। सभी ने उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।

तीन महीने से बिना पंजीकरण के खेल रहा था किशोर

गेंद चोरी की तो कोच के डांटने पर खिलाड़ी ने की थी मारपीट, कुछ दिन पहले कोच ने आरोपी को मारा था थप्पड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सोनकपुर स्टेडियम में हॉकी कोच नेहा ने गेंद चुराने पर आरोपी खिलाड़ी को डांटा था। इससे नाराज आरोपी ने कोच के साथ मारपीट कर दी। इसमें हॉकी कोच नेहा घायल हो गईं। आरोपी बीते तीन महीने से बिना पंजीकरण के स्टेडियम में हॉकी का अभ्यास कर रहा था। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले किसी बात को लेकर हॉकी कोच ने आरोपी को थप्पड़ भी मारा था।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को एसएस चिल्ड्रन की ओर से बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इसमें स्टेडियम के अधिकारी और अधिकांश कोच व्यस्त थे। उधर, हॉकी कोच नेहा खिलाड़ियों को अभ्यास करा रही थीं। हॉकी कोच नेहा ने बताया कि कुछ दिन पहले मैच में एक 16 वर्षीय आरोपी खिलाड़ी सभी को परेशान कर रहा था। इसमें उन्होंने आरोपी को डांट लगाई और मैदान से बाहर कर दिया। इसके बाद मैदान से एक गेंद चोरी हो गई। शुक्रवार को जब वह अन्य खिलाड़ियों को कोचिंग दे रही थीं, तभी उन्होंने चोरी हुई गेंद उस आरोपी खिलाड़ी के पास देखी। खिलाड़ी ने उस गेंद में बने लोगो को जला दिया था। जब कोच ने आरोपी से सख्ती से उस गेंद के बारे में पूछा, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। इतना ही नहीं हॉकी कोच नेहा पर हॉकी स्टिक से हमला कर दिया। कोच पर तीन बार हॉकी से वार किया और स्टेडियम की दीवार फांद कर भाग गया। उधर, हॉकी स्टिक लगने से कोच घायल हो गईं। उनके एक हाथ में टांके और दूसरे हाथ की उंगलिया सुन्न हो गई हैं। इसके बाद उन्होंने सिविल लाइंस थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

आरोपी अपने भाइयों के साथ करता था अभ्यास

आरोपी खिलाड़ी बिना पंजीकरण के बीते दो महीने से अभ्यास कर रहा है। आरोपी के दो बड़े भाई भी स्टेडियम में ही हॉकी का अभ्यास करते हैं। वह दोनों लंबे समय से यहीं अभ्यास करते हैं। हॉकी कोच नेहा ने बताया कि बीच सेशन में किसी भी खिलाड़ी का पंजीकरण नहीं होता। इसलिए आरोपी खिलाड़ी ने पंजीकरण नहीं कराया था। उसका नए सेशन में पंजीकरण कराने को कहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी खिलाड़ियों की मां स्टेडियम के बाहर ठेला लगाती है। आरोपी के भाइयों ने भी मारपीट के बाद स्टेडियम आना बंद कर दिया है।

"खिलाड़ियों में सहनशीलता खत्म होती जा रही है। स्टेडियम में महिला कोच के साथ मारपीट चिंता का विषय है। सभी कोच को आदेश दिए गए हैं कि बिना पंजीकरण कराए किसी भी खिलाड़ी को न खेलने दें। इसमें खेल विभाग पुलिस की मदद भी लेगा।

-प्रेम कुमार, जिला खेल अधिकारी

"आरोपी खिलाड़ी से मेरी कोई दुश्मनी नहीं है। वह खेल में अन्य खिलाड़ियों को परेशान कर रहा था। इसमें उसे सिर्फ डांट लगाई थी। अपने ऊपर हुए हमले को लेकर मैंने पुलिस को एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपी को पुलिस ने रात ही गिरफ्तार कर लिया था।

-नेहा सिंह, हॉकी कोच

बिना पंजीकरण के स्टेडियम में खेल रहे खिलाड़ी

सोनकपुर स्टेडियम में करीब 250 खिलाड़ियों का पंजीकरण हैं। यहां दस से भी ज्यादा खेलों के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। लेकिन, हैरत की बात यह है कि जितने खिलाड़ी यहां पंजीकरण वाले हैं, उससे कहीं ज्यादा बिना पंजीकरण के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। इन खिलाड़ियों को न तो कोच ही प्रशिक्षण देने से इनकार करते हैं और न ही ऐसे खिलाड़ियों का स्टेडियम में प्रवेश बंद है। यहां हर प्रकार का आदमी आता जाता है। यहां किसी के आने जाने पर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं है। आरोपी खिलाड़ी भी बीते दो महीने से बिना पंजीकरण के अभ्यास कर रहा था।

अब बिना पंजीकरण वाले खिलाड़ियों पर नकेल कसने की तैयारी में अधिकारी

मारपीट होने के बाद स्टेडियम में अफरा-तफरी का माहौल है। खिलाड़ियों में भी डर है। शनिवार को स्टेडियम में क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार के नेतृत्व में बैठक का आयोजन हुआ। इसमें सभी खिलाड़ियों को निर्देश दिए गए कि वह अपने-अपने खेलों में किसी भी खिलाड़ी को लेने से पहले, उसका पंजीकरण जरूर कराएंगे। अगर कोई खिलाड़ी बिना पंजीकरण के पाया जाता है तो खिलाड़ियों के साथ कोच के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खेतों में भरा निगम के तालाब का पानी, बढ़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : महानगर के मोहल्ला पंडित नगला में नगर निगम के तालाब से आ रहे गंदे पानी के कारण स्थानीय खेत स्वामियों से ज्यादा आसपास रह रहे लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। वहां रहने वाले लोगों के खेतों में तालाब से आने वाला गंदा पानी में घुस रहा है। इतना ही नहीं अब लोगों के घरों के आगे पूरी आबादी के गंदे पानी के साथ कूड़ा भी आने लगा हैं। हालांकि खेत स्वामियों ने कई बार नगर निगम के अधिकारियों के समक्ष तालाब में छोड़े जाने वाले पानी के लिए नाला निर्माण कराने की मांग की।

नगर निगम का 10 बीघे का पंडित नगला के बीचोंबीच तालाब है। पंडित नगला पहले गांव की श्रेणी में शामिल था। लेकिन जब से नगर निगम में शामिल हुआ है, तब से वार्ड 24 के नाम नगर निगम में अंकित है। इसमें मतदाताओं की संख्या 16 हजार है।

पंडित नगला में खेत में भरे पानी के बीच से गुजरते लोग।

"खेती करने लिए कई बार सोचा पर तालाब के पानी के कारण कुछ काम नहीं हो पा रहा है। अब सभासद ने भी उनकी बात सुनना बंद कर दिया है।

-तसब्बुर हुसैन

"मेरे रिश्तेदार के घर के पास ही सारी आबादी का कूड़ा जमा होने लगा है। कई बार सभासद से भी कहकर सफाई कराई, लेकिन दो चार दिन में फिर वही हालत हो जाती है।

-युसुफ

तालाब के इर्दगिर्द धीरे-धीरे बड़ी आबादी बस गई है। नगर निगम द्वारा इस आबादी का गंदा पानी नालियों के जरिए तालाब में छोड़ दिया गया। लेकिन जैसे-जैसे आबादी बढ़ी तो तालाब में आने वाला पानी भी बढ़ गया। अब तालाब का पानी वहां के आसपास के खेत में भर चुका है।

"-कई सालों से खेत में कुछ भी पैदा नहीं कर पा रहे हैं। नगर निगम के भी सैकड़ों चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

- फरमान, खेत स्वामी

"मेरे खेत के पास सरकार से मिलने वाली गोपालन की योजना के लिए गोशाला का निर्माण कराया था। लेकिन चारों तरफ तालाब का पानी भरने से सब कुछ खत्म करना पड़ा।

-मो. आदिल, खेत स्वामी

"तालाब की व्यवस्था खराब है। जिससे वहां के खेत स्वामी और रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। आबादी के पानी की निकासी के लिए नगर निगम बोर्ड की बैठक में नाला निर्माण का प्रस्ताव रखा है।

-कमलेश लोधी, पार्षद, वार्ड 24

अब तक 10 गोशालाओं में नहीं पहुंची चारा मशीन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : प्रदेश में मुख्यमंत्री के प्रत्येक जिले के हर ब्लॉक स्तर पर एक ग्राम पंचायत में दो गोशाला संचालित करने के सपने को अधिकारी- कर्मचारी पलीता लगा रहे हैं। जिले में बनी 16 गोशालाओं में से 10 में खंड विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी चारा मशीनें नहीं पहुंचा पाए हैं। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक से सभी के कार्य की रिपोर्ट मांगी। समय से कार्य रिपोर्ट न देने पर कार्रवाई करने की बात कही है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने गोशालाओं में बिजली एवं पानी की दिक्कत न हो इसके लिए सोलर पैनल लगवाने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने बताया कि जिले में आठ ब्लॉक हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह सभी गोशालाओं की देखरेख का जिम्मा खंड विकास अधिकारी और बनाए गए नोडल अधिकारियों को दिया था। गोशालाओं में अब से दो महीने पहले चारा मशीन लगवाने के लिए निर्देश भी दिए गए थे। जिसको गोदान निधि से लगाया जाना था। जिसमें एक मशीन की कीमत 30 हजार रुपये निर्धारित हुई थी। लेकिन, अभी तक 10 गोशालाओं में चारा मशीन नहीं पहुंच सकी है।

मशीन से चारा काटता कर्मी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित बास्केटबॉल टीम के साथ कोच मोहित चौधरी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को बास्केटबॉल टीम चयनित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश श्री एक्स श्री जूनियर बालक एवं बालिका बास्केटबॉल स्टेट चैंपियनशिप के लिए जनपद की बालक व बालिका टीम का चयन हो गया है। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिता का आयोजन 2 और 3 जून को पीलीभीत में होना है। जिसके लिए शनिवार को जनपद की बालक एवं बालिका बास्केटबॉल टीम का चयन आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी के बास्केटबॉल कोर्ट पर किया गया। इस दौरान संजीव भारद्वाज, डॉ. एएच रजा, फरोज खान, मोहित चौधरी मौजूद रहे।

चयनित बालक वर्ग : चंद्रकांत, वियान प्रजापति, अपेक्षा डागर, मोहित यादव।
चयनित बालिका वर्ग : रूबी राजपूत, दीया देओल, वनिका चौधरी, शिवांशी।

निरीक्षण में अनुपस्थित मिले तीन शिक्षामित्र

मुरादाबाद, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शनिवार को परिषदीय विद्यालयों में आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान तीन शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने प्राथमिक विद्यालय मऊ, उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊ, प्राथमिक विद्यालय काजीपुर, कंपोजिट विद्यालय शेरुआ धरमपुर, कंपोजिट विद्यालय गोपालपुर नत्था नगला, प्राथमिक विद्यालय चकहमीदपुर, प्राथमिक विद्यालय जमालपुर, प्राथमिक विद्यालय चकजाग वाली, प्राथमिक विद्यालय शाहपुर मुबारकपुर, कंपोजिट विद्यालय लदावली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय धर्मपुर शेरुआ में शिक्षामित्र महेंद्र कुमार और मनमोहन गौड़ अनुपस्थित पाए गए। साथ ही प्राथमिक विद्यालय जमालपुर में प्रियंका रानी अनुपस्थित पाई गईं।

हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट की चैम्पियन बनी एमपीएस टीम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में चल रहे एमपीएस हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को फाइनल मैच मॉडर्न पब्लिक स्कूल बनाम द आर्यंस जोया के बीच खेला गया। इसमें एमपीएस ने 10 विकेट से मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम की। इसमें सात्विक ने एमपीएस की ओर से 4 अहम विकेट लिए। साथ ही नाबाद 14 रनों की पारी खेली।

एमपीएस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। आर्यंस टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.1 ओवर में 50 रन बनाकर आलआउट हो गई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए एमपीएस ने 4.4 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 56 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए यश 33 रन और सात्विक 14 रन बनाए। सात्विक को उनकी शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य शकील अहमद ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दीपांशु चहल रहे, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सात्विक सिरोही, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब यश व्यास को मिला। एमपीएस टीम कोच नासिर हुसैन के नेतृत्व में टीम ले लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट जीता है।

मैच में शॉट खेलता बल्लेबाज।

लोन दिलाने के नाम पर छह लाख की ठगी

मुरादाबाद, अमृत विचार : महिला ने लोन दिलाने के नाम पर एक युवक से छह लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के मिलन विहार निवासी धर्मेंद्र अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने कारोबार के लिए रुपये चाहिए थे। इस बीच हरिद्वार निवासी महिला शालिनी सक्सेना से संपर्क हुआ। जिसने खुद को माइक्रो फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताया। महिला ने उसे बताया कि अगर आप को 50 लाख रुपये का लोन लेना है तो आपको दो लाख रुपये देने होंगे। महिला के कहने पर पीड़ित ने दो लाख रुपये महिला के बताए खाते में डाल दिए। लेकिन लोन पास नहीं हुआ। बाद में महिला ने पीड़ित से कुल छह लाख रुपये अपने खाते में डलवा दिए। लेकिन उसका लोन फिर भी पास नहीं हुआ।

योजना शैक्षिक नवाचार के अंतर्गत ग्रीष्मावकाश में नगर संसाधन केंद्र की लैब में दिया जाएगा प्रशिक्षण

बच्चे कंप्यूटर और तकनीकी ज्ञान लेकर बनेंगे दक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की तर्ज पर इस बार बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को भी ग्रीष्मकालीन अवकाश में सीखने व तकनीकी ज्ञान का अवसर मिलेगा। 20 मई से 15 जून तक परिषदीय स्कूलों में ग्रीष्मावकाश है। इस अवधि में बच्चों को स्वेच्छा के आधार पर आईसीटी लैब में कंप्यूटर व अन्य तकनीकी जानकारी सीखने को मिलेगी। इसमें शिक्षक भी सहयोग करेंगे।

नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में 20 मई सोमवार से ग्रीष्मावकाश शुरू हो रहा है। इस अवधि में बच्चों को कंप्यूटर व अन्य तकनीकी ज्ञान में दक्ष बनाने के लिए शैक्षिक नवाचार का प्रशिक्षण खंड शिक्षाधिकारी मनोज कुमार बोस, एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार के मार्गदर्शन में दिया जाएगा। इस नवीन विधा का संचालन गर्मी की छुट्टियों में नगर संसाधन केंद्र गांधी पार्क में स्थापित कम्प्यूटर/आईसीटी लैब को 20 मई से 15 जून तक बच्चों की स्वेच्छा और सुविधा के अनुसार खुला रखकर तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसमें बच्चे सुबह 9 बजे से 12 बजे तक की अवधि में अपनी आवागमन सुविधा के अनुसार किसी 1 घंटे का चयन कर आईसीटी लैब में आकर कम्प्यूटर चलाने और नई तकनीकी जानकारी सीख सकेंगे। स्कूलों के माध्यम से बच्चों के बीच प्रचार प्रसार कराकर प्रधानाध्यापक की संस्तुति से इच्छुक बच्चों का पंजीकरण 20 मई से कराया जाएगा। इस नवाचार के माध्यम से बच्चे अपनी छुट्टियों का सदुपयोग निशुल्क कंप्यूटर और तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने में कर सकेंगे। इस नवाचार के लिए नगर क्षेत्र के स्कूलों के कई शिक्षकों ने अवकाश की अवधि में उपलब्धता के अनुसार लैब में आकर सहयोग करने की सहमति दी है। जिसमें राहुल शर्मा, उस्मान आरिफ, रोशनी वर्मा, आयशा नूर, विष्णु भारदाज, नीतू सिंह, अर्चना रानी आदि शामिल हैं। नगर शिक्षाधिकारी मनोज बोस ने बताया कि नगर क्षेत्र के शिक्षकों विशेषकर राहुल शर्मा के प्रयास से बच्चों के लिए यह पहल शुरू की गई है। इससे बच्चों को कंप्यूटर व अन्य तकनीकी ज्ञान मिलेगा।

नगर संसाधन केंद्र गांधी पार्क में लैब में कंप्यूटर सीखते बच्चे। ● अमृत विचार

आरआरके स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ उपस्थित शिक्षिकाएं।

चार्ट पर बनाया फैमिली ट्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : आरआरके स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए कुकीज डेकोरेशन शो का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के विद्यार्थियों ने कुकीज को सुंदर तरीके से सजाया। बच्चों ने कुकीज डेकोरेशन के लिए जेम्स, फ्रूट जेम, बटर चीज आदि का प्रयोग किया।

बच्चों ने कुकीज से फूल, स्माइली ट्री आदि बनाए। कक्षा तीन से कक्षा पांच तक के बच्चों ने चार्ट पर फैमिली ट्री बनाया। दादा-दादी, मम्मी-पापा, भाई-बहन, चाचा-चाची के सुंदर-सुंदर फोटो से एक सुंदर वृक्ष बनाया।

वहीं कक्षा छह से कक्षा 10 तक के छात्रों के लिए कैलीग्राफी का आयोजन किया। इस दौरान प्रधानाचार्या वंदना छाबड़ा ने सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदरता से कुकीज को सजाया है।

एक नजर

वन विभाग की भूमि से अवैध कब्जा हटवाया

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव भीमा ठीकरी के पास वन विभाग की भूमि को टीम ने कब्जा मुक्त कराया। बताया कि गांव निवासी महेश राणा ने टिनशेट डालकर भूमि पर कब्जा कर रखा था। शुक्रवार देर शाम मौके पर पहुंची विभाग की टीम ने टिनशेट हटवा दिया। वन क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि भूमि पर अवैध कब्जे की सूचना मिली थी।

ब्रह्मबाद में तेंदुए ने बकरे को बनाया निवाला

हसनपुर, अमृत विचार : गांव ब्रह्मबाद निवासी रमजानी के घर के आंगन में बंधे बकरे को शुक्रवार रात तेंदुए ने निवाला बना लिया। गांव से 200 मीटर दूर आम के बाग में बकरे के अवशेष मिले। वहीं तेंदुए के पैरों के निशान भी दिखाई दिए। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन दरोगा पलटूराम मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि तेंदुए के पैरों के निशान मिले हैं। पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा। वहीं रमजानी ने बताया कि घर के सभी सदस्य कमरों में सोए हुए थे। देर रात किसी समय दीवार फांद कर तेंदुआ अंदर आया और आंगन में बंधे बकरे को उठाकर ले गया। सुबह होने पर जब आंगन में बकरा नहीं देखा तो उसे तलाश किया गया।

महिला को दिया तीन तलाक, दी तहरीर

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती की शादी नगर के ही दूसरे मोहल्ले के युवक के साथ 13 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों के पास एक बेटा व एक बेटी है। पीड़िता का आरोप है कि शुक्रवार को उसके पति दुकान पर गए थे तो उसकी सास व ननदों ने उन्हें घर बुलाया। इन्होंने पति से उसे पिटवाया। इसके बाद पति ने अपनी उसे तीन तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है।

सांड़ ने ई रिक्शा चालक पर किया हमला, घायल

सैदनगली, अमृत विचार : नगर पंचायत में सांड़ ने ई-रिक्शा चालक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। लोगों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। संभल के गांव अल्लीपुर निकट मन्नी खेड़ा निवासी वीरेंद्र पुत्र चंद्रपाल ई रिक्शा चलाक है। शनिवार को वह सैदनगली में ई रिक्शा चलाने के लिए आया था। घंटाघर के पास वह ई-रिक्शा खड़ी कर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी सांड़ ने उस पर हमला कर दिया।

अभी पांच दिन और सताएगी लू, तापमान 46 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान

सबसे गर्म रहा शनिवार का दिन, लोग हुए बेहाल

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

अमृत विचार : मई के तीसरे सप्ताह में सूरज के तेवर तल्ख होने से गर्मी में लोग बेहाल हो रहे हैं। शाम तक भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। इस बार शनिवार का दिन सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

गर्मी और चिलिचिलाती धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया है। तपिश के चलते लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर में शहर के मार्ग और बाजारों में लोगों की आवाजाही कम नजर आई। लोग कड़ी धूप से बचने के लिए अपने चेहरे को ढककर निकले। उधर, खेती व कारोबार पर भी गर्मी का असर पड़ा है। गर्मी के चलते फसलों की सिंचाई का संकट भी गहरा रहा है। एक सप्ताह से लगातार तापमान में चढ़ाव दिख रहा है। पंतनगर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अभी पांच दिन और लू चलेगी। कुछ दिनों में अमरोहा जिले का तापमान 46 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है।

शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, गजरौला क्षेत्र में भी भीषण गर्मी और लू से हर कोई परेशान नजर आया। दोपहर को शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। सुबह से दोपहर तक भीषण गर्मी और लू ने नागरिकों का घर से निकलना दूभर कर दिया है। उधर, लगातार तापमान में हो रही बढ़ोतरी से हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ गया है। इसका असर बच्चों के स्वास्थ्य पर अधिक देखा जा रहा है। बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए चिकित्सक ओआरएस का घोल पिलाने की सलाह दे रहे हैं।

गजरौला में कपड़े से चेहरा ढककर जाता स्कूटी सवार।

लू व गर्मी से ऐसे करें बचाव

- तेज धूप में निकलें तो सिर पर टोपी पहनें।
- छाते का प्रयोग करें, छाया में खड़े हों।
- ढीले, सूती व हल्के रंग के कपड़े पहनें।
- पानी उबाल कर,ओआरएस का घोल पीएं
- नारियल पानी व मौसमी फल खाएं
- बच्चों को रोटा वायरस का टीका लगवाएं
- नवजात को मां का दूध पिलाएं

ये न करे

- बाजार में बिकने वाली खुली खाद्य सामग्री न खाएं।
- ज्यादा तेल, मिर्च, मसाले के प्रयोग से बचें।
- दूषित कुल्फी, आइसक्रीम के सेवन से बचें
- बाहर से आकर तुरंत ठंडा पानी न पीएं

गर्मी में बच्चे और बुजुर्गों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहें। बच्चों को ओआरएस, नमक चीनी का घोल पिलाएं। यह लाभदायक साबित होगा। धूप से बचें। सूती कपड़े पहनें, क्योंकि यह पसीना आसानी से सोख लेते हैं। धूप के चश्मे और टोपी का प्रयोग करें। **-डॉ. योगेंद्र सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, सीएचसी गजरौला**

गर्मी में बढ़ गई फ्रिज और कूलर की मांग

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर व क्षेत्र में गर्मी से लोगों का जीवन प्रवाभित हो गया है। बाजार व सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। रात में भी गर्मी के कारण लोगों को नींद नहीं आ रही है। इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर फ्रिज व कूलर की डिमांड बढ़ गई है।

शहर महादेव चुंगी, मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन रोड स्थित कई दुकानों में फ्रिज व कूलर खरीदने के लिए ग्राहक पहुंच रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी गोल्डी सैनी ने बताया कि इस समय कूलर की डिमांड बढ़ गई है, इसलिए दुकान में पहले से ही कूलर का स्टॉक मंगा कर रख लिया गया है। दाम में भी कुछ इजाफा हुआ है। बिजली की कटौती ने भी मुश्किलों को बढ़ा दिया है। धूप और गर्मी से सड़क पर चलने वाले लोगों के चेहरे मुरझाने लगे हैं। गर्मी से राहत पाने के लोग सड़क किनारे लगे फलों के जूस व गन्ना के रस के ठेलों पर प्यास बुझा रहे हैं।

हाइवे पर डंपर में रोडवेज की बस घुसने से सात यात्री घायल

चालक को नींद की झपकी आने से चौधरपुर में हुआ हादसा

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : नेशनल हाइवे किनारे खड़े डंपर में तेज रफ्तार लोनी डिपो की रोडवेज बस घुस गई। इससे बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सात यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

यह हादसा शनिवार तड़के चार बजे नेशनल हाइवे पर स्थित चौधरपुर में हुआ। बताया गया कि लोनी डिपो की रोडवेज की बस सीतापुर से दिल्ली जा रही थी। बस को चालक संदीप कुमार चला रहा था। बस चौधरपुर में पैरामाउंट फैक्टरी के सामने पहुंची तो चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे बेकाबू होकर बस हाइवे किनारे खड़े डंपर में घुस गई। टक्कर लगते ही यात्रियों में चींख पुकार मच गई। बस में करीब 25 से अधिक यात्री सवार थे।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त रोडवेज की बस व डंपर।

- **घायलों में शाहजहांपुर, आजमगढ़, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के लोग शामिल**

हादसे के बाद हाइवे पर अन्य वाहन भी रुक गए। सूचना के बाद डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और रोडवेज की बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में सात लोग घायल हुए। घायल चालक संदीप कुमार, शाहजहांपुर निवासी अमरपाल, आजमगढ़ निवासी अभिमन्यु, हरदोई निवासी प्रभात सिंह, सीतापुर निवासी मोहम्मद आमिर, लखीमपुर खीरी निवासी मोहम्मद मेराज, सीतापुर निवासी अंकित को एंबुलेंस से पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। भारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि बस की तेज रफ्तार व चालक को नींद की झपकी आने के कारण हादसा हुआ।

गांव हथियाखेड़ा में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

फुंका ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग, ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : गांव हथियाखेड़ा में पांच दिन से फुंके ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग पर ट्रांसफार्मर नहीं बदलने का आरोप लगाया।

गर्मी में विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। लोगों ने बताया कि गांव में ट्रांसफार्मर पांच दिन से खराब है। 50 उपभोक्ता अंधेरे में हैं। प्रदर्शनकारी ग्रामीण पप्पू खड़गवंशी ने बताया कि 25 केवीए के ट्रांसफार्मर रखे हैं, जबकि लोड ज्यादा है। इसलिए यह ट्रांसफर फूंक जाते हैं। 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाए। प्रदर्शन करने वालों में डोरी लाल, खजान, रंजीत, जयकरन, जोगिंदर, सतवीर, मेघराज, जयपाल, पुष्कर, अमरपाल आदि मौजूद रहे।

गर्मी में बिजली कटौती से लोगों की बढ़ी परेशानी

अमरोहा, अमृत विचार : बिजली कटौती से नगर व देहात क्षेत्र में लोग बेहाल हो रहे हैं। शनिवार को आसमान से बरसती आग से लोग की शरीर झुलस गए। इस बीच बिजली कटौती से परेशानी बढ़ रही है। विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि नगर में बिजली कटौती जर्जर बिजली लाइन के तारों को बदलने के कारण की जा रही है।

कार्यशाला में नगर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने पर हुई चर्चा

संवाददाता, हसनपुर

प्रबंध

- **पालिकाध्यक्ष बोले- स्टाफ एवं सफाई कर्मचारियों के सहयोग से अभियान में करेंगे जीत हासिल**

अमृत विचार : स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी को लेकर नगर पालिका सभागार में सफाई कर्मचारियों की एक कार्यशाला हुई। इसमें जिला कार्यक्रम प्रबंधक व पालिका अध्यक्ष ने प्रदेश में स्थान प्राप्त करने की बात कही।

नगर पालिका की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण जागरूकता कार्यशाला कराई गई। नगर पालिका परिषद हसनपुर इस वर्ष भी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में भाग ले रही है। नगर में सूखा कचरा एवं गीला कचरा अलग एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। नगर को पूर्ण रूप से खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। नगर पालिका हसनपुर के स्वच्छता सर्वेक्षण प्रचार-प्रसार गतिविधियों के जिला कार्यक्रम प्रबंधक नदीम अख्तर ने कर्मचारियों को अभियान की जानकारी दी। नगर को साफ और सुंदर बनाने में सहयोग की अपील की। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि पालिका स्टाफ एवं सफाई कर्मचारियों के सहयोग से इस अभियान में जीत हासिल करेंगे।

स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर को नंबर वन पर लाएंगे। कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, अवर अभियंता संगीता कश्यप, बाबू दिनेश कुमार,करन सिंह, शारिक, दीपक, मनी, अजय पाल, विक्रम महंत आदि मौजूद रहे।

जिपं सदस्य पर जानलेवा हमले के पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : जिला पंचायत सदस्य पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविन्द खड़गवंशी समेत तीन नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव कुदैनी चक निवासी धर्मपाल खड़गवंशी बसपा के जिला पंचायत सदस्य हैं। धर्मपाल को पूर्व जिपं सदस्य गोविन्द खड़गवंशी ने किसी काम से अपने फार्म हाउस पर बुलाया था। धर्मपाल वह शुक्रवार शाम वहां पहुंचे। आरोप है कि यहां गोविन्द, मनोज व गजराज समेत दो अज्ञात लोगों ने धर्मपाल को मारा पीटा। गोविन्द ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में मौजूद शिक्षक व अन्य।

पेंशन बहाली का मुद्दा उठाया

संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मंडल मुरादाबाद के समस्त जिलों के पदाधिकारियों की एक बैठक जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में मंडलीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभी जनपदों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री व जिला कोषाध्यक्ष उपस्थित हुए। शिक्षकों व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली और विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। पूर्व शिक्षक विधायक सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को अपनी मांगों को मनवाने के लिए एकजुट होना होगा। संगठन के प्रदेशीय मंत्री डॉ. जीपी. सिंह ने कहा कि हमने अब तक जो भी प्राप्त किया है। सब एकता के बल पर ही प्राप्त किया है। इस दौरान डॉ. सुनीत गिरी, मंत्री प्रेम सिंह, गुरनाम सिंह, अतुल पंडित, बालक राम, केपी सिंह, अजय राठौर, विक्रम सिंह, अनुज वर्मा, मोहित सक्सेना, मनोज रस्तोगी, मंगेश वार्ष्णेय, राजीव पाठक, पुष्पेश मिश्र, गयूर आसिफ, विनोद कुमार, मयूर आदि रहे।

गंगा एक्सप्रेसवे के ठेकेदार पर फायर करने का आरोप

हसनपुर (अमरोहा), अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के कई गांवों से होकर गुजर रहे गंगा एक्सप्रेस वे पर मिट्टी डालने का कार्य कर रहे ठेकेदार पर ग्रामीणों ने फायर करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का आरोप है कि रुपये मांगने पर ठेकेदार ने गोली चलाई और फरार हो गया।

क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे पर ठेकेदार गौरव मिट्टी डालवा रहा है। वह किसानों को रुपये देकर खेतों से मिट्टी उठवा रहा है। गांव रुखालू के ग्रामीण विकास, नजाकत, गजेंद्र, कुंवर पाल, सोमपाल, सुखा व अन्य ग्रामीणों के लाखों रुपये बताए जा रहे हैं। शनिवार को ग्रामीणों ने गांव के निकट स्थित सूरज इंटर कॉलेज के पास ठेकेदार गौरव को घेरकर रुपये मांगे तो उसने पिस्तौल से गोली चला दी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि गोली चलाने का कोई मामला नहीं है। मिट्टी के रुपयों को लेकर ठेकेदार व ग्रामीणों का झगड़ा हुआ है।

समस्या

गर्मी के बीच जाम में फंसे राहगीर होते हैं परेशान, प्रशासन समस्या से अनजान

ई-रिक्शा से शहर के मुख्य मार्गों पर लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर के बाजार और मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा से जाम की समस्या बनी रही है। शहर में ई-रिक्शाओं की कतार दिखती है। जाम से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन, जिम्मेदार समस्या से अनजान है।

शनिवार को शहर के मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा ज्यादा चलने के कारण जाम रहा। शहर के लकड़ा चौराहा पर ई-रिक्शा अधिक होने की वजह से जाम लगा। सुबह से ही वाहनों का आवागमन अधिक रहा और 11 बजे से ही शहर में जाम लगना शुरू हो गया। बिजनौर रोड, बाजार बटवाल, बाजार सर्राफा, बड़ा बाजार, मंडी चौब, आजाद रोड, टीपी नगर चौराहा समेत अन्य मुख्य मार्गों पर अधिक ई-रिक्शा होने से जाम लगा रहा। बाजार में शाम तक जाम जैसी स्थिति बनी रही।

शहर के बिजनौर मार्ग पर लगा जाम।

ई-रिक्शाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे जाम लगता है। प्रशासन को नगर में दौड़ रहीं पुरानी रिक्शाओं को बंद कराया जाना चाहिए।
- मनोज वर्मा, व्यापारी

नगर में लगने वाले जाम को समाप्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी को अंजाम देना होगा। तय मार्ग पर ही ई रिक्श लेकर जाएं।
- अली हैदर, व्यापारी

नगर में ई-रिक्शा के कारण लगने वाले जाम से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बाजार में व्यापारी, ग्राहकों को भी परेशानी को सामना करना पड़ता है।
- मनोज टंडन, व्यापारी नेता

नगर में बिना रजिस्ट्रेशन और पुरानी ई-रिक्शा मार्ग पर दौड़ते हैं। इससे आए दिन जाम की समस्या हो रही है। स्कूली बच्चों को भी परेशानी होती है। प्रशासन ई-रिक्शाओं के लिए निर्धारित मार्ग पर ही चलने के निर्देश दे।
- इकबाल खान, सामाजिक कार्यकर्ता

बरात में डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लात-घूसे

अमरोहा, अमृत विचार : डीजे पर डांस को लेकर विवाद के दौरान दोनों पक्षों में लात-घूसे और लाठी डंडे चले। हालांकि गांव के कुछ लोगों ने मामला निपटा दिया।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर निवासी पुलिसकर्मी कोशिंदर दिवाकर की बरात 17 मई को विनायक बैंक्वेट हॉल मखदूमपुर में आई थी। दूल्हन उमा देवी पुत्री चंद्रपाल सिंह दिवाकर अध्यापक के पद पर तैनात है। जयमाला कार्यक्रम के बाद डीजे पर डांस करते समय किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों में लात-घूसे और बेल्ट लाठी डंडे चले। इसमें मनीष दिवाकर निवासी बांसखेड़ी और शिवम कुमार दिवाकर निवासी बेरखा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवकों के सिर में चोट लगी। झगड़े के दौरान बरात में आई बस के शीशे भी तोड़ दे दिए गए। डायल 112 नंबर व पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को थाने ले आई। घायलों का सीएचसी में उपचार कराया गया। झगड़े के बाद दूल्हा-दुल्हन के फेरे हुए, लेकिन दूल्हे ने लड़की को ले जाने के लिए तब तक मन कर दिया जब तक वह पुलिस हिरासत से अपने रिश्तेदारों को छुड़ाकर घर नहीं ले जाएगा। इस बात को लेकर कन्या पक्ष पर दूल्हे ने दबाव बनाया।

गांव के कुछ लोगों ने मामले को निपटाया। बिना कार्रवाई के कन्या पक्ष से समझौता कर दुल्हन को अपने साथ अपने गांव शकरपुर ले गया।

सार-संक्षेप

बगद नदी के लिए खोदाई करते भाकिसं के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भाकिसं ने बगद नदी की खोदाई कर किया श्रमदान

हसनपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता प्रांतीय संगठन मंत्री सुनील कुमार के नेतृत्व में फावड़े लेकर गांव करनखाल के पास बगद नदी पर पहुंचे। नदी की खोदाई एवं सफाई अभियान चलाया। प्रांतीय संगठन मंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष बगद नदी की खोदाई के लिए अभियान चलाया जाता है, लेकिन कार्य को पूर्ण नहीं कराया जाता। जब तक नदी में पानी नहीं छोड़ा जाएगा। क्षेत्र के लोगों को लाभ नहीं मिलेगा। सबसे पहले नदी की नापतोल की जाए। खोदाई कराकर नदी में जल प्रवाहित किया जाए। प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह ने कहा कि हसनपुर तहसील प्रशासन को नदी की खोदाई पूरी कराए। इस दौरान कृष्ण कुमार शर्मा, महीपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, अशोक कुमार शर्मा, लल्लू सिंह, ओमवीर रहे।

बीईओ ने स्कूलों में देखीं व्यवस्थाएं

हसनपुर, अमृत विचार : खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह ने शनिवार को नगर के लालबाग प्रथम, लाल बाग सेकेंड, जदीद, कन्या विद्यालय लालबाग एवं काशीराम कॉलोनी स्थित सरकारी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने मिड-डे मील, उपस्थिति रजिस्टर, किताबों व साफ सफाई देखी। बच्चों से भी कुछ सवाल पूछे। उन्होंने प्रधानाध्यापकों से बच्चों की संख्या बढ़ाने की भी बात कही। खंड शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में व्यवस्थाएं ठीक मिलीं। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी के साथ विनोद कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

पूल पार्टी में बच्चों ने की मौज मस्ती

अमरोहा, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला काला कुंआ स्थित सन बीम पब्लिक स्कूल में शनिवार को हुई पूल पार्टी में बच्चों ने पानी में मस्ती की। इस दौरान कई प्रकार की एक्टिविटी भी हुई। विद्यालय की प्रधानचार्या इति रस्तौगी ने बताया कि बच्चों के लिए शिक्षा के साथ शारीरिक व मानसिक मनोरंजन भी होना आवश्यक है। स्कूल में फन इन द पूल थीम को लेकर पूल पार्टी का आयोजन किया गया।

पूल पार्टी में मौज मस्ती करते बच्चे।

सुनील इंटरनेशनल अकादमी में हुई आइसक्रीम पार्टी

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित सुनील कुमार इंटरनेशनल अकादमी में शनिवार को बच्चों को राहत दिलवाने के लिए आइसक्रीम पार्टी हुई। इसमें बच्चों ने खूब मनोरंजन किया। अकादमी के अध्यक्ष गोपाल सक्सेना ने बताया कि इस तरह के आयोजन संस्था में किए जाते हैं। इस मौके पर डायरेक्टर डॉ. नेहा सक्सेना, प्रधानाचार्य ऋषभ भटनागर आदि मौजूद रहे।

आइसक्रमी पार्टी में मौजूद बच्चे।

योगासन प्रतियोगिता में पारस को मिला गोल्ड

गजरौला, अमृत विचार : अमरोहा में हुई योगासन प्रतियोगिता में नोबल पब्लिक स्कूल के छात्र पारस सिंह ने गोल्ड मेडल जीता था। इस उपलब्धि पर स्कूल में हर्षोल्लास का माहौल है। स्कूल के निदेशक शुभम उपाध्याय ने पारस सिंह, शुभम सिद्धू का उत्साह बढ़ाया। कहा कि अन्य सभी योगासन खिलाड़ी इनसे प्रेरणा लें और लगातार परिश्रम करते रहें, क्योंकि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। शुभकामनाएं देने वालों में शिक्षिका जयलक्ष्मी पांडे, सोनम, नीतू सिंह, सपना सिंघल व शिक्षक विनीत कुमार, मोहन गुप्ता, जावेद खान आदि शामिल रहे।

मेडल दिखाता छात्र।

जलनिकासी की समस्या का जल्द करें समाधान

हसनपुर, अमृत विचार : नगर पालिकाध्यक्ष ने मां चामुंडा मंदिर के निकट जलनिकासी की समस्या को लेकर निरीक्षण किया। मंदिर जाने आने वाले भक्तों व लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी शनिवार को मां चामुंडा मंदिर मार्ग पर पहुंचे। उन्होंने पालिका स्टाफ एवं ठेकेदार को जल्द इस समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बाबू करनसिंह, डॉ. शिवचरण अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, रविंद्र ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

निरीक्षण करते पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, साथ में अन्य।

कंपोजिट विद्यालय के ताले तोड़कर छह पंखे चुराए

हसनपुर, अमृत विचार : गांव सोहरका के कंपोजिट विद्यालय के ताले तोड़कर छह पंखे चोरी कर लिए गए। शनिवार सुबह प्रधानाध्यापक दिव्या व स्टाफ विद्यालय पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि कुछ दिन पहले भी विद्यालय में चोरी हुई थी। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बीएन सिंह की पुण्यतिथि मनाई

अमरोहा, अमृत विचार : कर्मचारियों के मसीहा स्व. बीएन सिंह की पुण्यतिथि पर अमरोहा में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सेवारत कर्मचारी और पेंशनर्स ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ज्ञानेंद्र सिंह त्यागी और पेंशनर्स एसोसियेशन जिला अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह चिकारा ने प्रकाश डाला। इस दौरान हरेंद्र सिंह, शाहनवाज खान, सतेंद्र सिंह, पंकज शर्मा, शहरोज अली, जयकिशोर, युनुस, महेश सिंह, इंद्रजीत सिंह, शिशुपाल सिंह, मदन पाल सिंह ढिल्लो आदि रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

एक नजर

ड्राइविंग लाइसेंस के स्लॉट किए रिशेड्यूल

संभल,अमृत विचार : परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल पर मेंटेनेंस का काम होने के कारण 16 और 17 मई को ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधी कार्य बाधित रहा। ऐसे में एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने इन तिथियों के लाइसेंस के स्लॉट रिशेड्यूल किए हैं। उन्होंने बताया कि 16 मई को बुक लाइसेंस के सभी स्लॉट (डीएल रिन्यूअल, डीएल/लर्निंग) के आवेदक 20 मई को तथा 17 मई को बुक लाइसेंस के सभी स्लॉट के आवेदक 21 मई को कार्यालय आकर औपचारिकताएं पूर्ण कराएंगे।

वारंटी को किया गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बारीपुर भमरौआ निवासी ओमवीर पिछले वर्ष से न्यायालय में चल रहे वाद चेक बाउंस के मामले में पैरवी नहीं कर रहा था। पेश नहीं होने पर न्यायालय ने ओमवीर के खिलाफ वारंट जारी किया था। शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने ओमवीर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई कर ओमवीर का चालान कर दिया।

किशोरी को ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शनिवार को थाने में पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि सोमवार की शाम घर में 16 वर्षीय पुत्री अकेली थी। गांव का ही अभिषेक घर में घुस आया और किशोरी को ले गया। शनिवार को पता चलने पर महिला थाने पहुंची और अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर किशोरी को बरामद करने की मांग की।

गैंगस्टर में संपत्ति जब्तीकरण का दिया प्रशिक्षण

संभल/बहजोई,अमृत विचार : पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत की अध्यक्षता में संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश कुमार मिश्रा व सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सुधीर बीलवान द्वारा गैंगस्टर एक्ट, गुण्डा एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता के नये कानूनों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारियों को गैंगस्टर एक्ट में माफियाओं की संपत्ति के जब्तीकरण का प्रशिक्षण दिया गया। अभियोजन विभाग के अधिकारियों व सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

उपेक्षा के चलते बबराला रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बदहाल

टोंटियों से निकल रहा गर्म पानी, परिसर में फैली गंदगी

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : रेलवे की उपेक्षा से बबराला स्टेशन बदहाल है। पूछताछ केंद्र नहीं है तो पीने के पानी की टोंटी खराब है। कुछ टोंटियों से गर्म पानी आ रहा है। शौचालयों में साफ-सफाई सुचारु नहीं है। स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का अकाल है।

बबराला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जिस कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को अमृत विचार ने रेलवे स्टेशन पर पड़ताल की यही सच सामने आया। प्लेटफार्म पर दोपहर के समय सादा पानी की टोंटी में उबला जैसा गर्म पानी आ रहा था। ठंडे पानी की सिर्फ एक मशीन होने पर पानी पीने के लिए लोगों में मारामारी के हालात बने रहे। स्टेशन पर नए प्लेटफार्म का निर्माण कार्य चलने के कारण जगह-जगह मलबा बिखरा पड़ा है। शौचालयों में भी साफ-सफाई न होने के कारण दुर्गंध का माहौल है। एक शौचालय में टोंटी टूटी होने के कारण पानी लगातार बह रहा है। यात्रियों को टिकट लेने के लिए लंबी लाइन में लगनी पड़ती है क्योंकि टिकट की खिड़की उसी समय खुलती है, जब ट्रेन के आने जाने का समय होता है। प्लेटफार्म पर दीवार के नीचे घास उगी है तो पर्याप्त साफ-सफाई नहीं है।

यह है बबराला का रेलवे स्टेशन। ● अमृत विचार

▸▸ पूछताछ केंद्र नहीं होने पर भटकते हैं यात्री, शौचालयों में है गंदगी

वह आज यहां कार्यवाहक स्टेशन मास्टर हैं। कभी कभार ड्यूटी लगती है, इसलिए ठीक से जानकारी नहीं है।

-मास्टर भूरे सिंह, इंचार्ज स्टेशन

यात्री प्रतीक्षालय में गंदगी पसरी है। यात्रियों को ट्रेनों के आने जाने के समय की सही जानकारी देने के लिए पूछताछ केंद्र भी नहीं है। पूछताछ केंद्र न होने के कारण यात्री ट्रेन के बारे में जानकारी के लिए इधर-उधर भटकने के लिए मजबूर हैं। कई बार ट्रेन के प्लेटफार्म बदले जाने का ऐन वक्त पर पता चलता है। ऐसे में यात्री जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन को पार कर दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंचते हैं।

अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर ट्राली किए सीज

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में अवैध खनन होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी से लदे तीन ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। खनन से संबंधित कागजात नहीं दिखाए तो तीनों ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव जोगीपुरा के जंगल में शनिवार की सुबह अवैध खनन कर मिट्टी ट्रैक्टर ट्राली में लादकर चालक लेकर जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मिट्टी लेकर जा रहे चालक गांव जोगीपुरा निवासी रागिब, सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी जाबिर व मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी आबिद की ट्रैक्टर ट्राली को रुकवा लिया। खनन से संबंधित कागजात मांगने पर चालक रागिब, जाबिर और आबिद पुलिस को नहीं दिखा सके। जिसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया।

मचान पर लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

खेत में फसल की छुट्टा पशुओं से रखवाली करने गया था युवक, एक सप्ताह पूर्व तीन लोगों ने की थी मारपीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

अमृत विचार: जुनावई थाना क्षेत्र में फसल की रखवाली करने गए युवक का शव सुबह खेत पर बने मचान से बंधी रस्सी के फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने गांव के ही पिता पुत्रों सहित तीन लोगों पर हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर युवक का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि एक सप्ताह पहले घर में घुसकर गांव के ही पिता पुत्रों सहित तीन लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर युवक को घायल कर दिया था। शिकायत मिलने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी।

थाना क्षेत्र के गांव मणिकावली निवासी मानेश 28 वर्ष शुक्रवार की शाम घर से खाना खाने के बाद खेत में फसल की छुट्टा पशुओं से रखवाली करने गया था। शनिवार की सुबह साढ़े चार बजे मानेश की पत्नी क्रांति व छोटा भाई भुवनेश खेत पर काम करने और मानेश के लिए चाय लेकर पहुंचे। देखा तो मानेश का शव खेत पर बने मचान पर रस्सी के फंदे पर झूल रहा था। फंदे पर मानेश का शव लटका देखकर क्रांति व भुवनेश की चीख निकल गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में फसल की रखवाली कर रहे अन्य ग्रामीण भी मौके पर आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाकर इकट्ठा किए। पुलिस ने रस्सी खोलकर मानेश का शव फंदे से नीचे उतारा। छोटे भाई भुवनेश ने गांव के ही एक ही परिवार के तीन लोगों पर गला दबाकर मानेश की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर मानेश का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मानेश की मौत होने से उसकी पत्नी क्रांति व पांच बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

युवक का शव मिलने के बाद बिलखती परिवार की महिला। ● अमृत विचार

उस मचान के पास इकट्ठा लोग जहां युवक का शव लटका मिला। ● अमृत विचार

▸▸ एक ही परिवार के तीन लोगों पर लगाया हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप

▸▸ फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जुटाए साक्ष्य

तीन के खिलाफ दी हत्या के मामले की तहरीर

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मणिकावली निवासी भुवनेश ने शनिवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि। आरोप लगाते हुए कहा कि जब मैं खेत पर पहुंचा तो गांव के ही जुगेंद्र उर्फ योगेंद्र अपने बेटे फिरोज व पोते विश्वास के साथ मिलकर गला दबाकर मानेश की हत्या करने के बाद शव मचान पर रस्सी के फंदे पर लटका रहे थे। शोर मचाया तो जुगेंद्र उर्फ योगेंद्र, फिरोज व विश्वास मौके से भाग गए। कहा कि 9 मई की रात को जुगेंद्र उर्फ योगेंद्र, फिरोज और जुगेंद्र ने घर में घुसकर मारपीट कर मानेश को घायल कर दिया था। शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। जिससे जुगेंद्र उर्फ योगेंद्र, फिरोज और जुगेंद्र बार बार मानेश को जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

सार-संक्षेप

रोटरी क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक गुप्ता के साथ क्लब के पदाधिकारी।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने दी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा

बबराला, अमृत विचार : रोटरी क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक गुप्ता ने रोटरी क्लब बबराला गंगा के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रोटरी क्लब की कार्यप्रणाली को सराहा तथा भविष्य में इससे बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा दी। जिला गवर्नर अशोक गुप्ता ने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल जरूरतमंदों की मदद करता है। हेल्थ शिविर लगाकर लोगों को जीवन की नई आस दिखाता है। उन्होंने पर्यावरण, जरूरतमंदों की मदद करने के साथ साथ स्कूलों, कॉलेजों में पेयजल और शौचालय का प्रस्ताव मांगा। इस मौके पर रोटरी क्लब गंगा की ओर से जिला गवर्नर को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान अध्यक्ष आशीष शर्मा, अतुल गोयल, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. सुधींद्र शर्मा, डॉ. राहुल यादव, सुरेश गुप्ता, अभय वार्ष्णेय टेस्टी, सुमित यादव, अंकित गुप्ता सीए, रजत मित्तल, अभय शर्मा, विजय गोयल आदि मौजूद रहे।

गंगा स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

बबराला अमृत विचार : भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून की टीम ने नमामि गंगे परियोजना के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गंगा और उसकी जैव विविधता के बारे में लोगों को जागरूक किया। संस्थान के प्रोजेक्ट एसोसिएट सोनू पंवार और उनकी टीम के सदस्य वंशिका, फाल्गुनी, यश, अभिषेक, प्रशांत और साहिल ने अनूपशहर गंगा घाट पर नुक्कड़ नाटक के जरिये गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। कलाकारों ने गंगा में बढ़ते प्रदूषण और उसके कारणों पर प्रकाश डालते हुए मानव जीवन में नदियों के महत्व को बखूबी दर्शाया। इससे पूर्व मां गंगा की आरती कर संयुक्त रूप से गंगा घाट पर सांकेतिक सफाई अभियान भी चलाया।

कक्षा में प्रवेश के अवसर पर रंगोली सजाती छात्राएं। ● अमृत विचार

तिलक लगाकर स्वागत, फीता काट कक्षा में किया प्रवेश

गुन्नौर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र में गांव खिचरपुर स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं में 115 छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से फीता काट कर कक्षाओं में प्रवेश किया। शनिवार को नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 में दाखिला लेने वाले छात्र छात्राओं के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में पुराने छात्रों ने नये छात्रों को उपहार में पेन देकर स्वागत किया। छात्राओं ने कक्षा द्वार पर रंगोली सजाई और सरस्वती वंदना और स्वागत गान से अभिभावकों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य अंशुल चौधरी ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन छात्र छात्राओं की बेहतर शिक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। समारोह में प्रवीन माथुर, सुशील कुमार, भावना यादव, दीपक के अलावा अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

भीषण गर्मी में अस्पतालों में बढ़ी रोगियों की भीड़

चन्दौसी, अमृत विचार : गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। जिसकी चपेट में आकर लोग बीमार हो रहे हैं। जिससे सीएचसी में उपचार कराने वाले मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लग रही है। अब सीएचसी में उपचार कराने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 800 तक पहुंच गई है। जबकि कुछ मरीज सीएचसी में भर्ती है। जिसका उपचार किया जा रहा है। वहीं चिकित्सक भी मरीजों से लू से बचने की सलाह दे रहे हैं। शनिवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। गर्मी से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिससे ज्यादा लोग बुखार, उल्टी-दस्त से पीड़ित हैं। पिछले सप्ताह सीएचसी में उपचार कराने वाले मरीजों की प्रतिदिन संख्या 650 से 700 रहती थी। मगर शनिवार की मरीजों की संख्या 800 हो गई। चिकित्सक भी मरीजों से गर्मी के साथ-साथ लू से बचने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि तेज धूप में घर से बाहर निकलते समय सिर ढककर निकले। जरुरत होने पर ही धूप में बाहर जाए। घर का ताजा बना भोजन खाएं। ज्यादा ठंडे पानी का सेवन बिल्कुल न करें। बीमार होने पर चिकित्सक की सलाह पर दवा लें। सीएचसी प्रभारी हरविंदर सिंह का कहना है कि इस समय तापमान में बढ़ोत्तरी होने के साथ लू का प्रकोप बना हुआ है। इसमें लापरवाही करने वाले लोग ही बुखार व अन्य रोगों की चपेट में आ रहे हैं। बीमार होने पर चिकित्सक की सलाह के बाद ही दवा का सेवन करें।

सीएचसी में चिकित्सक कक्ष के बाहर लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से मजदूर की मौत

संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचार: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी व गांव मुकर्ररपुर मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक हिरासत में लेकर ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया।

असलम का फाइल फोटो।

गांव मोमनपुर कढेड़ा निवासी मजदूर असलम 40 वर्ष शनिवार को सिरसी से बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। थाना क्षेत्र में सिरसी से गांव मुकर्ररपुर जाने वाले रास्ते पर ताली तालाब के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली ने असलम की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे असलम सड़क पर गिर गया और ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया उतरने से असलम की मौके पर ही मौत हो गई। मार्ग से गुजर रहे आसपास के लोगों ने चालक को पकड़ लिया। परिजनों ने बताया कि असलम ईंट भट्टे पर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मजदूर की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

पिकअप की टक्कर से टेंपो चालक सहित दो घायल

बहजोई, अमृत विचार : टेंपो में पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे टेंपो चालक सहित दो गंभीर रूप से घायल हो गए। बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा निवासी कमल सागर पुत्र मनवीर सागर अपने टेंपो में थाना बनियाठेर के गांव बेरनी रतनपुर निवासी हरिकिशन पुत्र जयवीर सिंह को बैठाकर बहजोई की तरफ आ रहा था। गांव खजरा खाकम के निकट बहजोई की ओर से जा रही पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे टेंपो चालक व टेंपो में बैठी सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने दोनों को जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया।

खेत में गाय घुसने को लेकर मारपीट, छह लोग घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : खेत में गाय घुसने को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें किशोरी समेत छह लोग घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के गंगावास निवासी महेश और ऋषिपाल सगे भाई हैं। ऋषिपाल का आरोप है कि महेश अपने पशु अकसर खुले छोड़ देता है। जिससे पशु खेतों में फसल का नुकसान करते हैं। शनिवार सुबह करीब आठ बजे खेत में गाय घुसने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। जिसमें एक पक्ष से महेश, उसके बेटे राजेश व अवधेश और दूसरे पक्ष से ऋषिपाल, उसकी बेटी अमलेश व बेटा नरेंद्र घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में लाया गया। जिनमें महेश, ऋषिपाल, अमलेश व नरेंद्र को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

एंटी रोमियो टीम ने सीएचसी में दो प्रेमी युगलों को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ परिसर में अलग-अलग स्थान पर बैठकर कर रहे थे बातचीत

▸▸ पुलिस ने पूछा तो बैठने का कारण नहीं बता सके

अमृत विचार: एंटी रोमियो टीम ने सीएचसी में संदिग्ध अवस्था में बैठे दो युवक-युवती को पकड़ लिया। शनिवार की दोपहर सीएचसी परिसर में अलग-अलग स्थानों पर बैठकर दो युवक-युवतियां बातचीत कर रहे थे। टीम ने मौके पर पहुंची और जानकारी की। मगर दोनों जोड़ों में से कोई भी सही जानकारी नहीं दे सका। इसके बाद टीम चारों को अपने साथ ले गई।

सीएचसी परिसर में अक्सर युवक-युवतियां पहुंचकर इधर-उधर बैठकर बातचीत करते नजर आते हैं। जानकारी करने पर यह झगड़े पर अमादा हो जाते हैं। इसको लेकर सीएचसी के चिकित्सकों ने पुलिस से शिकायत की थी। शनिवार की शिकायत को लेकर एंटी रोमियो टीम सीएचसी पहुंची और दो स्थानों से दो युवक व दो युवतियों को बातचीत करते पकड़ लिया। टीम में शामिल महिला सिपाहियों ने जब छात्राओं से जानकारी की, तो वह कोई जवाब नहीं दे सकी। मगर युवकों को स्वयं को बदायूं जनपद निवासी बताया। स्टाफ ने बताया कि यह प्रेमी युगल एक रुपये का पर्चा बनवाने के बाद सीएचसी परिसर में बैठकर बातचीत करते हैं। इनसे जब आने का कारण पूछा जाता है तो दवा लेने आने की बात कहते हैं। मगर चिकित्सकों के पास जाकर दवा नहीं लेते। घंटों बातचीत करके चले जाते हैं।

मौसम दोपहर में पसर जाता है सन्नाटा, बाजारों की चहल-पहल हो जाती है गायब

पारा 43 डिग्री पर पहुंचा, पंखे और कूलर फेल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भीषण गर्मी के बीच शनिवार को संभल में पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा तो जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आया। दोपहर के वक्त तो गर्मी असहनीय हो गई क्योंकि पंखे और कूलर भी जवाब देने लगे। उस समय बाजारों, प्रमुख चौराहों और गली मुहल्लों से लेकर सरकारी कार्यालय में सन्नाटे का माहौल दिखा। शाम को राहत मिलने की उम्मीद भी पूरी नहीं हो सकी। लोग पसीने में तर-ब-तर नजर आए।

मई के महीने में गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है। शनिवार को भी सुबह से ही चिलचिलाती धूप रहने से पसीना आने लगा। लोगों ने तैयार होने के बाद कामकाज वाले स्थानों का रुख किया तो दुश्वारियां झेलनी पड़ी। सुबह के वक्त तो बाजारों में चहल पहल भी दिखी। जैसे ही सूर्य तमतमाए गर्मी का ग्राफ बढ़ने लगा। दोपहर 12 बजे पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तब कई पुरुषों और महिलाओं ने चिलचिलाती धूप से बचने के लिए हाथों में ग्लव्स पहने तो चेहरे को कपड़े से ढककर सफर किया। बाइक सवारों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों के सिर चकराने जैसे हालात बन गए, लेकिन पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से पंखे और कूलर भी उम्मीद पूरी नहीं कर पाए।

लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सेवन किया तो तमाम युवा और किशोर निजी नलकूप पर नहाकर राहत पाने का प्रयास करते नजर आए। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते लोग परेशान रहे।

सिरसी में नलकूप के पानी में नहाकर गर्मी से बचने का प्रयास करते लोग।

वाटरकूलर सही कराने को सौंपा ज्ञापन

चन्दौसी, अमृत विचार : भाजपा सभासद तरुण कुमार नीरज के अधिशासी अधिकारी को वाटर कूलर सही कराने के लिए ज्ञापन सौंपा है। सभासद का कहना है कि इस समय तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। जिससे लोग त्राहि-त्राहि करने लगे हैं। वहीं शहर के वाटर कूलर खराब पड़े हुए हैं। जिससे लोगों को ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया कि नगर पालिका की ओर से पूर्व में 125 वाटर कूलर लगाए गए थे। जिसमें कुछ पूरी तरह खराब हो चुके हैं। जबकि अन्य खराब है। वाटरकूलर खराब होने से लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसलिए गर्मी को देखते हुए इन वाटरकूलरों को शीघ्र ही ठीक कराया जाए, ताकि लोगों को गर्मी में ठंडा पानी मिल सके।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

बीएन सिंह को पुण्यतिथि पर किया याद

चन्दौसी, अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संस्थापक बीएन सिंह का पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें पदाधिकारियों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में परिषद का गठन बीएन सिंह ने किया था। परिषद के माध्यम से कर्मचारियों के हित में कार्य किया जाता है। उन्होंने कर्मचारियों के हितों कार्य किए। इस दौरान प्रधानाचार्य एसके वार्ष्णेय, महीपाल सिंह, जयवीर सिंह, अमित कुमार शुक्ला, जय सिंह, कीर्तिपाल शर्मा, कुलदीप चतुर्वेदी, योगेंद्र भटनागर, अजय कुमार आदि रहे।

गोकशी के मामले में वांछित दो लोग गिरफ्तार

हापुड़, अमृत विचार : गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने आठ दिन पूर्व हुई गोकसी की घटना में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि आठ दिन पूर्व क्षेत्र के गांव बागड़पुर के जंगल में लोगों ने गोकशी की घटना को अंजाम दिया था। उस दौरान आरोपी मांस लेकर और अवशेषों को छोड़ कर फरार हो गए थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच करते हुए रिपोर्ट दर्ज की। उसके बाद चार आरोपियों को पुलिस ने दो दिन पूर्व गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद शुक्रवार की रात को पुलिस ने घटना मे वांछित दो आरोपी हनीफ राणा, इस्तखार ऊर्फ साबिर निवासी गांव अल्लाबख्शपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

पानी भरे गड्ढे में डूबने से छह साल के बच्चे की मौत

बिल्सी (बदायूं), अमृत विचार : जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबने से छह साल के बच्चे की मौत हो गई। कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव पिंडौल निवासी आरिफ खान शुक्रवार सुबह खेत पर गए थे। घर पर उनकी पत्नी शहनाज और छह साल का बेटा आरिस थे। आरिस खेलते समय घर के पास पानी की टंकी के लिए खोदे गए पानी भरे गड्ढे के पास पहुंच गया। उसका पैर फिसला और गड्ढे में जा गिरा। काफी देर तक वह नहीं दिखा तो शहनाज ने उसकी तलाश की। दो घंटे के बाद ग्रामीण गड्ढे के पास पहुंचे तो आरिस के सिर के बाल पानी में दिखे। उसे बाहर निकाला और बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

पांच घरों के ताले तोड़े, चार से लाखों का माल ले गए

एक घर में भूसा मिला, नलकूप की कोठरी में लगाया दो जगह कूमल लेकिन कुछ न ले जा सके चोर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर में शुक्रवार की रात चोरों ने तांडव मचाया। पांच घरों के ताले तोड़कर चोर चार घरों से लाखों के जेवर-नकदी व सामान चोरी कर ले गए। एक घर में भूसा मिला। दो नलकूपों की कोठरियों में कूमल लगाया, जबकि अन्य स्थानों पर चोरों को कुछ नहीं मिला। एक रात में कई जगह चोरी की घटना से लोगों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त नहीं होने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों से जानकारी ली। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

शुक्रवार की रात भी गांव फरीदपुर में अधिकांश ग्रामीण अपने परिवार के साथ मकानों की छत पर सोए थे। रात में चोरों ने केदार सिंह पुत्र नरोत्तम सिंह के कमरों के ताले तोड़ लिए और 20 लीटर मेंथा तेल चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने नरेश कुमार पुत्र दुल्ली चंद्र के घर को निशाना बनाया। चोरों ने किसान के कमरों के ताले तोड़ घर में घुस गए और चोर यहां से 25 हजार रुपये के जेवर व पांच हजार की नकदी साफ कर ली इसके बाद चोरों ने चामुंडा मंदिर के सामने पप्पू पुत्र छिद्दन के कमरों के ताले तोड़ अंदर घुस गए। यहां से दो मोबाइल चोरी कर लिए। चोरों ने दुर्विजय सिंह पुत्र हरपाल सिंह के घर में बंध रही दो बकरियां चुरा लीं। इसके बाद चोरों ने गांव दिनेश पुत्र प्यारे लाल के बंद मकान के ताले तोड़ लिए। अंदर तलाशी ली तो भूसा निकला। यहां से चोर कुछ नहीं ले जा सके। इसके बाद चोरों ने गिरीश चंद्र पुत्र मोहन के खेत में बने नलकूप की कोठरी में दो स्थानों पर कूमल लगाया। मगर सामान चोरी नहीं कर सके। शनिवार की सुबह जाग होने पर चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और किसानों से जानकारी की। किसानों ने बताया कि रात के समय पुलिस गश्त नहीं हो रही है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद बने हुए है। घटना की तहरीर थाने ले दी गई है।

अलमारी व बिखरा सामान दिखाते परिजन। ● अमृत विचार

चोरी के बाद गृह स्वामी से जानकारी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- घटना के समय छतों पर सोते थे परिजन, पुलिस ने मौके पर पहुंच ली जानकारी
- किसानों ने बताया कि रात के समय पुलिस गश्त नहीं हो रही

> थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर व सराय सिंकदर में चोरी की घटनाओं की जानकारी कराई जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।
> **-मोहित कुमार काजला,** प्रभारी, थाना बनियाठेर

प्रत्याशियों की हार-जीत पर शर्त लगाने वाले गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : बदायूं लोकसभा सीट से सपा और भाजपा के प्रत्याशियों की हार-जीत पर शर्त लगाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई नासिर निवासी विजेंद्र सिंह और नीरेश कुमार के बीच ई स्टाम्प पर अनुबंध करके शर्त लगी थी। अनुबंध पत्र में कहा गया था कि भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य की जीत हुई तो नीरेश कुमार द्वारा विजेंद्र सिंह को 2.30 लाख रुपये दिए जाएंगे। अगर सपा प्रत्याशी आदित्यवीर विजयी हुए तो विजेंद्र सिंह की ओर से नीरेश कुमार को 2.30 लाख रुपये दिए जाएंगे। इस मामले में एसपी कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने दोनों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने गांव मेहुआ हसनगंज मोड़ से विजेंद्र सिंह और नीरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

सड़क किनारे धधकी आग, जले हजारों हरे पौधे

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल हसनपुर मार्ग पर सड़क किनारे आग लगाए जाने से प्रदूषण फैल रहा है और मार्ग से गुजरने वाले लोगों को सांस लेने में परेशानी महसूस हो रही है। इतना ही नहीं, आग लगने पर हजारों हरे पौधे भी जलकर नष्ट हो गए हैं। फिर भी जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।

शनिवार को हसनपुर मार्ग पर स्थित गांव गैलुआ से चंदावली इंटर कॉलेज के पास तक सड़क किनारे धधक कर आग जा पहुंची। आग लगाए जाने से वातावरण में धुआं फैला तो प्रदूषण भी हुआ। मार्ग से निकलने वाले लोगों को धुएं के कारण सांस लेने में परेशानी हो रही है।

इतना ही नहीं, सड़क किनारे आग लगने से हजारों हरे पौधे भी जलकर नष्ट हो गए। जबकि शुक्रवार को गांव सिंहपुरसानी के आसपास सड़क किनारे आग लगी थी तो उसका नजारा भी दिखाई दे रहा है।

यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर सड़क किनारे आग कौन लगा रहा है। जिससे प्रदूषण फैलने के साथ-साथ हरे पौधे भी पनपने से पहले ही नष्ट हो रहे है। क्षेत्र के लोगों ने आग लगाए जाने वाले का पता लगाकर कार्रवाई की मांग उठाई है।

लोगों का कहना है कि इस तरह आग लगाने न सिर्फ प्रदूषण फैल रहा है बल्कि हरे पौधों को भी नुकसान पहुंच रहा है, जो पर्यावरण के लिए ठीक नहीं है।

संभल में हसनपुर मार्ग पर चंदावली इंटर कॉलेज के निकट आग से जलते पौधे।

- कई किलोमीटर क्षेत्र में धुएं से लोगों को हो रही सांस में लेने में परेशानी

पुलिस ने महिला से लूटपाट करने वाला आरोपी दबोचा

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के अकरौली-पीपली मार्ग पर महिला से मोबाइल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिया है।

13 मई को सरोज पत्नी महीपाल सिंह निवासी गांव बैरुला थाना सैफनी जनपद रामपुर के साथ बाइक सवार दो युवकों ने धोखाधड़ी करके लूटपाट की थी। शनिवार को पुलिस ने दो आरोपियों में से एक युवक फैज मोहम्मद निवासी गांव शखानू थाना अल्लापुर जनपद बदायूं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस युवक के पास से एक चोरी का मोबाइल बरामद किया है। न्यायालय के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जबकि आरोपी का दूसरा साथी लाल मोहम्मद निवासी शखानू थाना अल्लापुर जनपद बदायूं की गिरफ्तारी को पुलिस को प्रयास कर रही है।

आइसक्रीम के साथ छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

पूल पार्टी में बच्चों को वितरित की गई आइसक्रीम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मोहल्ला खातियान स्थित सरोजिनी नाडयू कम्पोजिट विद्यालय में पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त बच्चों आइसक्रीम वितरित की गई। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के ज्ञानात्मक संवर्धन के साथ-साथ मनोरंजन व उत्साह में वृद्धि करते हैं। विद्यालय बच्चों का दूसरा परिवार होता है। बताया कि रविवार से ग्रीष्म अवकाश आरंभ हो रहे हैं। इसी उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया। विद्यालय आयोजित की गई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक बच्चों को पेंसिल, कापी व गणित की किट प्रदान की गई। समिति की ओर से विद्यालय को मेट भेंट की गई। इस दौरान अनु गांधी, कीर्ति मेहरोत्रा, रेखा रस्तोगी, ज्योति साहनी, मीनू आहूजा, योगिता कोहली, अभिषेक गुप्ता, आयुषी, बीनू आदि मौजूद रहे।

ट्रांसफार्मरों पर नहीं सुरक्षा का इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : बेशक बिजली विभाग शहरी क्षेत्र में जर्जर तारों को बदलकर नये तार लगा रहा है लेकिन ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा। ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है, हर वक्त हादसे का खतरा बना रहता है।

शहर में कई स्थान ऐसे हैं जहां ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा का इंतजाम नहीं है। शनिवार को पड़ताल की तो यहीं सच्चाई सामने आई। रोडवेज बस अड्डा के पास ट्रांसफार्मर है और जाल भी लगा है लेकिन जाल बीच में से खुला हुआ है। जबकि इसी मार्ग से दिन में दर्जनों रोडवेज बसें यात्रियों को लेकर गुजरती हैं। लोगों का भी आवागमन होता है। अस्पताल चौराहा रखे ट्रांसफार्मर पर जाल का कोई इंतजाम नजर नहीं आया। ट्रांसफार्मर के पास बैठकर एक व्यक्ति चप्पल सिलता हुआ दिखा। सरथल चौकी पर रखे दो ट्रांसफार्मरों पर भी जाल नहीं लगा है। ट्रांसफार्मर की लीडें भी अस्त व्यस्त हैं। यहां अकसर लीडें जलने पर फाल्ट भी होते रहते हैं।

यहीं पर दो अन्य ट्रांसफार्मर रखे हैं जिनपर सुरक्षा को लेकर जाल नहीं लगे हैं।

श्री कल्कि मंदिर के पास भी ट्रांसफार्मर पर सुरक्षा का इंतजाम नहीं दिख रहा। इसके अलावा हयातनगर और सरायतरीन में भी कई ट्रांसफार्मर ऐसे ही रखे हैं। लोगों का कहना है कि जब पुराने तार बदले जा रहे हैं तो विभाग को ट्रांसफार्मरों पर भी जाल लगवाकर सुरक्षा के इंतजाम करने चाहिए।

सरथल पुलिस चौकी के निकट बिना सुरक्षा गार्डिंग लगे ट्रांसफार्मर।

- शहर में कई ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा को लेकर नहीं लगे जाल
- कुछ ट्रांसफार्मर पर लगे जाल तो हो गए बदहाल, हादसे का अंदेशा

भूमाफिया के दबाव में पत्रकारों पर कार्रवाई

हापुड़, अमृत विचार : कवरेज करने गए दो पत्रकारों के साथ मारपीट कर 151 की कार्रवाई करने के मामले को लेकर पत्रकार संगठनों में रोष व्यक्त किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के समस्त पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट कहा था कि पुलिस पत्रकारों का विशेष ध्यान रखें। तथा उनके साथ शांति और सम्मान पूर्वक व्यवहार करें पत्रकारों को परेशान करने वालों पर कठोर से कठोर कार्यवाही करें, लेकिन जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर की कोतवाली में तैनात थाना प्रभारी निरीक्षक इसे विपरीत काम कर रही हैं। इसका एक उदाहरण गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में शाहपुर रोड पर स्थित एक विवादित जमीन के मामले में देखने को मिला है। जिसकी कवरेज करने के लिए गए दो पत्रकारों के साथ गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी ने मारपीट कर भूमाफियाओं के दबाव में आकर 151 की कार्यवाही की है।

असुविधा ट्रेन का इंतजार करने के लिए यात्रियों को यहां-वहां भटकना पड़ता है

रेलवे स्टेशन का वेटिंग रूम दो माह से बंद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए वेटिंग रूम बनाया गया है। जिसमें दो माह से मरम्मत का कार्य चल रहा है। जिससे यात्रियों को वेटिंग रूम का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे ट्रेनों की प्रतीक्षा करने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म पर इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ता है। जबकि गर्मी में ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों के लिए वेटिंग रूम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ताकि ट्रेनें विलंब होने पर यात्री अपने परिवार के साथ वेटिंग रूम में आराम से कर सके। जिसमें शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध है। मगर पिछले दो माह से वेटिंग रूम में मरम्मत का कार्य चल रहा है। जिससे उसका लाभ यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है। प्लेटफार्म पर बेंच भी पर्याप्त संख्या में नहीं हैं। आखिर यात्री कहां जाएं। उसके बाद ट्रेनों में विलंब होने की स्थिति में जब यात्रियों को इधर-उधर भटकना पड़ता है या फिर खड़े होकर ही इंतजार करने को मजबूर होना पड़ता है।

रेलवे स्टेशन पर वेटिंग रुम के बाहर बैठे यात्री। ● अमृत विचार

- दो माह से हो रहा है मरम्मत का कार्य
- प्लेटफार्म पर बेंच भी पर्याप्त संख्या में नहीं हैं।

> रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक बने वेटिंग रूम में मरम्मत का कार्य चल रहा है। जिससे यात्रियों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। शीघ्र ही कार्य समाप्त होने पर सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी।
> **-आशीष मिश्रा,** स्टेशन अधीक्षक, रेलवे स्टेशन

पकड़ लो हाथ रघुराई, नहीं तो डूब जाएंगे ...

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर ओमी लाला फार्म हाउस पर संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीनदयाल शर्मा ने सभी देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन कराया गया। इसके पश्चात केजी शर्मा, शिवओम शर्मा, राजेश शंखधार, शिवओम शर्मा, ब्रजेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, रमेश ग्रेवाल ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, सुंदर कांड पाठ का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं, नरेंद्र आचार्य ने पकड़ लो हाथ रघुराई, नहीं तो डूब जाएंगे, अजय सक्सेना ने श्रीराम जानकी बैठे हैं सीने में आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

सुंदरकांड का पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

सार-संक्षेप

तीन घरों से लाखों का माल समेट ले गए चोर

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर के बाद चोरों ने गांव सराय सिकंदर में तीन मकानों के कमरों के ताले तोड़ लाखों का माल समेट ले गए। चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। शुक्रवार की रात गांव सराय सिकंदर में ग्रामीण अपने परिवारों के साथ घरों की छतों पर सोए थे। तभी रात किसी समय चोर गजेंद्र सिंह के घर में दीवार फांदकर घुस गए। घर के सदस्य छत पर सोए थे, चोरों ने नीचे कमरों के ताले तोड़ लिए और कमरों में रखी अलमाली में रखे सोने-चांदी के जेवर व बीस हजार रुपये की नकदी साफ कर दी। इसके बाद चोरों ने गांव के वासुदेव व भीमसेन के घर को निशाना बनाया। चोर यहां से भी घरेलू सामान चोरी कर ले गए। शनिवार की सुबह जब किसान नीचे पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे देख होश उड़ गए। घटना की तहरीर थाने में दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच पीड़ितों से जानकारी की।

हादसों का कारण बन रहे सड़क पर खोदे गए गड्ढे

चन्दौसी, अमृत विचार : जलनिगम द्वारा सड़कों पर गड्ढे खोदने का सिलसिला जारी बना हुआ है। जबकि लोगों को इन गड्ढों से परेशानी का सामना करने के साथ-साथ हादसा का खतरा बना रहता है। जलनिगम द्वारा पूर्व में शहर में अमृत योजना के तहत पेयजल पाइप लाइन डाली गई थी। अब जगह-जगह लीकेज व पाइप लाइन में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत मिल रही है। जिससे जलनिगम द्वारा सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे खोदकर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। स्टेशन रोड सहित अन्य सड़कों पर गड्ढे खोद दिए गए हैं। स्टेशन रोड अति व्यस्तम मार्ग होने से गड्ढों खुदे होने से हादसा का खतरा रहता है। शनिवार को मनोज कुमार सिंघल की स्कूटी गड्ढे में चली गई। जिससे वह घायल हो गए। इन्होंने शीघ्र ही समस्या के समाधान की मांग की है।

बार कक्ष में बैठक करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

अधिवक्ता परिषद में अग्रिम जमानत पर हुई चर्चा

चन्दौसी, अमृत विचार : जिला न्यायालय परिसर के बार कक्ष में अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अग्रिम जमानत विषय पर चर्चा की। जिसमें विष्णु कुमार शर्मा ने कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान उत्तर प्रदेश में छह जून 2019 को लागू किया गया। उससे पहले उत्तर प्रदेश में अग्रिम जमानत का प्रावधान नहीं था। इस दौरान श्रीगोपाल शर्मा, राजीव शर्मा, मनीष पांडे, राहुल चौधरी, योगेश कुमार, अखलेश्वर शर्मा, रामवीर सिंह, अमरीश कुमार, प्रवीण गुप्ता, उमेश चंद्र शर्मा, पारुल भारद्वाज, रीता, खुशबू, सुनील कुमार, श्रीधर, विनीत कुमार, सुनील कुमार, विकास कुमार मिश्रा, विभोर बंसल आदि मौजूद रहे।

मेधावियों को सम्मानित करते डीआईओएस वेदराम व प्रबंधक अवधेश प्रताप सिंह।

10वीं और 12वीं के मेधावियों को किया पुरस्कृत

संभल, अमृत विचार : श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज पंवासा में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉपटेन सूची में स्थान पाने वाले कक्षा 10 व 12 के छात्र छात्राओं के साथ-साथ कक्षा छह से 12 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 10 में शिवानी यादव ने जिला टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया। वैष्णवी शर्मा ने कॉलेज में द्वितीय व ज्योति यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त पाया। इंटर में रचना यादव ने प्रथम, विनीता ने द्वितीय और अक्षय प्रताप ने तृतीय स्थान पाया। डीआईओएस वेदराम, कॉलेज संचालक अवधेश प्रताप सिंह, समाजसेवी दिग्विजय सिंह यादव और धीरज राघव ने मेधावियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजीव कुमार, सुभाष चंद्र सिंह, सुरेश कुमार, रजनेश कुमार, श्रीओम राघव, संजय कुमार, अर्जुन सिंह, दिनेश कुमार, इंद्रपाल सिंह, सुभाष चंद्र, विनीता, भानुप्रिया शर्मा, आकांक्षा आदि रहे।

मूट कोर्ट में हुई बहस में कानून की छात्रा रहनुमा प्रथम

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज मझावली में प्रथम मूटकोर्ट का आरंभ राजेश कुमार सिंह व टेक चंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया। मूटकोर्ट में विषय प्रवक्ता व निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार बिद्रा ने भारतीय दंड सहिता की धारा 304 (बी) दहेज हत्या व धारा 125 गुजारा भत्ता तथा किराया अधिनियम आयोजित किया। जिसमें विधि के छात्र-छात्राओं ने अपने पक्ष रखे व बहस की। जज की भूमिका में राजेश कुमार सिंह, टेक चंद्र यादव, अखिलेश शर्मा, शकील वारसी, व लोकेंद्र शर्मा रहे। इसमें महाविद्यालय के 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें रहनुमा को प्रथम, सृष्टि मौर्य को द्वितीय, श्योराज सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मुकुल चित्रांश, डॉ. सर्वेश कुमार, केडी शर्मा, अनुज शर्मा, शोभित चौधरी आदि रहे।

अवैध कब्जे के मामले में मां बेटे समेत पांच गिरफ्तार

हापुड़, अमृत विचार : गढ़मुक्तेश्वर कौथला खादर स्थित जंगल में भूमि विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले में पुलिस ने मां बेटे समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस ने संबंधित न्यायालय में पेश किया है। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि कौथला खादर क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग करने का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी थी। शुक्रवार की रात को पुलिस ने घटना में संलिप्त शहादत अली, इन्तजार, इजहार, नाजिम और उसकी मां आसिवा निवासी दौताई को गिरफ्तार कर लिया।

सम्बन्ध विच्छेद

मेरा पुत्र कमल गलत संगत में पड़ गया है। वह आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ झगड़ा व गाली गलौच करता रहता है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। मेरे पुत्र के द्वारा किये गये लेन-देन व कुकृत्यों का वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

-राजो पत्नी सुनील, निवासी-ग्राम डेहरा निकट ऊमरी कलां, थाना व तह. कांठ, जिला मुरादाबाद

सम्बन्ध विच्छेद

मैंने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र आसिफ के दुर्व्यवहार व गलत कृत्यों के कारण संबंध विच्छेद कर लिये है। आसिफ का मेरी चल, अचल संपत्ति व मकान से कोई लेना-देना नहीं है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

-अकबर अली पुत्र बदलू खां, निवासी ग्राम अदलपुर समदू, थाना व तहसील नौगावां सादात, अमरोहा।

कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जाहिद खां द्वारा संस्था मदीन तुल उलम जामा मस्जिद समिति, ग्राम व पो. राजा का मझोला तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल का प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हे। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. इस्ताक- अध्यक्ष 2. नूर मौहम्मद-उपाध्यक्ष 3. जाहिद खां- प्रबन्धक 4. जीशान-उप-प्रबन्धक 5. इन्तजार-कोषाध्यक्ष 6. अमीनुद्दीन 7. जाविर खां- सदस्य दर्शाये गये हैं। अत: किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आनन्द विक्रम सिंह
सहायक निबन्धक

संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

संविधान सभा में पी.एस.देशमुख ने कहा था कि "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।"

गांव गली में शोर है-कौवा कान ले गया। किसी ने नहीं देखा। इसने उससे कहा। उसने अगले से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव में भारी बहुमत पाकर संविधान बदल देंगे। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कोई सरकार संविधान समाप्त कर सकती है? क्या कोई सरकार बिना संविधान के ही शासन की संस्थाओं, न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का संचालन कर सकती है? क्या कोई सरकार संविधान के आधारिक लक्षणों-बेसिक फीचर्स का संशोधन या निरसन कर सकती है? सारे प्रश्नों का उत्तर है-नहीं। कौवा कान ले गया लेकिन कान अपनी जगह ही है। कौवा कांव कांव कर रहा है। झूठ मूठ।

बचपन में कथा सुनी थी। एक बारात के सारे लोग भाग रहे थे। एक ने दूसरे से पूछा-आप क्यों भाग रहे हैं? दूसरे ने कहा-आप भी भाग रहे हैं? अगले ने कहा-मुझे क्या पता? सब भाग रहे हैं। सो हम भी भाग रहे हैं। बहुत खोज करने पर पता चला कि एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल की चाभी खो गई थी। वह तेज रफ्तार दौड़कर चाभी खोजने गया था। बाकी लोग देखा देखी अकारण भाग रहे थे। संविधान खात्मे की बहस व्यर्थ है। संविधान साधारण अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र का राजधर्म है। आवश्यकतानुसार संविधान में संशोधन होते रहते हैं। लगभग 105 संशोधन हो चुके हैं। संविधान में ही संविधान संशोधन के प्रावधान हैं। संविधान बदलने और संशोधन करने में मूलभूत अंतर है। संविधान संशोधन विषयक प्रावधान (अनुच्छेद 368-मसौदा संविधान अनुच्छेद 304) पर संविधान सभा में बहस चली थी। एच. वी. कामथ ने कहा था, "संशोधन आखिरकार क्या है? संशोधन का अर्थ हो सकता है संविधान में कुछ परिवर्तन। उसमें कुछ जोड़ना या उसका निरसन।" लेकिन चुनाव में संविधान संशोधन को लेकर कोई बहस नहीं है। संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद है।

संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था कि, "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।" शर्त है कि सदनों के विनिश्चय को जनता का बहुमत अनुमोदित करे। स्विस संविधान में भी विधानमण्डल संशोधन विधेयक पारित कर सकता है। लेकिन जनता के अनुसमर्थन की आवश्यकता है।" उन्होंने अनेक उदाहरण दिए। भारत में संशोधन की शक्ति विधायिका में निहित है। उन्होंने सभा में विचाराधीन विधेयक का विवेचन किया कि, "हम संविधान संशोधन को तीन श्रेणियां में बांटते हैं। एक श्रेणी में संसद का साधारण बहुमत पर्याप्त है। दूसरी श्रेणी के संशोधन में दो तिहाई बहुमत आवश्यक है। तीसरी श्रेणी में देश की आधे से अधिक विधानसभाओं का समर्थन आवश्यक है।" यहां संशोधन की पूरी प्रक्रिया औचित्यपूर्ण है।

संविधान सभा में संशोधन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग थी कि आमजन राजनैतिक प्रणाली को बदलने की मांग कर सकते हैं। जन असंतोष प्रकट करने का कोई मार्ग भी होना चाहिए। डॉक्टर आंबेडकर ने कहा, "जो संविधान से असंतुष्ट हैं उन्हें दो तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। यदि वह व्यस्क मत के आधार पर निर्वाचित संसद में दो तिहाई बहुमत भी नहीं पा सकते तो यह मान लेना चाहिए कि संविधान के प्रति असंतोष में जनता उनके साथ नहीं है।" उच्चतम न्यायालय ने स्थापना दी थी कि हमारे संविधान का कोई भाग ऐसा नहीं है जिसका संशोधन नहीं हो सकता। गोलकनाथ के चर्चित मुकदमे में 11 जजों की विशेष न्यायपीठ ने 6 न्यायाधीशों के बहुमत से पूर्व विनिश्चय को उलट दिया था और कहा था कि, "यद्यपि अनुच्छेद 368 में कोई अलग अपवाद नहीं है। लेकिन मूल अधिकारों की प्रवृत्ति ही ऐसी है कि वह अनुच्छेद 368 में संशोधन प्रक्रिया के अधीन नहीं हो सकते। यदि ऐसे किसी अधिकार का संशोधन करना है तो नई संविधान सभा बुलानी पड़ेगी।"

फिर केशवानंद वाद का चर्चित फैसला आया। गोलकनाथ के वाद के समय से ही प्रश्न उठाया जा रहा था कि, "क्या मौलिक अधिकारों (भाग-3) के बाहर भी संविधान का कोई उपबंध है जो संशोधन की प्रक्रिया से मुक्त है?" केशवानंद के मुकदमे में बहुमत ने गोलकनाथ के मत को उलट दिया कि अनुच्छेद 368 के अधीन मूल अधिकारों का संशोधन नहीं हो सकता। एक अन्य बड़ी बात भी न्यायालय ने कही है कि संविधान के कुछ आधारिक लक्षण हैं जिनका संशोधन नहीं किया जा सकता। यदि संविधान संशोधन अधिनियम संविधान की आधारिक संरचना में परिवर्तन के लिए है तो न्यायालय उसे शक्तिवाह्य के आधार पर शून्य घोषित करने का अधिकारी होगा। न्यायालय ने भारत की सम्प्रभुता, अखण्डता, परिसंघीय प्रणाली, न्यायिक पुर्नविलोकन, संसदीय प्रणाली आदि अनेक विषयों को संविधान के आधारिक लक्षण बताए।

दरअसल चुनाव के मूलभूत मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इंडिया गठबंधन संविधान खत्म करने की निराधार कल्पना दोहरा रहा है। संविधान में आपातकाल के लिए देश की आतंरिक अशांति को आधार बताया गया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी ही आतंरिक अशांति से पीड़ित थीं। देश में शांति थी। लोकतांत्रिक आन्दोलन बेशक थे। उन्होंने आपातकालीन प्रावधान (अनुच्छेद 352) का दुरूपयोग किया। इंडिया गठबंधन को आपातकाल 1975-77 के समय पारित 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 का अध्ययन करना चाहिए। 42 वें संशोधन के माध्यम से संविधान के 53 अनुच्छेद एक साथ बदले गए। सातवीं अनुसूची में भी परिवर्तन किए गए। महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को बदल दिया गया। संविधान के किसी उपबंध का उल्लंघन करने के आधार पर उसकी संवैधानिकता को चुनौती देने के लिए संघ और राज्यों के कानून में भेद किया गया। यह उपबंध किया गया कि कोई उच्च न्यायालय किसी केन्द्रीय विधि या जिसमें ऐसी विधि के अंतर्गत अधीनस्थ विधान भी सम्मिलित हैं, संविधान विरुद्ध होने के आधार पर अविधि मान्य नहीं कर सकेगा।"

42वां संशोधन न्यायपालिका की शक्ति को घटाने वाला था और मौलिक अधिकारों की भी। उच्चतम न्यायालय अपनी अधिकारिता (अनुच्छेद 32) में किसी राज्य विधि को असंवैधानिक घोषित नहीं करेगा। संविधान संशोधन अधिनियमों के न्यायिक पुर्नविलोकन के अधिकार का भी संशोधन हुआ। उपबंध किया गया कि जिस विधि को संविधान संशोधन विधि बताया जाएगा, उसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। नीति निदेशक तत्व (अनुच्छेद 37) किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। लेकिन उपबंध किया गया कि किसी निदेशक तत्व को क्रियान्वित करने वाली विधि को मूल अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर न्यायिक पुनर्विलोकन से मुक्त रखा जाएगा। यह मूल संविधान के ठीक उल्टा है। संविधान क तहस नहस करने का यह प्रयास निन्दनीय है।

श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान और उसकी आत्मा को ही कुचल दिया था। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी की सरकार आई। नई सरकार ने 43वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से न्यायिक पुर्नविलोकन के न्यायपालिका के अधिकार की बहाली की। सभी जनविरोधी प्रावधानों को निरस्त कर दिया गया। भारतीय संविधान के इतिहास में संविधान के साथ छेड़खानी का निन्दनीय कृत्य दूसरा नहीं मिलता। संविधान के प्रति भारतीय जन गण मन की निष्ठा है। संविधान बदलने या पूरा संविधान ही खारिज करने और तानाशाही लाने जैसे आरोप हास्यास्पद हैं। वे संविधान बदलने या हटाने की बात उठाकर आपातकाल की संवैधानिक त्रासदी याद दिला रहे हैं। इस दृष्टि से उनका यह कृत्य उपयोगी है। आपातकाल संवैधानिक त्रासदी है। आपातकाल की तानाशाही अत्याचार और संविधान को तहस-नहस करने के कृत्यों का पाठ और पुर्नपाठ जरूरी है।

स्वपक्ष की स्थापना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हम में से मुझ जैसे सचमुच के "रिटायर्ड" लोग निष्क्रिय जीवन जीने के लिए नियतिबद्ध हैं। ऐसे में बीवी से झगड़ने, सोशल मीडिया पर विचरण करने और टीवी देखने के अलावा कोई काम नहीं। टीवी पर लगातार घमासान।

मन में वैराग्य भाव आना सहज है, लेकिन नहीं आता। कुछ चुने हुए लोग हैं, जिन्हें हर चैनल पर एक-दूसरे का पानी उतारने की कला आजमाने का मौका मिलता है। कुछ देर बाद दो लोग एक साथ तारसप्तक में बोलना शुरू कर देते हैं। फिर तो किसी का भी कहा समझ में नहीं आता। झुंझलाकर एक चैनल बंद कीजिए तो दूसरे पर फिर वही चीख पुकार। भारतीय टीवी अतिशय उत्सवधर्मी है। हर चीज को उत्सव में बदल देना उसके लिए बाएं हाथ का खेल है। आगजनी हो रही हो, मारपीट हो रही हो, गोली चल रही हो, मिसाइल और रॉकेट चल रहे हों, उसके सतत उत्सव के हिस्से बन जाते हैं। दृश्य की त्रासदी और बीभत्सता से जुगलबंदी करते स्वर का उत्साह और उन्माद में चिचियाना काबिले तारीफ है। बिना स्वर साधना के ऐसी एकतारता नहीं आ सकती।

भारतीय टीवी जीवन की नश्वरता का बोध कराने के लिए रामबाण है। कोई भी स्कूप भयंकर से भयंकर हो, एक ही दिन स्कूप रहता है। एक दिन सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम निर्णय ने दिन भर तहलका मचाया। बीच-बीच में समय मिला तो पाकिस्तान, नहीं राजनीतिक पहलवानों का दंगल। अभी तक के सबसे बड़े पहलवान की हुंकार और उसे चित करने के लिए कई छोटे पहलवानों का जमघट। फिलहाल पाकिस्तान और दंगल यही दोनों स्थाई राग हैं। पहलवानों का दंगल और सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक माने जा रहे फैसले तो कुछ-कुछ समझ में आते हैं, लेकिन पाकिस्तान में क्या हो रहा है, समझ से परे है। हमारे यहां की तरह वहां भी टीवी पर लोग वही घमासान मचाए हुए हैं। उसी स्टाइल में। अंतर सिर्फ इतना है कि वहां सिर्फ दो पक्ष हैं, लेकिन दोनों घनघोर। एक दिन तो ऐसा लगा, जैसे यूक्रेन युद्ध का लघु रूप सरक कर हमारे पड़ोस में आ बैठा हो, जो भी हो, दुःखद है। इस गुमान में न रहें कि हमारे यहां ऐसे हालात नहीं पैदा हो सकते।

हम दोनों के जीन्स एक ही हैं भाई। नैयायिक वाद-विवाद-संवाद के अखाड़े के धुरंधर पहलवान थे। तर्क-वितर्क-कुतर्क पर जितना काम कर गए हैं, उससे एक इंच आगे बढ़ना शिव का धनुष तोड़ना है। बटुली के चावल की तरह बस पांच दाने देख लेना पर्याप्त होगाः- वाद उस विचार को कहते हैं जिसमें प्रमाणों और तर्कों के सहारे विपक्ष का खंडन करके स्वपक्ष की स्थापना की जाती है और जिसमें अंतिम निर्णय किसी सर्वस्वीकृत सिद्धांत के विरुद्ध नहीं जाता। वाद में वादी और प्रतिवादी दोनों अपने मत की पुष्टि और विपरीत मत का खंडन करना चाहते हैं, किंतु दोनों का उद्देश्य यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना ही होता है।

तर्क-उस युक्ति को कहते हैं जिससे प्रतिपाद्य विषय की सिद्धि के लिए उसकी विपरीत स्थापना का दोष दिखाया जाता है। जैसे कार्य-कारण संबंध दिखाने के लिए कहा जाता है, जिस चीज में धुआं होगा, उसमें आग भी होगी, क्योंकि आग ही धुएं का कारण है और बिना कारण के कोई कार्य होता नहीं। विरोधी कह सकता है, कहीं-कहीं बिना आग के भी धुआं हो सकता है। (नैयायिकों के अनुसार) इसका जवाब होगा, यदि बिना कारण के कार्य हो सकता है तो खाना पकाने के लिए आप आग क्यों खोजते हैं? (बिजली को भी आप आग का एक आधुनिक रूप मान सकते हैं)। यहां यह स्पष्ट कर दिया जाए कि 'तर्क' का उद्देश्य हमेशा यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना होता है।

अति पर्यटन से जाम में फंसता उत्तराखंड

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है।

गर्मियों की शुरुआत और चारधाम यात्रा के शुरू होने के साथ ही उत्तराखंड की सड़कों में पर्यटकों की भीड़ नजर आने लगी है। कुमाऊं में हल्द्वानी से आगे नैनीताल मार्ग पर और गढ़वाल में हरिद्वार-ऋषिकेश, देहरादून-मसूरी और यमनोत्री-गंगोत्री की सड़कों पर रोज जाम की स्थिति बनी हुई है। मई-जून में बच्चों के स्कूल बंद होते ही लोग नैनीताल,मसूरी और चारधाम की यात्रा पर दौड़ने लगते हैं। अगर देहरादून मसूरी, हरिद्वार और नैनीताल की बात करें तो इन नगरों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि ये अपने आकार में बहुत छोटे हैं और अचानक आने वाली भीड़ को बमुश्किल संभाल पाते हैं।

हल्द्वानी से नैनीताल की ओर जाने वाली सड़क कम चौड़ी है। हर कोई अपने वाहन से ही नैनीताल जाना चाहता है। अप्रैल से जुलाई तक के चार महीना में यहां पर्यटकों की भीड़ ऐसे टूट पड़ती है,जैसे साल के बाकी बचे महीना में यहां घूमने,फिरने,देखने लायक चीजों का अकाल पड़ जाएगा। नतीजन कई किलोमीटर का जाम लग जाता है। नैनीताल में पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थल नहीं है और न ही नैनीताल में इतनी भीड़ को सहने की क्षमता है। यही कारण है कि पुलिस को वाहनों को नैनीताल से कुछ किलोमीटर पहले रोकना पड़ता है और वहां से सटल सेवा के द्वारा लोगों को नैनीताल पहुंचाया जाता है। यह ठीक है कि दिल्ली से रुद्रपुर, हरिद्वार-देहरादून तक फोरलेन हाईवे बन जाने के बाद हर वक्त लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिली है,लेकिन उससे आगे की सड़क कम चौड़ी होने के कारण आए दिन वाहनों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। इसलिए यदि आप इन जगहों पर जा रहे हैं तो मानसिक रूप से तैयार होकर जाइए की कई जगहों पर आपको जाम में फंसना पड़ेगा।

गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है। धामों के कपाट खुलते ही यात्री इनके दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। कुछ दिन पहले गंगोत्री राजमार्ग पर गंगनानी से हर्षिल तक करीब 60 किलोमीटर क्षेत्र में वाहन जाम में फंस गए। इस कारण कई श्रद्धालु उत्तरकाशी से बिना दर्शन किए ही वापस लौट गए। सरकार चाहे कितनी भी घोषणाएं करें,कागजों पर कितनी भी व्यवस्थाएं बनाएं, लेकिन पर्यटन और धार्मिक स्थल के आसपास लोगों को परेशानी से बचाने का कोई समुचित तंत्र आज तक विकसित नहीं हो पाया है। चारधाम यात्रा के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में इस बार 45 प्रतिशत यात्री ज्यादा पहुंचे हैं। अब इनमें से कितने असल धार्मिक यात्री हैं और कितने सिर्फ घूमने फिरने वाले यूट्यूबर हैं,यह बता पाना कठिन है। सरकार भले ही बढ़ती भीड़ को देखकर उसे अपनी उपलब्धि बताएं, पर भूवैज्ञानिक मानते हैं कि यात्रियों की बढ़ती भीड़ और अति पर्यटन आपदा को निमंत्रण है। ज्यादा लोग यानी ज्यादा गाड़ियां और ज्यादा कार्बन उत्सर्जन,जो सीधे-सीधे हिमालय के ग्लेशियर को प्रभावित करता है।

वाहनों का शोर,उनसे निकलता धुआं और हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट से पहाड़ की जैव विविधता प्रभावित हो रही है। वन्य जीवों के व्यवहार में परिवर्तन देखा गया है और वे अपने प्राकृतिक आवास स्थलों से पलायन कर रहे हैं। पहले पहाड़ पर जाने के कुछ अलिखित नियम थे। यात्रा आस्था और विश्वास से जुड़ी थी। साथ ही उन अलिखित नियमों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी थे। जिन पहाड़ी कंदराओं पर हमारे पूर्वज जोर से आवाज करने को भी प्रतिबंधित मानते थे,आज वहां बेधड़क हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट गूंज रही है। सड़क चौड़ीकरण के लिए धड़ल्ले से डायनामाइट फोड़े जा रहे हैं और चार धाम परियोजना जिसे ऑल वेदर रोड का सुनहरा नाम दिया गया है,उसके लिए साठ हजार से अधिक हरे पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई। केदारनाथ की शांत वादियों में उसकी सांस्कृतिक मौलिकता में बदलाव नजर आने लगा है। कपाट खुलने के बाद वहां ढोल- नगाड़ों की थाप पर लोग नृत्य कर रहे हैं। रीले बन रही है,सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाए जा रहे हैं। आस्था के नाम पर नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन असल सवाल यह है लोगों को इतने संवेदनशील क्षेत्र में ऐसा करने की अनुमति किसने दी और शिव के धाम में इन सब का होना कितना जायज है।

यह सही है कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यात्रियों की बढ़ती संख्या के आंकड़ों को देखकर सरकार भी खुश होती है। कई लोगों की जीविका इस यात्रा पर निर्भर है,लेकिन यहां पर हमें यह भी याद रखना होगा की जो फसल हमारा पेट भरती है,उसके बीजों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। हमें यात्रा के नाम पर अति पर्यटन से बचना होगा, क्योंकि किसी भी चीज की अति अंततः नुकसान ही पहुंचाता है। हमें तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना होगा। चारो धामों को तीर्थ स्थल ही बने रहने दें। उन्हें मौज मस्ती और पिकनिक का स्थान न बनाया जाए। बद्रीनाथ और केदारनाथ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए यात्रियों की संख्या को निर्धारित किया जाना चाहिए। इसके अलावा सुविधा के नाम पर केदारनाथ में शुरू की गई हेलीकॉप्टर सेवा को भी सीमित किया जाए और पैदल यात्रा को प्रोत्साहन मिले।

'बेटी संरक्षिका दंपति' का प्रशस्ति-पत्र



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सामान्यतया महिला सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया जाता है। सरकार द्वारा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रस्ताव भी संसद में लाया गया,लेकिन लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बहुत उत्साहवर्धक नहीं रही। महिला सशक्तिकरण के तहत केवल सुसंपन्न एवं उच्च आभामंडल के अलावा मध्यम तथा निचले तबके की महिलाओं की भी भागीदारी होनी चाहिए।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अन्य प्रभावकारी कदम उठाने की जरूरत है। मसलन किसी दंपति को सिर्फ बेटियां ही हैं और परिवार में उनका बेटे जैसा ही पालन-पोषण हो रहा तथा अब बेटे होने की कोई उम्मीद नहीं है तो ऐसी दंपत्ति को 'बेटी संरक्षिका' संबंधित प्रशस्तिपत्र दिया जाना चाहिए। ऐसी दंपति में माता या पिता कोई भी शासकीय सेवा में हैं तो उन्हें उनकी सेवा पुस्तिका में भी प्रशस्ति अंकित किए जाने के साथ 'बेटी संरक्षण' का इंक्रीमेंट दिया जाना चाहिए। यदि ऐसी दंपति सरकारी सेवा में नहीं हैं तो उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ वरीयता के आधार पर दिया जाना चाहिए। सिर्फ बेटियों वाले घर की छात्राओं को शिक्षा में विशेष सुविधाएं दी जानी चाहिए।

इस तरह के निर्णय से प्रथमतः लिंग-परीक्षण एवं भ्रूण-हत्या जैसे कदम पर रोक लगेगी। सिर्फ बेटियों के माता-पिता होने की हीन भावना पैदा किए जाने पर भी नियंत्रण होगा तथा समाज में तेजी से घटती महिलाओं की संख्या में कमी आएगी। अन्यथा 'मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की' जैसी स्थिति बनी रहेगी। केवल भाषणों में महिला सशक्तिकरण की राग अलापने के बहुत सार्थक परिणाम नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

मेघ की लिपि

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मुझे जल्दी तो हो रही थी, किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी, भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे, भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है।

बीते दिनों यहां बादल छाये हुए थे,उन्हें देखकर प्रसन्न तो हुआ था,किंतु अपने अज्ञान पर लज्जित भी हुआ था कि इन्हें देखकर मैं कुछ भी नहीं पढ़ सका हूं। पुरानी बात याद आई,अवकाश के दिनों में तिरुपति-विश्वविद्यालय के प्रोफेसर-अध्यक्ष डॉ.चन्द्रभान रावत घर पर ही आ जाते थे,जब तक वे लोहवन में रहते,तब तक या तो वे मुझे बुला लेते अथवा वे स्वयं ही संध्या के समय मेरे घर पधारते। एक दिन लोहवन में उनके घर जा रहा था,जैसे ही लोहवन के दगरे में उतरा कुछ बादल पूरब की ओर से उठे, रास्ते में अथाई पर कुछ लोग बैठे हुए थे,बुलाया, पानी पी जाओ।

मुझे जल्दी तो हो रही थी,किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी,भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे,भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है। मुझे मेघ का ज्ञान तो था नहीं और तब तक धरती पर एक भी बूंद नहीं आई थी,मैंने सोचा कि बूंदा-बांदी भी हुई तो रावतजी का घर यहां से आधी किलोमीटर ही तो है। बहुत तेजी से कदम बढ़ा दिए,किंतु बादल की तेजी के सामने मेरी तेजी फेल हो गई। इतनी तेजी से पड़पड़ी आई कि मैं तो एक-दो मिनिट में ही आपाद-मस्तक भीग चुका था।

अथाई पर बैठे उस जनपद-जन के मेघ संबंधी ज्ञान को आज तक याद कर लेता हूं,मुझे उसका आदेश मानना चाहिए था,सोच लेता हूं कि वह जानपद-जन गुरु के रूप में नमस्करणीय था। उससे एक विद्या सीख सकता था! मेघ-विद्या कैसा पढ़ा-लिखा हूं? मेघ की लिपि को पढ़ना नहीं सीखा?

किसी व्यक्ति के बौद्धिक स्तर का कारण: एक वैज्ञानिक विश्लेषण

डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है।

परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राएं,माता-पिता और गुरुजन के परिश्रम के अतिरिक्त, अपनी अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कारों को ग्रहण करने के लिए स्वयं उत्तरदायी हैं। उनकी शारीरिक और मानसिक संरचना और माता-पिता द्वारा प्राप्त जीन्स इसके लिए उत्तरदायी हैं। साथ ही इस संरचना में वातावरण और परिस्थितियों का भी योगदान है। गर्भावस्था की अनेक परिस्थितियां भी बच्चों की इस शारीरिक और मानसिक संरचना के लिए उत्तरदायी हैं।

वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है। ये दोनों बातें व्यक्ति के जीन्स और गर्भकाल की परिस्थितियों और बाद में जीवन भर की विशेष रूप से बचपन की परिस्थितियों और वातावरण पर निर्भर करती हैं। उदाहरण के लिए डाउन सिन्ड्रोम, फ्रेजाइल एक्स सिन्ड्रोम, फेनाइल कीटोनूरिया, रेट सिन्ड्रोम, प्रेडर विली सिन्ड्रोम, रे सैक्स डिजीज, विलियम्स सिन्ड्रोम जैसी अनेक बीमारियां होती हैं, जो क्रोमोजोम्स पर निर्भर करती हैं, जो जीन्स द्वारा निर्धारित होती हैं। ये जीन्स के म्यूटेशन्स के कारण उत्पन्न हो सकती हैं, जो आनुवांशिक होती हैं और व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना तथा उनके इन गुणों को प्रभावित करती हैं। इन शारीरिक दोषों के होने पर व्यक्ति की बुद्धिमत्ता प्रभावित होती है। ये दोष गर्भावस्था में ही निश्चित हो जाते हैं। बुद्धिमत्ता को निर्धारित करने के अनेक जीन्स होते हैं। यह एक बहुत जटिल तंत्र होता है। ये जीन्स पीढ़ी दर पीढ़ी जाते हैं। इसलिए बुद्धिमान परिवार में पैदा हुए बच्चे आम तौर पर बुद्धिमान होते हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं होता है। बुद्धिमान माता-पिता की संतान कम बुद्धि की अथवा कम बुद्धि के माता-पिता की संतान अधिक बुद्धि की हो सकती है। यदि माता-पिता के जीन्स में कमी नहीं है, केवल उनके मस्तिष्क की किसी बीमारी या दोष के कारण उनकी बुद्धिमत्ता प्रभावित हुई है तो उनकी संतान सामान्य होगी। अथवा किसी के जीन्स में भी कोई कमी या अच्छाई होने के बावजूद ऐसा हो सकता है कि उनकी संतान विपरीत गुणों की हो। ऐसा जीन्स के जटिल संयोजनों, पुरानी जीन्स के सामने आ जाने,नए जीन्स के छिप जाने, डॉमिनेन्ट और रिसेसिव जीन्स की परस्पर क्रियाओं और म्यूटेशन्स एवं अन्य जटिल कारणों के कारण हो सकता है। आनुवांशिक और जेनेटिक कारणों के अतिरिक्त बुद्धिमत्ता बच्चे के बचपन और उसके बाद की भी परिस्थितियों पर भी निर्भर करती है। उसे पढ़ने का कैसा वातावरण मिला है, उसके माता-पिता का व्यवहार कैसा है, उसके गुरुजन कैसे हैं, उसका स्वास्थ्य कैसा है, उसे कैसा भोजन और कैसे पौष्टिक पदार्थ मिल रहे हैं और वातावरण में प्रदूषण तो नहीं है, जैसे अनेकानेक कारण इसे निर्धारित करते हैं।

इस संदर्भ में हेलेन केलर की कहानी प्रासंगिक है। अमेरिका की हेलन एडम्स केलर का जन्म 27 जून 1880 को हुआ था। जन्म के समय वह एक सामान्य बच्ची थी। 19 माह की आयु में उसे दिमागी बुखार हो जाने के कारण उसके मस्तिष्क पर प्रभाव पड़ा,क्योंकि हमारा मस्तिष्क ही हमारे सभी संवेदी अंगों को नियंत्रित करता है, संवेदनाओं को समझता है, अंगों को चलाता है, इसलिए वह दृष्टिहीन और बधिर हो गई। वह बधिर थी इसलिए वह मूक भी हो गई, क्योंकि बच्चे सुनकर ही बोलना सीखते हैं। उसके माता-पिता बहुत दुःखी हुए। वे समझ नहीं पा रहे थे कि वे अपनी पुत्री को जीवन निर्वहन के योग्य कैसे बनाएं, कैसे वह अपना जीवन काटेगी। वह बेचारी बच्ची भागती थी, अवरोधों से टकराती थी और गिरती थी। उसके माता-पिता ने उस बच्ची के साथ संपर्क करने के लिए उसे कुछ घरेलू चिन्ह सिखाए। उसके जीवन में एक मोड़ तब आया जब 7 वर्ष की आयु में उसे अध्यापिका एनी सलीवान मिली। एनी अपने जीवनभर केलर के साथ रहीं। एनी सलीवान स्वयं लगभग दृष्टिहीन थीं। 5 वर्ष की आयु में उन्हें ट्रेकोमा रोग हो जाने के कारण उनकी दृष्टि लगभग समाप्त हो गई थी। सलीवान ने हेलन को लिखना और पढ़ना सिखाया। यह एक बहुत श्रमसाध्य कार्य था। हेलन पढ़ती गईं। उसने स्कूली शिक्षा और फिर कॉलेज की शिक्षा प्राप्त की। उसने किसी व्यक्ति के होठों और गले को छूकर यह जानना सीखा कि वह क्या बोल रहा है। स्वयं हेलन ने बोलना सीखा।

हम इस बात की दुष्करता को समझ सकते हैं कि कैसे उसने बिना सुने बोलना सीखा होगा। वह एक बहुत प्रसिद्ध लेखिका बनीं, सामाजिक कार्यकत्री बनीं, राजनेत्री बनीं और व्याख्यान कत्री बनीं। अनेक देशों में गईं और वहां पर अपने भाषण दिए। उन्होंने अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए। उनके ऊपर नाटक खेले गए। उनके ऊपर पुस्तकें लिखी गईं और उनके ऊपर फिल्म बनाई गई। उनको मिलने वाला वातावरण यह दिखाता है कि कैसे किसी व्यक्ति के मानसिक स्तर और उसकी शैक्षिक और बौद्धिक उपलब्धियों में जीन्स और परिस्थितियों दोनों की ही भूमिका होती है।

अकेलेपन का दंश

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है।

वर्तमान भौतिकवादी युग में जबकि मनोरंजन के अनेकों साधन उपलब्ध हैं। मनुष्य में व्यक्तिवाद की भावना हावी होती जा रही है। यही कारण है कि मनुष्य अकेलेपन या एकांकी जीवन जीने को मजबूर हो रहा है। खासकर उम्र के उस पड़ाव में जब इंसान रिटायर होकर घर बैठ जाता है तो उसका अपने दोस्तों और सहकर्मियों से संवाद भी कम होने लगता है। यही से वो अपने को अकेला महसूस करने लगता है या एकांतवासी होने लगता है।

इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है। यह वो समय है जब बच्चे नौकरी के लिए तनाव में हैं या नौकरी के लिए शहर से बाहर हैं और घर पर भी हैं तो संवादहीन हो चले हैं जिससे बुजुर्गो का एकाकीपन और भी ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है।

यह अकेलापन व्यक्ति को अवसाद और नकारात्मकता की ओर ले जाने का बड़ा कारण भी है। विगत कई वर्षों से कोरोना,बेरोजगारी,महंगाई, बीमारी आदि के तनाव से भी मनुष्य अवसाद कुंठा और निराशा से घिर रहा है। जरूरत है समाज को खुशहाल बनाकर,गिरते हैप्पीनेस इंडेक्स को सुधारने की ताकि अकेलेपन में जी रहे लोगों को इससे उबारा जा सके,उनमें खुशी का एहसास पैदा किया जा सके। इसके लिए संयुक्त प्रयास की आवश्यकता होगी। संवाद के साथ-साथ लोगों को समाज में जोड़ने और छोटी-छोटी खुशियों और आयोजनों में शामिल करने के सार्थक प्रयासों की जरूरत होगी अन्यथा समाज में एकांकी जीवन जीने वाले इस दंश से बाहर नहीं निकल सकते।

बहुमत का रथ या संघर्ष का अग्निपथ

पांचवें चरण में मतदान के साथ ही 428 लोकसभा सीटों का चुनाव तय कर देगा दोनों गठबंधनों का भविष्य

मनोज त्रिपाठी

पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर मतदान के बाद 428 लोकसभा सीटों पर चुनाव खत्म हो जाएगा और मतगणना का काउंट डाउन शुरू हो जाएगा। इसी के साथ बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा इस चरण में 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 की 303 सीटों से आगे निकल जाएगी। कुछ ऐसा ही यक्ष प्रश्न इंडिया गठबंधन के सामने भी है कि क्या वह अपनी जीत की संभावना 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया है। गृह मंत्री अमित शाह और तमाम भाजपा नेता चौथे चरण के बाद पार्टी को बहुमत मिलने का दावा कर रहे हैं, तो इंडिया गठबंधन की ओर से भाजपा के 200 से 220 सीटों पर सिमटने की भविष्यवाणी की जा रही है। अब कौन सही और कौन गलत हैं, इसका पता तो चार जून को मतों की गणना में ही चलेगा। फिलहाल पांचवें चरण की 49 सीटों में पिछली बार के नतीजों के आईने में पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आ रहा है।

सोमवार को पांचवे चरण में जिन 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें एक दर्जन सीटें ऐसी किसी न किसी पार्टी का गढ़ हैं। इन 12 सीटों पर एक ही दल पिछले तीन चुनावों से जीत हासिल करता चला आ रहा है। इन 12 में से पांच सीटों पर भाजपा 2009, 2014 और 2019 में कमल खिलाने के बाद इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार है। पांचवें चरण की इन 49 सीटों में 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छह और कांग्रेस ने 14 सीटें जीती थीं। लेकिन 2014 में कांग्रेस सिर्फ दो सीटें जीत सकी और 2019 में महज एक सीट पर ही सिमट गई थी। इसके मुकाबले 2014 में भाजपा ने 27 और 2019 में 32 सीटें जीत ली थी।

पांचवें चरण की 49 सीटें पर प्रदर्शन

चुनाव वर्ष 2009		चुनाव वर्ष 2014		चुनाव वर्ष 2019	
06 भाजपा	14 कांग्रेस	27 भाजपा	02 कांग्रेस	32 भाजपा	01 कांग्रेस

बड़ा सवाल

भाजपा 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 में मिली 303 सीटों से आगे निकलेगी

इंडिया गठबंधन क्या जीत का आंकड़ा 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया

12 सीटों पर एक ही दल ने जीते हैं लगातार पिछले तीन चुनाव

05 सीटों पर भाजपा इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार

2019 में पांचवें चरण में यह था दलीय प्रदर्शन

भाजपा	32
शिवसेना	07
टीएमसी	04
कांग्रेस	01
जेडीयू	01
एलजेपी	01
बीजद	01
नेशनल कॉन्फ्रेंस	01
अन्य	01

25 सीटों पर इस बार भी भाजपा सबसे मजबूत दावेदार

- इस बार पांचवें चरण की 49 में 25 सीटों पर भाजपा को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि पिछले तीन में से दो लोकसभा चुनाव में पार्टी ने इन 25 सीटों पर कमल खिलाया है। इस आंकड़े के हिसाब से कांग्रेस सिर्फ दो सीटों पर ही मजबूत है।

चार सीटों पर हुआ था नजदीकी मुकाबला

पांचवें चरण में सिर्फ चार सीट ऐसी हैं, जिन पर 2019 के चुनाव में जीत का अंतर बहुत कम था। इनमें उत्तर प्रदेश की कौशांबी, ओडिशा की बोलनगीर, पश्चिम बंगाल की बैरकपुर और आरामबाग सीटें शामिल हैं। इनमें तीन सीटें भाजपा ने जीती थीं, जबकि आरामबाग में टीएमसी विजयी रही थी।

सात राज्यों में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला था

- पांचवें चरण के जिन आठ राज्यों में चुनाव है, उनमें सात राज्यों में कांग्रेस को 2019 में से एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस केवल उत्तर प्रदेश में रायबरेली की सीट ही जीत सकी थी जबकि अमेठी सीट पर उसे हार मिली थी।

महाराष्ट्र में आखिरी 13 सीटों पर जीत की चाबी तो उत्तर भारतीयों के पास

दिग्विजय सिंह

- भाजपा और राज ठाकरे के साथ से एक वर्ग में नाराजगी
- 2019 में शिवसेना ने सात और भाजपा ने जीती थीं छह सीटें

महाराष्ट्र में पांचवें चरण में 13 लोकसभा सीटों धुले, डिंडोरी, नासिक, कल्याण, पालघर, भिवंडी, ठाणे, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर मध्य सीट पर वोट पड़ने के साथ ही सभी 48 सीटों पर मतदान प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इन 13 सीटों में 10 सीटें ऐसी हैं, जहां उत्तर भारतीय मतदाता 25 से 35 प्रतिशत तक हैं। 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में भाजपा ने छह और शिवसेना ने सात सीटें जीती थी।

लेकिन तब शिवसेना और भाजपा साथ-साथ थी। अब शिवसेना दो फाड़ हो गई है, तो शहर पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी दो हिस्सों में बंट चुकी है। राज्य में बदले हुए राजनीतिक समीकरणों में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। भाजपा ने बढ़त लेने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। भाजपा शासित राज्यों के पांच मुख्यमंत्री डेरा डाले हैं। उत्तर भारतीय मतदाताओं के बीच खास मेहनत की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में 20-22 सभाएं कर चुके हैं। विगत दिवस मुंबई में रोड शो करने के बाद अगले दिन विशाल रैली की है। भाजपा अगर महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना चाहती है, तो नतीजों से असली और नकली शिवसेना की लड़ाई का भी फैसला होना है। ऐसे में करीब 10 सीटों पर उत्तर भारतीय, मुस्लिम और दलित मतदाता महत्वपूर्ण हो गए हैं। आम तौर पर उत्तर भारतीय मतदाताओं का समर्थन भाजपा को ज्यादा मिलता रहा है, लेकिन भाजपा द्वारा राज ठाकरे का साथ लेने का संदेश उत्तर भारतीयों के बीच अच्छा नहीं गया है।

कांग्रेस और उसके साथ महा विकास अघाड़ी में शामिल राकांपा शरद पवार तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे इसी नाराजगी को भुनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। उन्हें मुस्लिम मत मिलने का भी भरोसा है।

पीयूष गोयल की पहले चुनाव में हो रही है अग्नि परीक्षा



मुंबई उत्तर सीट से केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल का मुकाबला अभिनेता-राजनेता भूषण पाटिल से है। 2019 में भाजपा के गोपाल सी. शेट्टी ने इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को 4.65 लाख वोटों से हरा दिया था। पीयूष गोयल तीन बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

डिंडोरी में केंद्रीय मंत्री भारती पवार को छूट रहा पसीना

- डिंडोरी में भाजपा तीन बार से जीत रही है। यहां इस बार सांसद और केंद्रीय मंत्री भारती प्रवीण पवार का मुकाबला राकांपा भास्कर भगरे से हो रहा है। भारती 2014 में राकांपा से चुनाव लड़कर हार गई थीं। 2019 में भाजपा से जीती थीं। लोकसभा क्षेत्र की छह में से चार विधानसभा सीटें राकांपा के पास हैं।

मुख्यमंत्री शिंदे के पुत्र डॉ. श्रीकांत लगा पाएंगे हैट्रिक

- कल्याण लोक सभा सीट से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे डॉ. श्रीकांत शिंदे चुनावी जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में जुटे हैं। श्रीकांत ने 2014 और 2019 में शिवसेना के टिकट पर कल्याण में जीत हासिल की थी। उनके सामने मैदान में शिवसेना (उद्धव) की वैशाली डारेकर राणे हैं।

वकील उज्जवल निकम को वर्षा गायकवाड़ से कड़ी चुनौती

मुंबई उत्तर मध्य सीट पर भाजपा की तरफ से उतरे हाई प्रोफाइल वकील उज्ज्वल निकम पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला मुंबई कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ से हो रहा है। वर्षा धरावी से चार बार विधायक चुनी जा चुकी हैं और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रही हैं। यहां पिछले दो चुनाव भाजपा की पूनम महाजन ने जीते थे।

भिवंडी में केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल कांटे की संघर्ष में फंसे

- भिवंडी से केंद्रीय मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें शरद पवार की एनसीपी के प्रत्याशी सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे कड़ी टक्कर दे रहे हैं। यहां 2019 में पटेल ने कांग्रेस के सुरेश तावड़े को डेढ़ लाख मतों से हराया था।

नवीन पटनायक किला बचाने में लगे, कांग्रेस तीसरे नंबर पर पिछड़ती आ रही नजर

ओडिशा में बीजद पर बढ़त बनाती दिख रही भाजपा

20 मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा

ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से इस बार मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक दोहरे दबाव में हैं। भाजपा राज्य में सरकार बनाने के साथ ही लोकसभा चुनाव में अधिकतर सीटें जीतने का दावा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो अपनी सभाओं और रैलियों में भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथग्रहण में लोगों से आने की अपील करके पटनायक को सीधी चुनौती दे रहे हैं। इसी माहौल में 20 मई को पांचवें चरण में राज्य में पांच लोकसभा सीटों बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलनगीर, कंधमाल और अस्का में वोट पड़ेंगे। राज्य में कुल 21 लोकसभा सीटे हैं। 2019 के चुनाव में इन पांच में से चार सीटें भाजपा ने जीती थीं। बीजद एक ही सीट जीत पाया था। ओडिशा में लोकसभा चुनाव में 2009 में बीजद को 37 फीसदी वोट शेयर के साथ 14 सीटें मिली थीं। कांग्रेस 33 प्रतिशत वोट शेयर के साथ छह सीट ही जीत पाई थी। भाजपा शून्य पर सिमट गई थी। 2014 में बीजद ने 44 प्रतिशत वोट के साथ 20 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने 22 प्रतिशत वोट पाकर राज्य में अपना खाता खोला था। 2019 में 43 फीसदी वोट के साथ बीजद को 12 जबकि भाजपा को 38 प्रतिशत वोट के साथ आठ तथा कांग्रेस को 14 फीसदी वोट के साथ एक सीट मिली थी। इस आंकड़े से साफ है कि भाजपा वोट प्रतिशत के मामले में बीजद के करीब पहुंच चुकी है। राज्य का चुनावी परिदृश्य भी भाजपा और बीजद के बीच सीधे संघर्ष में भाजपा की बढ़त की तस्वीर बयां कर रहा है, कांग्रेस विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव तीसरे नंबर पर ही दिख रही है।

नीचे नवीन ऊपर मोदी को वोट देने की मुहिम

- राज्य में 20 मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा। 147 सीटों वाली विधानसभा के लिए पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। पिछले चुनावों में देखा गया है कि जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीतती है, उसे ही लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलती हैं। इसी कारण भाजपा राज्य में सरकार बनाने का प्रचार करके जी तोड़ कोशिश कर रही है कि मोदी की लोकप्रियता की बदौलत लोकसभा की कम से कम 15-16 सीटें जीत सके। लेकिन एक मुहिम राज्य में नवीन पटनायक तो केंद्र में नरेंद्र मोदी को वोट देने की भी चल रही है। बीजद विधायक इसका ज्यादा विरोध भी नहीं कर रहे हैं, शायद उन्हें लग रहा है कि इस ट्रेंड से उनकी हार का खतरा दूर हो जाएगा। ऐसा होता है तो यह एक तरह की टेक्टिकल वोटिंग होंगी, क्योंकि अभी तक विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होने पर मतदाताओं का रुझान ज्यादातर एक पार्टी की ही तरफ देखने में आता रहा है।

बताई गारंटी

बिहार की वाल्मीकि नगर से जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला।

उमर अब्दुल्ला की मुश्किलें बढ़ीं

चुनाव डेस्क

- बारामूला सीट पर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन ने भी लगा रखा है जोर
- जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे ने जोरदार प्रचार करके बनाई सहानुभूति

अमृत विचार। जम्मू-कश्मीर की हाई प्रोफाइल बारामूला लोकसभा सीट पर भी पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। इस सीट पर पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला तथा पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन के बीच मुकाबला माना जा रहा है। लेकिन चुनाव प्रचार खत्म होने के साथ मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे अबरार ने जोरदार चुनाव प्रचार करके संघर्ष में खड़ा कर दिया है। अबरार ने कई रोड शो किए हैं, जिनमें भीड़ जुटी है। रशीद के जेल में बंद होने से मतदाताओं के एक वर्ग की सहानुभूति मिल रही है। रशीद दो बार के विधायक हैं और टेरर फंडिंग के मामले में तिहाड़ जेल में हैं। भाजपा ने बारामूला समेत घाटी की तीनों सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतारा है, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी खामोशी के साथ पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन का समर्थन दे रही है। बारामूला सीट के अंतर्गत 18 विधानसभा क्षेत्रों में 17.32 लाख मतदाता हैं। यहां 23 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर देश भर में रह रहे 25,821 विस्थापित कश्मीर पंडितों के मतदान की व्यवस्था की गई है। 21 मतदान केंद्र जम्मू, चार दिल्ली और एक केंद्र उधमपुर में बना है।

बसपा की जातीय इंजीनियरिंग किस पर पड़ेगी भारी

पूर्वांचल में साल 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में छह लोकसभा सीटें जीती थीं। इसमें जौनपुर को छोड़कर बाकी पांच सीटों घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज में बसपा को नए प्रत्याशी उतारने पड़े हैं, इसकी वजह यह है कि गाजीपुर से चुनाव जीते अफजाल अंसारी और श्रावस्ती के सांसद रामशिरोमणि वर्मा इस बार सपा से ताल ठोंक रहे हैं, अंबेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय भाजपा के प्रत्याशी बन गए थे, जबकि घोसी से जीते अतुल राय का अधिकतर समय जेल में रहे हैं।

अंबेडकर नगर, घोसी और श्रावस्ती में बनाया मुस्लिम-दलित समीकरण

- अंबेडकरनगर में बसपा ने इस बार मुस्लिम-दलित का दांव खेलते हुए कमर हयात अंसारी को मैदान में उतारा है। यहां करीब चार लाख दलित और साढ़े तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। पौने दो लाख कुर्मी और इतने ही यादव मतदाता हैं। ब्राह्मण मतदाता डेढ़ लाख से कुछ कम और क्षत्रिय वोटर एक लाख हैं। श्रावस्ती में पांच लाख मुस्लिम मतदाता, करीब पौने तीन लाख दलित, दो लाख से ज्यादा कुर्मी वोटर और ढाई लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। यहां भी मुस्लिम- दलित समीकरण से बसपा 2019 में चुनाव जीती थी। इस बार पार्टी ने मुस्लिम –दलित वोट बैंक पर भरोसा करते हुए श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन को उतारा है। घोसी में अतुल राय भाजपा के हरिनारायण को हराकर चुनाव जीते थे। लेकिन उनका पूरा कार्यकाल लगभग जेल में ही बीता। इसलिए उनकी जगह बसपा ने कांग्रेस से आए पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। बालकृष्ण बसपा से ही सांसद रहे थे और वह नोनिया चौहान हैं। यहां नोनिया चौहान की अच्छी खासी संख्या है। यहां मऊ विधानसभा पर तो मुस्लिम निर्णायक है। लालगंज सुरक्षित सीट पर पिछली बार सपा की संगीता आजाद जीती थीं। उन्होंने भाजपा की नीलम सोनकर को हराया था। इस बार बसपा ने यहां डॉ. इंदु चौधरी को टिकट दिया है। जौनपुर से बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट काटने के बाद सांसद श्याम सिंह यादव को उतारा है। गाजीपुर में बसपा से जीते अफजाल अंसारी इस बार सपा के प्रत्याशी हैं। यहां बसपा ने डॉ. उमेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

नौ सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी सपा-कांग्रेस का बिगाड़ रहे खेल

- बसपा के पास दलित वोट बैंक का अभी भी बड़ा हिस्सा है। वह इसी के साथ मुस्लिम, ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग का जोड़ घटाना लगाकर प्रत्याशी उतारती रही है। इस बार बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार पूर्वांचल की लड़ाई में दलित-मुस्लिम और दलित-ब्राह्मण का समीकरण बनाकर उम्मीदवार उतारे हैं। बसपा ने पूर्वांचल के रण में नौ लोकसभा सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर इंडिया गठबंधन का समीकरण बिगाड़ने का प्रयास किया है। हाथी चुनाव चिह्न पर इस बार अंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी, श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अमद खान, डुमरियागंज से मोहम्मद नदीम मिर्जा, संतकबीरनगर से नदीम अशरफ, आजमगढ़ से महमूद अहमद, महराजगंज से मोहम्मद मौसमे आलम, गोरखपुर से जावेद सिमनानी और वाराणसी से अतहर जमाल लारी चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं।

आधा दर्जन सीटों पर खेला ब्राह्मण कार्ड

- बसपा ने दलित-ब्राह्मण समीकरण मजबूत करके मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन अपनी तरफ खींचने की रणनीति के तहत आधा दर्जन सीटों पर ब्राह्मण उम्मीदवार मैदान में उतारकर सपा-कांग्रेस गठबंधन की परेशानी बढ़ा रखी है। पार्टी से फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, मिर्जापुर में मनीष त्रिपाठी, कैसरगंज में नरेंद्र पांडेय, गोंडा से सौरभ कुमार मिश्रा मुकाबले को त्रिकोणीय धार देने की कोशिश में जुटे हैं।

बसपा के गढ़ वाली सीटें

भदोही		गाजीपुर		लालगंज	
2019	4,66,414	2019 जीती	5,66,082	2019	5,18,820 – जीती
2014	2,45,554	2014	2,41,645	2014	2,33,971
2009 जीती	1,95,808	2009	3,09,924	2009	2,07,998 – जीती
भदोही		**गाजीपुर**		**लालगंज**	
2019	4,66,414	2019 जीती	5,66,082	2019	5,18,820 – जीती
2014	2,45,554	2014	2,41,645	2014	2,33,971
2009 जीती	1,95,808	2009	3,09,924	2009	2,07,998 – जीती

अपनी ढपली अपना राग

हमारी पार्टी धन्नासेठों से रुपया नहीं लेती बल्कि सदस्यता शुल्क और मेरे जन्मदिन पर थोड़ा-थोड़ा धन एकत्र करके और चुनाव के मौके पर धन जुटाकर संगठन चलाती है। **- मायावती**

स्वघोषित राजाओं को लगता है कुंडा उनकी जागीर, उनके भ्रम को तोड़ने का अवसर आया, राजा लोकतंत्र में रानी की पेट से पैदा नहीं होते, अब राजा ईवीएम के बटन से पैदा होता है। **- अनुप्रिया पटेल**

आजादी के 55 साल में कांग्रेस कभी दुनिया की सबसे ज्यादा पैसे वाली पार्टी नहीं बनी, पिछले 10 साल में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पैसे वाली पार्टी बन गई। इसके पीछे कारण काला धन है। **- प्रियंका गांधी**

भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड से 200-300 करोड़ का चंदा लिया। देशभर में दबाव की राजनीति चल रही है और संविधान से मिले अधिकारों पर खतरा है। **- डिंपल यादव**

5वें चरण में भाजपा को अपने उम्मीदवारों से ज्यादा उम्मीदें

पार्टी के उप्र व केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा है दांव पर, रायबरेली और अमेठी को लेकर भी बहुत आशावान हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भाजपा को पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश में अपना पिछला प्रदर्शन फिर से दोहराने की उम्मीद है। पिछले लोकसभा चुनावों में पार्टी ने इन 14 लोकसभा सीटों में से 13 पर कब्जा जमाया था, जबकि रायबरेली की एक सीट कांग्रेस के खाते में गई थी। इस बार पार्टी को उम्मीद है कि अमेठी और रायबरेली जैसी हाई प्रोफाइल सीटों समेत सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा। हालांकि योगी आदित्यनाथ भी सभी सीटों पर चुनाव प्रचार कर भाजपा के समर्थन में माहौल बना चुके हैं।

लखनऊ लोकसभा सीट से एक बार फिर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार तीसरी बार मैदान में हैं। इस सीट पर 1991 से ही भाजपा का कब्जा है। 1991 से 2009 तक यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी सांसद रहे, जबकि 2009 से 2014 के बीच लाल जी टंडन विजयी हुए। 2014 और 2019 लोकसभा चुनावों में राजनाथ सिंह ने इस सीट पर बड़ी जीत दर्ज की थी। राजनाथ सिंह के सामने सपा ने रविदास मेहरोत्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है।



मंत्री रह चुके मेहरोत्रा फिलहाल लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से सपा के विधायक हैं। वहीं बसपा ने सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है।

इन सीटों पर भी रहेगी नजर: कैसरगंज में मौजूदा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को भाजपा ने टिकट दिया है। उनका मुकाबला सपा के भगत राम मिश्रा और बसपा के नरेंद्र पांडे से है।

इस सीट पर करण भूषण का पलड़ा बाकी प्रत्याशियों की तुलना में कहीं मजबूत है। झांसी में भाजपा के मौजूदा सांसद अनुराग शर्मा फिर एक बार ताल ठोंक रहे हैं। उनका सामना कांग्रेस के प्रदीप जैन आदित्य और बसपा के रवि प्रकाश मौर्य से है। वहीं, मोहनलालगंज में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार प्रत्याशी हैं। उन्हें सपा के आरके चौधरी और बसपा के राजेश कुमार चुनौती दे रहे हैं। इसी तरह, बांदा में मौजूदा बीजेपी सांसद आरके सिंह पटेल फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका सामना सपा की कृष्णा देवी पटेल और बसपा के मयंक द्विवेदी से है।

कौशांबी लोकसभा सीट पर मौजूदा बीजेपी सांसद विनोद सोनकर भी तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं, जबकि सपा के पुष्पेंद्र सरोज उनके सामने हैं। वहीं हमीरपुर में भी भाजपा ने मौजूदा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को तीसरी बार मैदान पर उतारा है। उनके सामने सपा के अजेंद्र सिंह राजपूत हैं। फतेहपुर में केंद्रीय मंत्री और मौजूदा बीजेपी सांसद साध्वी निरंजन ज्योति भी अपने तीसरे कार्यकाल के लिए मैदान में हैं। उनके सामने सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल हैं।

अमेठी में स्मृति ईरानी की मजबूत दावेदारी

अमेठी की सीट भी सबसे हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है। केंद्रीय मंत्री और अमेठी की मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर यहां से मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस ने नामांकन के आखिरी दिन गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को उम्मीदवार बनाया। बसपा ने यहां नन्हे सिंह चौहान को अपना उम्मीदवार बनाया है। 2019 में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को करारी शिकस्त दी थी। सीएम योगी के नेतृत्व में स्मृति ईरानी ने जिस अंदाज में राहुल गांधी को यहां से हराया, उसी का नतीजा है कि चार दशक बाद पहली बार इस सीट से गांधी परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं लड़ रहा। इसीलिए इस सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। स्मृति ईरानी के यहां से जीतने के बाद से यहां भाजपा लगातार मजबूत होती गई। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गौरीगंज छोड़कर बाकी सभी 4 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी तो 2022 में भी भाजपा तीन सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस बार सीएम योगी ने कई बार यहां रैली की है और पूरी उम्मीद है कि एक बार फिर इस सीट से भाजपा विजयी होकर निकलेगी।

रायबरेली को भी जीतने की है जुगत

उत्तर प्रदेश की जिन सीटों की सबसे ज्यादा चर्चा है, उनमें से रायबरेली लोकसभा सीट भी है। ये राज्य की इकलौती सीट है जहां 2019 में कांग्रेस को जीत मिली थी। तब सोनिया गांधी यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची थीं। सोनिया अब राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। कांग्रेस ने काफी इंतजार के बाद रायबरेली से राहुल गांधी को चुनाव मैदान उतारा है। वहीं भाजपा ने यहां दिनेश प्रताप सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। एमएलसी दिनेश प्रताप फिलहाल योगी सरकार में मंत्री भी हैं। पिछले चुनाव से लेकर अब तक यहां काफी बदलाव आ चुका है। योगी सरकार ने प्रदेश के साथ-साथ इस क्षेत्र में भी काफी विकास कार्य कराया है। यही नहीं, भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह की ग्राम प्रधानों में अच्छी पकड़ मानी जाती है। यही नहीं रायबरेली के कई प्रमुख कांग्रेसी नेता अब बीजेपी के साथ हैं। कांग्रेस नेता रहे अखिलेश कुमार सिंह की बेटी अदिति सिंह रायबरेली से बीजेपी की विधायक हैं। वहीं, ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडे भी बीजेपी में आ चुके हैं, जिससे भाजपा की उम्मीदें कई गुना बढ़ गई हैं।

राहुल-अखिलेश की प्रयागराज में जनसभा आज

अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संयुक्त जनसभा 19 मई को प्रयागराज में होगी।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने बताया कि दोनों नेता प्रयागराज में लोकसभा क्षेत्र फूलपुर के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के पक्ष में आयोजित जनसभा को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। इसी दिन मुंगरी करछना में लोकसभा क्षेत्र इलाहाबाद के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के पक्ष में आयोजित जनसभा को संयुक्त रूप से सम्बोधित करेंगे। दोनों कार्यक्रमों में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय शामिल होंगे। 19 मई को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के पक्ष में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी 20 मई लोकसभा क्षेत्र बलिया में गठबंधन की समन्वय बैठक को संबोधित करेंगे। बाद में आजमगढ़ पहुंचकर लोकसभा क्षेत्र लालगंज व आजमगढ़ में गठबंधन दलों की बैठकों को सम्बोधित करेंगे।

अयोध्या - अमेठी की किलेबंदी, पूर्वांचल साधने की कोशिश

- चुनाव में नाम और काम के साथ तेज हुई राम-राम की धुन
- राजनीतिक दलों के गढ़ में भी शुरू हो गया चुनावी परीक्षा का पूर्वाभ्यास
- अमेठी अतीत में कांग्रेस का गढ़ रही है तो अयोध्या भाजपा का

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

लोकसभा चुनाव में नाम और काम के साथ अब राम-राम की धुन तेज हो गई है। अयोध्या और अमेठी की जीत के साथ इसी के जरिए पूर्वांचल को साधने की कोशिश है। राजनीतिक दलों के इन गढ़ों में चुनावी परीक्षा का पूर्वाभ्यास तेज हो गया है। मुद्दे उछालकर चुनाव के परिणाम अपने पक्ष में करने की कोशिश है।

अयोध्या और अमेठी, अयोध्या मंडल की सीटें हैं। दोनों की सीमाएं जुड़ती हैं। एक में राजनीतिक आवाज उठती है तो दूसरे तक पहुंच जाती है। इसी का परिणाम रहा कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को यहां भाजपा से शिकस्त खानी पड़ी थी। इन सीटों का असर मंडल की अन्य इससे लगी सीटों पर पड़ता है। खासतौर से मंडल के सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर तक इसका प्रभाव आंका जाता है। पिछले चुनाव में पड़ोस की सुल्तानपुर सीट से मेनका गांधी भाजपा से सांसद थी तो अंबेडकर नगर से रितेश पांडेय बसपा से सांसदी जीते थे। रितेश अब भाजपा में हैं और चुनाव मैदान में है। अयोध्या से लल्लू सिंह चुने गए थे। भाजपा अपने गढ़ों को सुरक्षित रख दूर तक राजनीतिक को साधना चाहती है। इसलिए भी इन सीटों पर दल के बड़े नेताओं की नजर लगी रहती है।

2019 में जीते सांसद

लोस सीट	विजयी	दल
अयोध्या	लल्लू सिंह	भाजपा
सुल्तानपुर	मेनका गांधी	भाजपा
अमेठी	स्मृति ईरानी	भाजपा
अंबेडकरनगर	रितेश पांडेय	बसपा

अमेठी अतीत में कांग्रेस का गढ़ रही है तो अयोध्या भाजपा का। इस चुनाव में एक बार फिर यहां से पूर्वांचल के साथ आगे के तीन चरणों को साधने की कोशिश तेज हो गई है। अयोध्या (फैजाबाद) भाजपा का ऊर्जा केंद्र है। दक्षिणपंथ का विचार यहीं से पनपता है। संगठन से सत्ता तक अयोध्या का अलग महत्व है।

अयोध्या में कांग्रेस का अपना प्रत्याशी नहीं है। वह इंडी गठबंधन के साथ है। लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस अपने अमेठी के पुराने किले को पुख्ता करके यूपी में अपनी मजबूत उपस्थिति का संदेश देना चाहती है। कांग्रेस ने अमेठी से केएल शर्मा को मैदान में उतारा। केएल शर्मा गांधी परिवार के करीबी हैं। स्व. राजीव गांधी के साथ बेहद करीब से जुड़े रहे। रायबरेली में सोनिया गांधी के प्रतिनिधि भी रहे। कांग्रेस ने अयोध्या से सटे अपने अमेठी किले को वापस पाने के लिए कूटनीतिक मोर्चा खोला है।

अब अयोध्या और अमेठी की किलेबंदी तेज हो गई है। हालांकि इसकी शुरुआत नामांकन के साथ ही हो गई थी। यह महज संयोग है या सोची समझी रणनीति का हिस्सा था कि अमेठी में नामांकन के तीसरे दिन ही पीएम मोदी अयोध्या में रोड शो करने पहुंचे थे। यह इस चुनाव में अवध में वैचारिक लड़ाई की शुरुआत थी। जानकार मानते हैं कि पीएम मोदी की निगाह देश के चुनाव के साथ अयोध्या और अमेठी के लिए भी संदेश था। अब यह जंग तेज हो गई है।

अब इन गढ़ों में मुद्दों की धार पैनी की जा रही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव से राहुल गांधी तक देश और संविधान बचाने का राग छेड़ रहे हैं। हालांकि राहुल गांधी ने अयोध्या का दौरा नहीं किया लेकिन कांग्रेस के नेता उनकी बातों को जनता में पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस और सपा के शासन काल के काम गिनाए जा रहे हैं।

तो वहीं सीएम योगी समेत अन्य भाजपा के नेता अयोध्या के विकास के साथ राम की धुन को परवान चढ़ा रहे हैं। भाजपा और सपा के नेता अयोध्या से बड़ा संदेश देने की अपील मतदाताओं से कर रहे हैं।

नेताओं के सियासी हमले से निकले तीर मतदाता के मन के अंदर से बाहर तक मथने लगे हैं। वह अंदर की सुन रहा, बाहर की गुन रहा। जुबान पर मुद्दे और मन में श्रद्धा। बात सियासत की करता है, रट है राम धुन की। मन में चुनाव के मुद्दों के साथ श्रद्धा की टकराहट हो रही है। मुद्दे और श्रद्धा की जीत से ही प्रत्याशी और पार्टी की जीत का मार्ग प्रशस्त होने वाला है।

इस बार अयोध्या मंडल की प्रमुख सीटों से मैदान में उतरे प्रत्याशी

सुल्तानपुर संसदीय क्षेत्र

मेनका गांधी (भाजपा)

राम भुआल निषाद (सपा)

उदराज वर्मा (बसपा)

अंबेडकर नगर संसदीय क्षेत्र

रितेश पांडेय (भाजपा)

लालजी वर्मा (सपा)

कमर हयात (बसपा)

फैजाबाद संसदीय क्षेत्र-

लल्लू सिंह (भाजपा)

अवधेश प्रसाद (सपा)

सच्चिदानंद (बसपा)

अमेठी संसदीय क्षेत्र

स्मृति ईरानी (भाजपा)

केएल शर्मा (कांग्रेस)

नन्हें सिंह (बसपा)

चुनावी चक्कर

● चाय की चुस्की और चुनाव पर चर्चा:

लोकसभा चुनाव की सरगर्मी चरम पर है। राजनीतिक चर्चाएं भी परवान चढ़ रहीं हैं। ऐसी चर्चाओं के लिए हमेशा से ही सबसे ज्यादा सुगम स्थान चाय, पान की दुकानें, ढाबे-होटल होते हैं। इन स्थानों पर कुछ समय गुजारिये तो पता लगेगा जितने मुंह, उतनी तरह की बातें। यहां चाय की चुस्की के साथ आम चर्चा का केंद्र लोकसभा चुनाव है। चुनाव पर चर्चा करने वालों में नौजवानों से लेकर बुजर्ग तक शामिल हैं। कहीं तो बहस इस कदर बढ़ जाती है मानो मारपीट की नौबत आ गई हो। इसी मारपीट से बचने के लिए कुछ बुद्धिजीवी कह रहे हैं इस बार गेम फिफ्टी फिफ्टी का है। वहीं, पार्टी समर्थित कोई रहा कि आएंगे तो मोदी ही तो दूसरी ओर सपा या कांग्रेस का समर्थन करने वाले बदलाव की बात करने में ज्यादा संतुष्ट होते नजर आ रहे हैं। जिन जगहों पर अंतिम चरण में चुनाव है वहां ऐसी बहसबाजी से बचने वाले कह रहे हैं कि -अभी बहुत वक्त है, यहां अंतिम चरण में चुनाव होना है। अभी से बेवजह क्यों माथापच्ची की जाए। अलग-अलग क्षेत्रों की भाषा भी अलग-अलग। कहीं ठेठ भोजपुरी, कहीं अवधी तो कहीं बुंदेलखण्डी भाषा और मिजाज सामने आ रहा है। एक चायपान की दुकानो पर एक दिलचस्प नजारा यह देखने को मिलता है कि यहां लोग टुकड़ों में भले बंटे हुए खड़े हों मगर जैसे ही कोई एक गुट चुनाव पर चर्चा छेड़ता है तो सबके कान खड़े हो जाते हैं। धीरे-धीरे इस चर्चा में सभी एकजुट हो भाग लेने दिखते हैं। हालांकि आसपास के दुकानदार इन ग्राहकों की चर्चा में भाग भले न लें लेकिन वे चर्चा को पूरा कान लगाकर सुनते अवश्य हैं।

मऊ में मायावती की चुनावी सभा आज

अमृत विचार, लखनऊ: बसपा प्रमुख मायावती रविवार को मऊ जिले में चुनावी सभा संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया बसपा ने चुनाव के दौरान किसी भी राजनैतिक दल से गठबंधन नहीं किया है। पार्टी अपने मूल सिद्धांतों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में मायावती चुनावी सभाएं कर रहीं हैं। सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ से स्पष्ट है कि समाज में पार्टी की स्वीकार्यता बढ़ी है और मायावती को लोग सुनना चाहते हैं। मऊ में प्रस्तावित सभा, मुहम्मदाबाद स्थित नार्मल फुटबाल ग्राउंड, खैराबाद में होगी।

मेवालाल गौतम ने बताया की मऊ की सीट पर बसपा प्रत्याशी बाल कृष्ण चौहान अन्य पार्टियों के उम्मीदवारों पर भारी पड़ रहे हैं, यहा से उनकी ही जीत होगी।

इलेक्शन बायस्कोप

अमेठी के जायस कस्बे में कांग्रेस के रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा को देखने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े, इसी क्रम में कार पर बैठ कर प्रियंका और प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने लोगों का अभिवादन किया। **-अमृत विचार**

प्रियंका के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

अमेठी, अमृत विचार : कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को अमेठी जिले के जायस कस्बे में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण के प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका ने अमेठी लोकसभा के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। खुले वाहन में प्रियंका सड़कों पर निकली, जिन्हें देखने के लिये लोग सड़कों के किनारे और छतों पर खड़े थे। जायस कस्बे में बस स्टॉप के पास बक्शी कांप्लेक्स से दोपहर दो बजे से निकाले गया रोड शो करीब चार बजे नौगजी चौराहे पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान प्रियंका गांधी के साथ प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद रहे। रोड शो के बाद कांग्रेस महासचिव का काफिला नहर कोठी इग्गुवा के लिये रवाना हो गया। गौरतलब है कि शनिवार को शाम चुनाव प्रचार थम गया। पांचवें चरण के लिये मतदान 20 मई को होगा।

कई सीटों पर वोट की सेंधमारी में जुटी बसपा

- गठबंधन में मिले जनाधार से खुद को भारी साबित करना मायावती के लिए चुनौती
- दलों का राजनीतिक भविष्य भी जुड़ा है 5वें चरण के चुनाव में

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

5वें चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में जहां कांग्रेस के पास अपनी रायबरेली सीट बचाने की चुनौती है, वहीं भाजपा अपनी 13 सीटें बचाए रखने की जद्दोजहद में है। साल 2019 में गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली सपा-बसपा, अपने-अपने पृथक जनाधार के जरिए सीट हथियाने की जुगत में हैं।

राज्य की 14 सीटों पर चुनाव होना है, इस चरण में लखनऊ रायबरेली, कैसरगंज व फैजाबाद जैसी मुख्य सीटें शामिल हैं, जिनपर दिग्गजों की चुनावी डगर का मार्ग प्रशस्त होना है। इस चरण में सबसे प्रतिष्ठित सीट, कांग्रेस की रायबरेली है। यहां पर न केवल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की स्वीकार्यता दांव पर लगी है, वहीं प्रदेश की अपनी इकलौती सीट बचाने की लालसा में कांग्रेस संगठन जूझ रहा है। इसके लिए प्रियंका गांधी स्वयं प्रचार की बागडोर संभाले हैं।

वहीं समीप में अमेठी सीट पर भी देश की निगाहें टिकी हैं, इस सीट पर भाजपा की तेज तर्रार नेता व वर्तमान सांसद स्मृति ईरानी अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यो के दम पर पुनः जीत का दावा कर रहीं हैं वहीं इंडी गठबंधन से कांग्रेस के पास सीट को पुनः वापस हथियाना शेष है। जबकि बसपा ने भाजपा व कांग्रेस की प्रतिष्ठापूर्ण लड़ाई में ठाकुर प्रसाद यादव को उतारकर रंग जमाने का प्रयास किया है। इस सीट पर बसपा को अपनी हैसियत आंकने का मौका भी है।

अति विशिष्ट सीटों में शुमार अगली प्रतिष्ठापूर्ण, लखनऊ सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुनः जीत का सेहरा पहने की फिराक में हैं। हालांकि चुनाव प्रबन्धन भाजपा संगठन खुद ही करता है, मगर उनके पुत्र नीरज सिंह अपनी मेहनत को रिकार्ड के रूप में दर्ज कराने का संकल्पित हैं।

दूसरी तरफ सपा ने जमीनी नेता के रूप में वर्तमान विधायक रविदास मल्होत्रा को मैदान में उतारकर, फिजाएं बदलने की कोशिश की है, वहीं बसपा ने वास्तव में मुस्लिम सांसद सरवर अली को टिकट देकर वोट में सेंधमारी का प्रयास किया है।

इसी तरह बाराबंकी, गोंडा, मोहनलालगंज व फैजाबाद आदि सीटें हैं जो पार्टी के साथ, किसी न किसी नेता की प्रतिष्ठापूर्ण बनी हुई हैं। जिसके लिए इंडी गठबधंन की तरफ से जहां राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के अलावा सपा के अखिलेश यादव व जेल से सशर्त बाहर आए आप के नेता व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, येन केन प्रकारेण भाजपा की साख को बट्टा लगाने में जुटें हैं।

ब्राह्मण व कोर वोट हथियाने की कोशिश

- ब्रज भूषण सिंह से जुड़ी कैसरगंज सीट पर चुनाव भाजपा के करण भूषण सिंह व सपा के भगतराम मिश्रा का नहीं रहा गया है, बल्कि भाजपा के वर्तमान सांसद ब्रजभूषण सिंह और भाजपा के पूर्व सांसद दद्दन मिश्र की प्रतिष्ठा से जुड़ा है। बसपा ने नरेन्द्र पाण्डेय को टिकट देकर ब्राह्मण व कोर वोट हथियाने की कोशिश की है। ऐसे में कैसरगंज लोकसभा सीट पर लड़ाई दिलचप्स हो गई है।

सुरक्षित सीटों से बड़ी आस

- 5वें चरण में बसपा को भी सुरक्षित सीटों से बड़ी आस है। मोहनलालगंज, हमीरपुर, बांदा, जालौन और बाराबंकी में त्रिकोणीय मुकाबला होने से बड़ी उम्मीदे हैं। इन सीटों पर प्रत्याशी चयन में मायावती ने सोशल इंजीनियरिंग के फॉर्मूले को अपनाते हुए गोंडा, कैसरगंज, फैजाबाद, हमीरपुर में ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। साल 2019 के चुनाव में गठबंधन में मिले मत प्रतिशत को अकेले प्राप्त कर बसपा अपनी राजनीतिक हैसियत सिद्ध करने के प्रयास में हैं।

131.02 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अमृत विचार, लखनऊ: आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में 131.02 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई है, जबकि एक मार्च से अब तक कुल 42447.47 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की जा चुकी हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। अब तक 3439.37 लाख रुपये नकद धनराशि, 5361.07 लाख रुपये कीमत की शराब, 23479.33 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2294.24 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5060.10 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार व 2813.35 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि बीते दिन 12.15 लाख रुपये नकद धनराशि, 38.26 लाख रुपये कीमत की 13174.62 लीटर शराब, 18.68 लाख रुपये कीमत की 12508.20 ग्राम ड्रग, 11.68 लाख रुपये व अन्य सामग्री जब्त की गई।

मिल्कीपुर में बोले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कहा- भाजपा ने युवाओं व किसानों को दिया धोखा

लोगों की जान ले रही है भाजपा की वैक्सीन : अखिलेश

संवाददाता, मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार : भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वह लोगों की जान ले रही है। लोगों को हार्ट अटैक पड़ रहे हैं। अब वैक्सीन बनाने वाली कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे। ये बातें शनिवार को सपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहीं। वो मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच नंबर चौराहा स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि नौजवानों के लिए कोई नौकरी नहीं है। पेपर लीक नहीं हुए, बल्कि सरकार ने लीक कराए हैं। कहा कि पीडीए की सरकार आई तो नौजवानों को उनका हक देंगे।

मिल्कीपुर में अखिलेश यादव की सभा के दौरान भगदड़ में टूटी कुर्सियां। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे। किसी किसान की आय बढ़ी हो तो बताइए। इन्होंने केवल महंगाई बढ़ाई और खाद की बोरी से 10 किलो उर्वरक की चोरी की। बड़े-बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर भाग गए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि इस बार आंसुओं का पानी खतरे के ऊपर बह रहा है। कहा कि बीजेपी के खिलाफ जनता में जबरदस्त गुस्सा है। 400 सीटें इंडिया गठबंधन जीत रहा है।बीजेपी को सिर्फ 143 सीटें ही मिलेंगी। उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जिताने की अपील की।

चार चरणों के चुनाव में भाजपा चारों खाने चित्त : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया कि चार चरणों के वोट पड़े हैं। उसमें बीजेपी चारों खाने चित हो गई है। आपको देखना और समझना होगा। जनसभा को पूर्व विधायक तेज नारायण पांडे पवन, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, छोटेलाल यादव, बख्तियार अहमद, कमलासन पाण्डेय, यदुनाथ यादव सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

मीडिया गैलरी में मची भगदड़, कुर्सियां टूटी, कपड़े फटे

मिल्कीपुर, अयोध्या। मिल्कीपुर के पांच नंबर चौराहे के मैदान में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सपा/गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में जनसभा थी। जैसे ही अखिलेश यादव मंच की ओर बढ़े समाजवादियों की बेकाबू भीड़ मंच की ओर दौड़ पड़ी। देखते ही देखते अफरातफरी मच गई। मीडिया गैलरी की सारी कुर्सियों पर सपाई कब्जा करने लगे। यही नहीं सपाइयों ने मीडिया गैलरी में जमकर तोड़फोड़ की। यहां तक कि पत्रकारों ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। भगदड़ में कई पत्रकारों के कपड़े फट गए। कुछ पत्रकारों को मामूली चोटें भी आई हैं। दो दिन पहले रुदौली विधानसभा के मवई में भी रही हाल हुआ था। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है स्थानीय नेताओं से पता करा रहे हैं।

जो परिवार वाले नहीं वह क्या जानें परिवार का दर्दः डिंपल यादव

संवाददाता गोंडा

अमृत विचार : गोंडा की सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा के समर्थन में शनिवार को रोड शो करने पहुंची सपा सांसद डिंपल यादव ने प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी पर जमकर निशाना साधा। डिंपल यादव ने रोड शो में उमड़े जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि जो परिवार वाले नहीं है उन्हे परिवार का दर्द क्या होता है यह नहीं पता है। परिवार की जिम्मेदारी क्या होती है वह इसे नहीं जानते। समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो रिश्ते निभाना जानती है जो परिवार का दर्द समझती है।

डिंपल ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।यह परिवर्तन और बदलाव का चुनाव है। यह बदलाव युवाओं के हाथ में है और इस जनसमूह को देखकर यह तय हो गया है कि इस बार बदलाव होकर रहेगा। डिंपल के स्वागत में गोंडा में जनसौलाब उमड़ पड़ा। रोड शो में उमड़ी भीड़ को देखकर डिंपल यादव भी गदगद नजर आईं। आंबेडकर चौराहे पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रचंड गर्मी के बीच उन्होंने करीब 10 मिनट तक लोगों को संबोधित किया। डिंपल यादव ने कहा कि यह परिवर्तन का चुनाव है और यह परिवर्तन जनता के हाथ है। भारतीय जनता पार्टी पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए डिंपल यादव ने कहा कि इस दबाव की राजनीति का पतन जनता के हाथ में है और जनता के सहयोग से समाजवादी पार्टी इस राजनीति को खत्म करेगी। डिंपल यादव ने पांच किलोमीटर तक रोड शो किया।

चुनावी रथ से रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करती डिंपल यादव। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

नर्सिंग व पैरामेडिकल की वार्षिक परीक्षाएं 11 जून से

लखनऊ, अमृत विचार : नर्सिंग कॉलेजों और पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में वार्षिक लिखित परीक्षाएं 11 से 21 जून तक होंगी। परीक्षाओं की तिथियां उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के द्वारा जारी की गई हैं। साथ ही परीक्षाओं की सुचिता बनाए रखने के लिए संबंधित दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अलोक कुमार ने बताया कि जीएनएम, एएनएम और डिप्लोमा टेक्नीशियन पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षाएं 11 जून से शुरू होंगी, समय सारिणी जारी कर दी गई है। सभी संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि अगर किसी परीक्षार्थी का प्रवेश पत्र जारी नहीं हुआ है तो 22 मई तक (तकनीकी त्रुटियां संशोधित कर) प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया, परीक्षा में डिजिटलीय बारकोड युक्त उत्तर पुस्तिकाएं ही उपयोग की जाएंगी, जिनकी जानकारी अधिकृत वेबसाइट पर दी जायेगी। इसके अलावा परीक्षा के प्रश्न पत्र इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन भेजे जाएंगे जो कि परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले सेंटर पर लॉग इन पैनल पर उपलब्ध होंगे।

एनएचएम कंसल्टेंट ने दिया इस्तीफा

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद एनएचएम में तैनात दीपिका पाठक नामक कंसल्टेंट ने इस्तीफा दे दिया। विगत वर्ष भी दीपिका ने इसी तरह इस्तीफा दिया था और इन्वेस्ट मित्र के तौर पर दूसरे विभाग में ज्वाइन किया था, लेकिन बाद में नियम कानून को ताक पर रखकर दीपिका को पुन: एनएचएम में ज्वाइन करा दिया गया। ज्वाइनिंग के पहले दीपिका ने इन्वेस्ट मित्र की नौकरी छोड़ दी थी। बस इसी को लेकर लंबे समय से एनएचएम कार्यालय में विवाद चल रहा था। बाद में उच्चाधिकारियों ने प्रकरण का संज्ञान लेकर इस्तीफा देने संबंधी आदेश दिया।

ट्रक ने शिक्षक समेत दो को रौंदा, मौत

अयोध्या, अमृत विचार : इनायत नगर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर बाजार चौराहे पर शनिवार को दोपहर बाद एक तेज रफ्तार बाइक ने एक प्राइवेट शिक्षक समेत दो लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सड़क पर गिरे दोनों लोगों को पीछे से आ रहा एक ट्रक रौंदते हुए निकल गया। हादसे में शिक्षक समेत दोनों की मौत हो गई। इनायतनगर थाना क्षेत्र के कदनपुर जोगिया तिवारी अछौरा निवासी उदयभान तिवारी (52) और मुकेश तिवारी (42) किसी कार्य के लिए शनिवार दोपहर कुमारगंज जा रहे थे। दोनों मिल्कीपुर बाजार स्थित चौराहे के निकट ईंटगांव तिराहे के पास सड़क किनारे सवारी वाहन का इंतजार कर रहे कि एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच कुमारगंज की तरफ जा रहे एक ट्रक ने दोनों लोगों को रौंद दिया।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर अयोध्या पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार की सुबह श्रीराम जन्मभूमि पहुंचकर रामलला को साष्टांग प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। वह श्रृंगार आरती में भी शामिल हुए। इसके बाद परिसर स्थित कुबेर टीला पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और जटायु की प्रतिमा पर श्रद्धा व्यक्त कर अपने परिवार के साथ फोटो कराई। पूर्व राष्ट्रपति प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार राम मंदिर पहुंचे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कनक भवन मंदिर में भी अपनी आस्था प्रकट की। ऋषभदेव जैन मंदिर में प्रवास के दौरान भगवान ऋषभदेव की आराधना की और जैन धर्म प्रचार प्रसार के लिए आचार्य श्री शांतिसागर सम्सेदशिखर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान साध्वी जैन धर्म गुरु ज्ञानमती माता के साथ आध्यात्मिक चर्चा की। कोविंद अपने परिवार और राजभवन के 80 सदस्यों के साथ अयोध्या पहुंचे थे। शनिवार को वन्दे भारत ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

मायावती व राजनाथ सिंह भी पहुंचे अयोध्या

अयोध्या, अमृत विचार : पांचवें चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को अयोध्या में दिग्गजों का जमावड़ा लग गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अयोध्या पहुंचे। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी अयोध्या पहुंचे। बसपा सुप्रीमो मायावती के भी रामनगरी में पहुंचने का समाचार मिला। हालांकि यह दोनों नेता अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक ही आए थे। इसके बाद राजनाथ सिंह और मायावती चुनावी रैली में शामिल होने के लिए बस्ती चले गए। इसके अलावा केशव मौर्य और अखिलेश यादव भी विशेष विमान से एयरपोर्ट पहुंचे थे। अखिलेश एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से मिल्कीपुर में जनसभा करने गए थे।

बुजुर्ग ने दो पिल्लों की गर्दन मरोड़कर मार डाला, थैले में भरकर फेंक दिया

लखनऊ के आशियाना इलाके में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा, आसरा द हेल्पिंग हैंड ने की शिकायत

अमृत विचार: बुजुर्ग ने सड़क से दो पिल्लों (कुत्ते के बच्चों) को उठाया। उनकी गर्दन मरोड़ कर मारता रहा। उनकी हत्या करने के बाद एक प्लास्टिक के थैले में भरकर दूर ले जाकर फेंक दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शनिवार सुबह फुटेज सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ। हालांकि अमृत विचार इस तरह के वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इसके बाद आसरा संस्था की संस्थापिका ने आशियाना थाने में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। देर रात तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी।

सोशल मीडिया पर वायरल सीसीटीवी फुटेज आशियाना इलाके का है। जहां घर से 20 मीटर दूर बैठे दो पिल्ले दिखे। बुजुर्ग घर से पैदल निकला। दोनों पिल्लों को दबोच लिया। दोनों की गर्दन मरोड़ते हुए अपने घर के पास पहुंचा। मकान का दरवाजा खोलकर अंदर रखे एक प्लास्टिक के थैले में दोनों को डालकर बांध दिया। इसके बाद लाल रंग के स्कूटर से पिल्लों को दूर ले जाकर फेंक दिया। यह पूरी घटना बुजुर्ग के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

पहले भी वायरल हो चुके हैं कई वीडियो: इस तरह के वीडियो पहले भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। इसमें किसी ने कुत्ते के पिल्लों को मारकर जमीन में गाड़ दिया था। पशु प्रेमी को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने गड्ढा खोद पिल्लों को निकलवाया था। इसके बाद पशु प्रेमी ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। हालांकि इसी जिले में एक चूहे की हत्या का भी वीडियो वायरल हो चुका है। आरोपी ने चूहे को रस्सी से बांधकर पानी में डूबो- डूबो मार डाला था। इसका वीडियो पशु प्रेमी ने अपने मोबाइल में कैद करके केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया था।

रोडवेज से रिटायर है आरोपी

आसरा द हेल्पिंग हैंड की संस्थापिका चारू खरे के मुताबिक पिल्लों को मारने वाले की पहचान रुचिखण्ड-दो निवासी बुजुर्ग के तौर पर हुई है। जो रोडवेज से सेवानिवृत है। चारू का आरोप है कि पिल्लों को मारने के संबंध में बात किए जाने पर बुजुर्ग के बेटे ने अभ्रदता की है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि तहरीर की जांच की जांच की जा रही है। वहीं, आरोपी बुजुर्ग की पहचान कराई जा रही है।

अजय राय के खिलाफ मामले को रद करने की याचिका खारिज

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व कांग्रेस विधायक अजय राय के खिलाफ यूपी गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और कानून संशोधन अधिनियम के तहत दाखिल मामले को रद्द करने के संबंध में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने अजय राय और 4अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। गौरतलब है कि पुलिस स्टेशन चेतगंज, वाराणसी में वर्ष 2010 में संजय सिंह, संतोष राय, विजय गुरु, चंद्रभूषण राय, सलिल दूबे और अजय राय के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया था।

बदायूं, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में निर्मित होंगे नर्सिंग कॉलेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : हर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की योजना के तहत अर्ध निर्मित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बदायूं में और सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने प्रस्तावित बजट की पहली किस्त 13 करोड़ 32 लाख जारी कर दी है। बजट मिलने के बाद जल्द ही निर्माण एजेंसी कार्य शुरू करेंगी।

प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की योजना के अंतर्गत दो नर्सिंग कॉलेजों के निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद बजट जारी कर दिया गया है। महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि अर्ध निर्मित बदायूं मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू कराने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए स्वीकृत बजट में छह करोड़ 66 लाख की प्रथम किस्त प्राप्त हुई है। साथ ही, सहारनपुर नर्सिंग कॉलेज के लिए भी इतना ही बजट मिला है। इन कॉलेजों में एकेडमिक ब्लॉक बनाए जायेंगे।

लखनऊ में बनेगा 50 बेड का नया अस्पताल

लोगों को घर के समीप बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजधानी के फैजुल्लागंज में 50 बेड का नया संयुक्त अस्पताल स्थापित किया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 22 करोड़ 95 लाख का बजट स्वीकृत करते हुए पांच करोड़ 74 लाख की प्रथम किस्त भी जारी कर दी गई है।

वकीलों को दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान अपनी विशेष टिप्पणी में आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश को यह विचार करने का निर्देश दिया कि विभाग की ओर से प्रस्तुत होने वाले वकील समर्थन और दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण अपने मामले पर प्रभावी ढंग से बहस करने में असमर्थ रहते हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि विपक्षी अधिकारियों की ओर से पेश होने वाले वकील को सहायता न देने और प्रासंगिक दस्तावेज उपलब्ध न कराने के संबंध में अधिकारियों को एक सामान्य चेतावनी दी जानी आवश्यक है, जिसके परिणामस्वरूप विभाग के वकील विभाग के मामले का बचाव करने में विफल रहते हैं और कोर्ट को फैसला याची के पक्ष में देना पड़ता है।

बेटों को खाना देने जा रहे किसान को बोलेरो ने 500 मीटर घसीटा, मौत

संवाददाता, बहुआ(कानपुर)

- कानपुर-बांदा हाईवे पर हुआ हादसा, तीन घंटे तक लगा जाम

अमृत विचार: ललौली थाना क्षेत्र में बेटों को खाना देने साइकिल लेकर पैदल जा रहे किसान को कानपुर बांदा हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद किसान साइकिल समेत गाड़ी के नीचे फंस गया। वाहन चालक करीब 500 मीटर तक किसान को घसीटता हुआ ले गया। हादसे में किसान की मौके पर मौत हो गई। घटना के दौरान मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सड़क जाम कर दी।

महाखेड़ा गांव के रहने वाले किसान शिवकरन शर्मा उर्फ पुतु शर्मा (50) के दो पुत्र शिवमूरत व पप्पू राजा ढाबे के सामने वाहनों की मरम्मत का कार्य करते है। शिवकरन सुबह अपने बेटों को खाना देने के लिए कानपुर बांदा हाईवे पर साइकिल लेकर सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। तभी गांव के पास ही कानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने उनको टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर बांदा मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत करा शव पोस्टमार्टम भिजवाया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा, जिससे दोनो लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर बोलेरो गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

वर्ग पहेली-74

बाएं से दाएं

2.1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।

4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।

5.1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।

6.1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।

7.1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।

8.1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

ऊपर से नीचे

1.1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।

3.1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।

6.1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना, धारण करना 4. प्रवर्तन।



वर्ग पहेली -73 का हल

	1 वी	णा		2 नौ		3 तू
4 दौ			5 वै	त	र	णी
ड़				र		क
6 भा	षां	7 त	र	ण		
ग		न				8 फि
		खे		9 बे	तु	का
10 दु	नि	या	वी			ई

सुडोकू -153

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1				2				
		4	5					6
2			8					
	1			6			2	
	9						1	
	5			3				
5					2	8		
3					1	9		
6			3					4

सुडोकू -152 का हल

6	7	1	4	8	5	2	3	9
8	2	4	9	1	3	6	5	7
9	5	3	2	6	7	8	1	4
5	4	6	3	7	8	1	9	2
7	1	9	5	2	6	3	4	8
3	8	2	1	9	4	5	7	6
2	9	7	8	5	1	4	6	3
1	3	8	6	4	9	7	2	5
4	6	5	7	3	2	9	8	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मई रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 13 .50 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
तारा बल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 20 मई 03 .16 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज व्यवसाय में सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। भूमि-संपत्ति विवाद पुन: उभर के आ सकते हैं। ज्यादा विचारशीलता के कारण आप तनाव में भी आ सकते हैं।

वृष — आज अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा देना हितकर होगा। नए कारोबार में निवेश करने के लिए समय उत्तम नहीं है। पेट में इन्फेक्शन होने की संभावना है। समझदारी पूर्वक स्थितियों को संभालने का प्रयास करें।

मिथुन — आज आपको आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। घर में कलह का वातावरण हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को खानपान की अनियमितता से बचना चाहिए। गृहस्थ सुख में कमी देखने को मिलेगी।

कर्क — आज बच्चे अपने करियर और पढ़ाई को लेकर काफी सजग रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपनी नौकरी में बदलाव कर सकते हैं। व्यापार को लेकर बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। नया काम शुरू करना लाभकारी सिद्ध होगा।

सिंह — आज आपकी बातों से अच्छे लोग भी नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको काफी सोच-समझकर ही लोगों से बातें करनी चाहिए। यात्राओं के लिए दिन शुभ नहीं है। गर्मी की वजह से पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

कन्या — आज व्यवसाय में बड़ा फेरबदल करने का अवसर मिल सकता है। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे। निजी संबंधों के बीच आत्मीयता बढ़ेगी। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयत्न कर सकते हैं। कला और संगीत में आप गहरी रुचि ले सकते हैं।

तुला — आज बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए। कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आप परिस्थितियों का गलत अवलोकन भी कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज धार्मिक कार्यों में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। पुरानी किसी समस्या का समाधान मिल सकता है। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

धनु — आज आप कुछ दबाव में भी आ सकते हैं। घर में कुछ बदलाव का विचार बनाएंगे। परिवार में मांगलिक उत्सवों को लेकर कुछ योजना बन सकती है। आपके व्यवहार के कारण वरिष्ठ जन आपका सहयोग कर सकते हैं।

मकर — आज आपका काम में ज्यादा मन नहीं लगेगा। नकारात्मक लोगों से सलाह न लें। परिवार के साथ समय बिताने से आपका मन अच्छा रहेगा। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आपकी जीवनशैली में कुछ अनियमितता आ सकती है।

कुंभ — आज लोहे के उपकरणों का प्रयोग बेहद सावधानी पूर्वक करें। हाथों और उंगलियों में चोट लग सकती है। आप काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए नए काम की शुरूआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आएगी।

मीन — आज आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बुजुर्ग जातकों को घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
नो प्रॉब्लम — सुबह : 08 .44
दरार — रात : 07 .40
थैंक गॉड — सुबह : 09 .29
थप्पड़ — रात : 08 .00

&pictures

SONY PIX
मैड मैक्स : फरी रोड — सुबह : 09 .15
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स — रात : 07 .05

ZEE CINEMA
हम आपके हैं कौन — सुबह : 11 .32
सूर्यवंशी — रात : 09 .00

colors CINEPLEX
वेलकम — सुबह : 09 .33
गोलमाल 3 — शाम : 06 .41

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 09 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी- भाभी जी भाई साहब नहीं दिख रहे हैं।
भाभी- हमारा झगड़ा हो गया है वह गार्डन में हैं।
पड़ोसी- मैंने देखा गार्डन में नहीं हैं वो।
भाभी- खोदकर देखा।
पड़ोसी बेहोश...

भिखारी- बाबूजी आप मुझे 150 रुपये देकर मेरी मदद कीजिए।
मैं अपने परिवार से बिछुड़ गया हूं।
मोनू- पहले बताओ तुम्हारा परिवार कहां है?
भिखारी- मल्टीप्लेक्स में फिल्म देख रहा है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-980 फ्लैग-1095 डीएमओ-865 बोल्ड-1155
चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 880

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से 140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

नेस्ले इंडिया के शेयरधारकों ने रॉयल्टी भुगतान बढ़ाने का प्रस्ताव खारिज किया

नई दिल्ली। नेस्ले इंडिया लिमिटेड के शेयरधारकों ने अपनी मूल कंपनी को रॉयल्टी भुगतान बढ़ाने के कंपनी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक नेस्ले इंडिया के बोर्ड ने पिछले महीने अपनी मूल कंपनी को रॉयल्टी भुगतान में सालाना 0.15% की बढ़ोतरी को मंजूरी दी थी। यह बढ़ोतरी पांच वर्षों के लिए की गई थी और इस प्रकार नेस्ले इंडिया को अपनी शुद्ध बिक्री का 5.25% तक रॉयल्टी भुगतान मूल कंपनी को करना था। वर्तमान लाइसेंस शुल्क 4.5% को हर साल 0.15% बढ़ाते हुए पांच साल में क्रमबद्ध तरीके से 5.25% तक किया जाना था।

भारत ने प्रमुख संस्थाओं से आईएमईईसी पर की बात

दुबई। भारत- पश्चिम एशिया- यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के रूपरेखा समझौते पर भारत के एक अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधिमंडल ने पहली बार संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया है। महत्वपूर्ण परियोजना के संचालन के सहयोग पर प्रमुख संस्थाओं के साथ यहां चर्चा होगी। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर के तीन महीने में हो रही इस यात्रा से पता चलता है कि दोनों सरकारें आईएमईईसी को कितना महत्व दे रही हैं।

विशेष सत्र में सेंसेक्स, निफ्टी बढ़त के साथ बंद

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार में शनिवार को विशेष कारोबार सत्र में बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 88.91 अंक या 0.12 प्रतिशत चढ़कर 74,005.94 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान यह 245.73 अंक या 0.33 प्रतिशत उछलकर 74,162.76 पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 35.90 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 22,502 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक लाल निशान में बंद हुए। अमेरिका के अधिकांश शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों की निरंतर निकासी के बाद शुक्रवार को खरीदार बन गए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 1,616.79 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीद की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी डाऊ जोन्स के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से शेयर बाजारों को वैश्विक समर्थन मिलता रहेगा। अब एफआईआई भी खरीदार बन गए हैं और इससे बाजार पर दबाव कम हुआ है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत चढ़कर 83.98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

● विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों की निकासी के बाद बने खरीदार

इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में विशेष सत्र आयोजित

शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 253.31 अंक चढ़कर 73,917.03 और एनएसई निफ्टी 62.25 अंक बढ़कर 22,466.10 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई और बीएसई ने सात मई को कहा था कि वह अपने प्राथमिक मंच पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने की अपनी तैयारियों को जांचने के लिए 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित करेगा। विशेष कारोबारी सत्र के दौरान कारोबार प्राथमिक साइट (पीआर) से आपातकालीन (डीआर) साइट पर स्थानांतरित किया जाएगा। इससे पहले दो मार्च को भी बीएसई और एनएसई ने इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया था।

कुछ क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों में ढील दी है और इस बात की संभावना है कि नई सरकार के सत्ता में आने पर कुछ अन्य क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों में राहत दी जा सकती है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नीति को उदार बनाया है। भारत की नीतियां दुनिया में सबसे उदार एफडीआई नीतियों में से एक हैं और वास्तव में यह कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में अधिक उदार है। सिंह ने सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाया गया था और इस बात की बहुत संभावना है कि नई सरकार के तहत, हम जो भी क्षेत्र बचे हैं और जहां कुछ उदारीकरण संभव है, वहां इसके लिए प्रयास कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2023 में भारत में एफडीआई 13% घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। ऐसा मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, ऑटो और दवा क्षेत्रों में कम निवेश से हुआ। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाओं (पीएलआई) की सफलता पर सचिव ने कहा कि अब तक 1.13 लाख करोड़ का निवेश हुआ और कंपनियों ने नौ लाख करोड़ से अधिक की बिक्री, 3.45 लाख करोड़ का निर्यात सृजित किया, साथ ही 8 लाख से ज्यादा नौकरी दी।

● उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव ने नई सरकार बनने पर जताई उम्मीद

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	92450
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	90000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	76000
गिन्नी (प्रति नग)	56650-56850
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	73,650
सोना रवा	73,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	88,100
चांदी (999)	88,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	73300
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72300
सिल्वर (पक्की)	865 (अनुमानित)।
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,650
चांदी आभूषण	88,000

पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये का बोनस देगा कोटक लाइफ

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7 लाख से अधिक योग्य पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह लगातार 23वां साल है जब कोटक लाइफ ने भाग लेने वाले उत्पादों पर बोनस की घोषणा की है। कंपनी द्वारा घोषित किया गया बोनस वित्त वर्ष 2022-23 की बोनस अमाउंट से 20 फीसदी अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि हमें लगातार 23वें साल अपने ग्राहकों के लिए बढ़े हुए बोनस की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। कोटक लाइफ में, हम अपने ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों, जरूरतों को पूरा करने और उनके निवेश के लिए वैल्यू बनाने में मदद करने के लिए समर्पित हैं। हमारे ब्रांड के वादे 'हम हैं...हमेशा' के अनुरूप, हमारा प्रयास हमेशा अपने ग्राहकों के लिए जारी रहेगा।

नेपाल ने भी लगाया भारतीय मसालों पर प्रतिबंध

काठमांडू, एजेंसी

सिंगापुर और हांगकांग के बाद अब नेपाल ने भी कथित गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है।

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अनुसार एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों को संदिग्ध एथिलीन ऑक्साइड या ईटीओ विकार के कारण शुक्रवार से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके तहत एमडीएच के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और मिश्रित मसाला करी पाउडर तथा एवरेस्ट के फिश करी मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विभाग ने शुक्रवार को जारी एक नोटिस में कहा कि चूंकि इन चार उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई है, इसलिए खाद्य विनियमन 2027 बीएस के अनुच्छेद 19 के अनुसार देश के भीतर इन उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

● सिंगापुर और हांगकांग के बाद नेपाल ने की कार्रवाई

● एमडीएच-एवरेस्ट के उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड अधिक

नोटिस में कहा गया कि हमारा ध्यान उन मीडिया रिपोर्ट पर गया, जिनमें बाजार में इन घटिया उत्पादों की बिक्री और इनके उपभोग के लिए हानिकारक होने के बारे में बताया गया था। खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण निगरानी संस्था ने आयातकों और व्यापारियों से इन उत्पादों को बाजार से वापस लेने का भी आग्रह किया है। पिछले महीने, सिंगापुर और हांगकांग ने कैंसर से जुड़े कुछ ईटीओ के संदिग्ध ऊंचे स्तर का हवाला देते हुए एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों की बिक्री रोक दी थी। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने तब से देश में विभिन्न ब्रांडों के मिसे मसालों की गुणवत्ता जांच करने के लिए कदम उठाए हैं।

एपीएसईजेड को नॉर्वे सॉवरेन वेल्थ फंड ने निवेश सूची से किया बाहर

नई दिल्ली। नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए सरकारी पेंशन फंड से अडाणी समूह की बंदरगाह कंपनी एपीएसईजेड को बाहर कर दिया है। एपीएसईजेड 15वीं भारतीय कंपनी है, जिस पर नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने इस तरह की कार्यवाही की है।

ओएनजीसी, गेल, एनटीपीसी और वेदांत जैसी कंपनियों को इस तरह की कार्यवाही का सामना करना पड़ा है। नॉर्वे का नॉर्जेस बैंक सॉवरेन वेल्थ फंड का प्रबंधन करता है। उसने 15 मई को कहा कि अस्वीकार्य जोखिम से अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन को बाहर करने का फैसला किया है, क्योंकि कंपनी युद्ध या संघर्ष की स्थितियों में व्यक्तियों के अधिकारों के गंभीर उल्लंघन में शामिल है। एपीएसईजेड मार्च 2022 से निवेश रोकने के लिए नार्वे के केंद्रीय बैंक की निगरानी सूची में था। कंपनी को म्यांमार में सशस्त्र बलों के साथ अपने व्यापारिक जुड़ाव के कारण कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रीय

एक नजर

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार रात सुरक्षाबलों को रवाना किया गया था। दल जब आज सुबह तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में पहुंचा तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

गोपनीयता उल्लंघन में पूर्व पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

जम्मू। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को हाल में प्रकाशित अपनी पुस्तक में संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम शेख को शुक्रवार देर रात जम्मू शहर के गांधी नगर इलाके में उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। शेख 1986 में सहायक उप-निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे और पिछले साल सेवानिवृत्त हुए थे।

पंजाब में सड़क हादसे में चार विद्यार्थियों की मौत

पटियाला (पंजाब)। पंजाब में राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) पटियाला के चार विद्यार्थियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। पंजाब पुलिस ने बताया कि हादसा शुक्रवार देर रात तब हुआ, जब उनकी तेज रफ्तार एसयूवी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। यह दुर्घटना जिले के भादसों रोड पर बख्शीवाला गांव के पास राजमार्ग पर हुई। मृतकों में तीन छात्र और एक छात्रा है, ये सभी विधि के विद्यार्थी थे। पुलिस ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना में एक युवक भी घायल हो गया है।

सिक्किम की नदी में टैक्सी गिरने से दो लोगों की मौत

गंगटोक। सिक्किम में शनिवार सुबह सिंगताम के पास पर्यटकों से भरी टैक्सी नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों का यह परिवार कोलकाता का रहने वाला था और सिलीगुड़ी से गंगटोक जा रहा था, जब सांग खोला में वाहन रानी नदी में गिर गया। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में टैक्सी चालक और परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान 72 वर्षीय रवींद्र नाथ पॉल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों को पहले सिंगताम के नजदीकी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें गंगटोक के सेंट्रल रेफरल हॉस्पिटल भेज दिया गया।

भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा- कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है

अंबाला, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह उनकी धाकड़ सरकार थी, जिसने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और परिणामस्वरूप, कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है। उन्होंने जीप घोटाले का जिक्र भी किया जो कि कांग्रेस शासन के दौरान पहला घोटाला था।

मोदी ने हरियाणा में अपनी पहली रैली में उपस्थित जनसमूह से सवाल किया, क्या एक कमजोर सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात बदल सकती थी? सशस्त्र बलों में हरियाणा द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो हरियाणा में माताएं अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में सोचकर चिंतित थीं। मोदी ने वहां मौजूद लोगों से पूछा, क्या अब ऐसी चीजें बंद हो गई हैं या नहीं? प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी की धाकड़ सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्र ने अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार प्रदान किए थे और तत्कालीन राज्य को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

मोदी ने कहा कि चार जून में केवल 17 दिन बचे हैं, जब चुनाव के नतीजे घोषित होंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को मतदान के पहले चार चरणों में कोई सीट नहीं मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब देश में धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचता है। जिस पाकिस्तान के हाथों में पहले बम थे, अब उसके हाथों में भीख का कटोरा है। हरियाणा की 10 सीट के लिए छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा।

रैली में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर, अंबाला और कुरुक्षेत्र सीट से क्रमशः बंतो कटारिया और नवीन जिंदल शामिल थे। इससे पहले मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को कटारिया की पुण्य तिथि थी, जिन्होंने लोकसभा में अंबाला का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी पत्नी बंतो कटारिया इस बार अंबाला सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं।

हरियाणी की सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

● हरियाणा की अपनी पहली रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को घेरा

मोदी की रैली में शामिल होंगे 13 मिशनों के 25 राजनयिक

नई दिल्ली। भाजपा की विदेशी राजनयिकों के बीच अपनी पहचान बनाने तथा राजनीतिक संपर्क स्थापित करने के लिए शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम के तहत यहां स्थित 13 मिशनों के 25 राजनयिक प्रधानमंत्री मोदी की शनिवार को होने वाली रैली में भाग लेंगे। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने कहा कि भारत के लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार जश्न के बीच भारत में तेरह राजनयिक मिशनों के 25 प्रतिनिधि 18 मई को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की रैली में लोगों के उत्साह का अनुभव करेंगे। उपस्थित होने वाले लोगों में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, भूटान, इंडोनेशिया, जापान, मॉरीशस, नेपाल, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड और ब्रिटेन के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम का हिस्सा है।

स्वाति के बाएं पैर और दाहिने गाल पर चोट के निशान

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल बाएं पैर के पिछले हिस्से और दाहिने गाल पर चोट के निशान हैं। उनकी पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट से हुई है। मालीवाल पर मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहयोगी बिभव कुमार ने कथित तौर पर हमला किया था। मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर खुद पर हमला करने के लिए कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद यह मामला सामने आया।

प्राथमिकी में मालीवाल ने दावा किया कि कुमार ने उन पर 'पूरी ताकत से बार-बार' प्रहार किया और उन्हें सात-आठ बार थप्पड़ और लात से मारा। मालीवाल की चिकित्सकीय जांच शुक्रवार को की गई। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार मालीवाल के बाएं पैर के पिछले हिस्से में लगभग 3x2 सेंटीमीटर आकार के और दाहिनी आंख के नीचे गाल पर 2x2 सेंटीमीटर आकार के चोट के निशान हैं।

● अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट में हुई पुष्टि

भाजपा ने आप को 'एंटी औरत पार्टी' करार दिया

नई दिल्ली। भाजपा ने शनिवार को आप पर स्वाति मालीवाल हमला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार के बचाव में पीड़िता को शर्मसार करने और उन्हें ही दोषी ठहराने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि केजरीवाल अपने सहयोगी कुमार को बचाने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि कुमार उनके 'रहस्यों' को उजागर कर उन्हें बेनकाब कर सकते हैं। पार्टी पर कटाक्ष करते हुए, पूनावाला ने संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी मूल रूप से 'एंटी औरत पार्टी' (महिला विरोधी पार्टी) है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी नेताओं पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने के पिछले आरोपों का जिक्र किया। मालीवाल पर भाजपा के इशारे पर काम करने के आप के दावे पर पूनावाला ने पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी की एक अन्य नेता और दिल्ली महिला आयोग की सदस्य वंदना सिंह भी राज्यसभा सदस्य का समर्थन कर रही हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा आम आदमी पार्टी की आलोचना का जिक्र करते हुये पूछा कि क्या लोकसभा सदस्य चौधरी भी भाजपा के एजेंट बन गए हैं। मालीवाल की पार्टी ने उनके खिलाफ भाजपा के एजेंट की तरह काम करने का आरोप लगाया है।

शिवकुमार पर 100 करोड़ की रिश्वत की पेशकश का आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

विभिन्न आरोपों में जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन्हें जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी पर हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न का वीडियो पेन ड्राइव लीक करने का आरोप लगाने के लिए 100 करोड़ की पेशकश की थी।

भाजपा नेता ने शिवकुमार पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा धूमिल करने और कुमारस्वामी को बदनाम करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। देवराजे गौड़ा ने शुक्रवार देर रात अपनी जमानत पर सुनवाई के बाद हासन में कहा कि शिवकुमार मुझे 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव ही नहीं, बल्कि बेंगलुरु के बॉरिंग क्लब में कमरा 110 के लिए पांच करोड़ रुपये की अग्रिम राशि भी भेजी। उन्होंने रिश्वत की पेशकश को अस्वीकार कर दिया और इसके कारण मुझे पहले अत्याचार, फिर यौन उत्पीड़न और अंत में दुष्कर्म के मामले में फंसाया।

यौन शोषण मामला

● जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने लगाए आरोप

आरोप किए खारिज

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार और राज्य के अन्य मंत्रियों ने प्रज्ज्वल से जुड़े वीडियो के पेन ड्राइव वितरित करने में अपनी भूमिका के आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया। शिवकुमार ने कहा, जो व्यक्ति जेल में है, वह ऐसे आरोप कैसे लगा सकता है? ये सब बेबुनियाद है।

प्रज्ज्वल के खिलाफ अदालत ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

बेंगलुरु। कर्नाटक सेक्स वीडियो कांड में अदालत ने शनिवार को हसन संसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह वारंट एसआईटी की मांग के बाद जारी हुआ है। नोटिस के बावजूद प्रज्ज्वल जांच टीम के सामने पेश नहीं हुए। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पुत्र एचडी रेवन्ना और पोते प्रज्ज्वल से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी और इस बात पर जोर दिया कि जांच में किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने मामले में कई लोगों की संलिप्तता को रेखांकित करते हुए कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया। विधायक एचडी रेवन्ना को पहले हिरासत में लिया गया था और बाद में उनके पुत्र के कथित सेक्स स्कैंडल से जुड़े अपहरण मामले में सशर्त जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

एकतरफा प्रेम में पांच सदस्यों की हत्या कर की खुदकुशी

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 32 वर्षीय व्यक्ति ने एकतरफा प्रेम में महिला और उसके बेटे समेत परिवार के पांच लोगों की हत्या कर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के एसपी पुष्कर शर्मा ने बताया कि सलिहा थाना क्षेत्र के थरगांव में मनोज साहू ने एकतरफा प्रेम में मीरा साहू, उसके पांच वर्षीय बेटे आयुष, मीरा के पिता हेमलाल, मां जगमोती और बहन ममता की हत्या कर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों से मिली सूचना पर पुलिस वाहं गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों के शरीर पर कुल्हाड़ी के निशान हैं। मनोज का शव भी वहीं लटका मिला। मनोज थरगांव का ही निवासी है।

शर्मा ने बताया कि मनोज बीती रात कुल्हाड़ी लेकर हेमलाल के घर में घुसा और जब परिवार के सदस्य सो रहे थे तब उनकी हत्या कर दी और कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मनोज मीरा से एकतरफा प्यार करता था। मनोज ने पूर्व में मीरा को विवाह का प्रस्ताव दिया था जिसे मीरा ने अस्वीकार कर दिया था। 2017 में, मीरा ने कथित तौर पर उसके और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने के आरोप में मनोज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

● मृतकों के शरीर पर कुल्हाड़ी के निशान, आरोपी का शव वहीं मिला

रैलियों में चीनी संविधान दिखा रहे राहुल : हिमंत

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी रैलियों में भारत की बजाय चीनी संविधान दिखा रहे हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि गांधी जो किताब दिखा रहे हैं वह चीनी संविधान की तरह लाल कवर वाली है, जबकि मूल भारतीय संविधान पर नीला कवर है। शर्मा ने यह अपने 'एक्स' पर लिखा। हालांकि कई एक्स उपयोगकर्ताओं ने कहा कि लाल कवर वाला संविधान एक खास संस्करण है। कई उपयोगकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वही भारतीय संविधान दिख रहा है, जो गांधी अपनी सभाओं में दिखाते हैं।

संविधान के अनुसार होगा देश का संचालन : विपक्ष

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधा कि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर पर बुलडोजर चला देगा। विपक्ष ने कहा कि वे सभी की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि देश का संचालन संविधान के अनुसार हो।

खरगे, कांग्रेस- शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना- उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना- यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने 20 मई को राज्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार अभियान के आखिरी दिन संवाददाता सम्मेलन को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री के इन आरोपों से जुड़े सवालों का जवाब दिया कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आ गया, तो वह राम मंदिर को ढहा देगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के लिए आरक्षण कम कर देगा और अनुच्छेद 370 को बहाल कर देगा। खरगे ने प्रधानमंत्री पर उन बातों पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया, जो कांग्रेस कभी नहीं करेगी। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा करेगी, जबकि पवार ने कहा कि न केवल मंदिरों, बल्कि सभी धर्मों के पूजा स्थलों की रक्षा करना उनकी सरकार का कर्तव्य होगा।

मुंबई की प्रेस वार्ता में मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे।

● विपक्ष के सत्ता में आने पर राम मंदिर गिराने संबंधी मोदी के बयान की इंडिया गठबंधन ने की निंदा

मोदी ने दस साल का हिसाब नहीं दिया : तेजस्वी

छपरा। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने दस साल के अपने कार्यकाल में विकास के लिए क्या काम किये, उनका हिसाब उनके पास नहीं है। सारण क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्या के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने आए तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है।

आरसीबी की नैया पार, सीएसके बाहर

प्लेआफ की दौड से बाहर हुई चेन्नई, बेंगलुरु ने 27 रन से हराया, विराट ने खेली 47 रनों की पारी, डुप्लेसी ने लगाया अर्धशतक

आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
पंजाब किंग्स
दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	13	22
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	14	708
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533



बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कप्तान फाफ डुप्लेसी (54 रन) के अर्धशतक और विराट कोहली (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 27 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बनी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ पांच विकेट पर 218 रन बनाए। जिसके जवाब में सीएसके 20 ओवर में 7 विकेट गवांकर 191 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरूआत बेहद खराब रही। कप्तान ऋतुराज बिना खाता खोले पहली ही गेंद पर अपना विकेट दे बैठे। इसके बाद तीसरे ओवर में डेरिल मिशेल भी आउट हो गए। ओपनिंग पर उतरे रवींद्र रचिन एक छोर से रन बनाते रहे। रचिन और रहाणे ने मिलकर टीम को संभालने का प्रयास किया लेकिन रहाणे 33 रन बनाकर आउट हो गए। शिवम दुबे भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और 7 रन बनाकर चलते बने। जडेजा ने नाबाद 42 रनों की पारी खेली वहीं एमएस धोनी के बल्ले से 25 रन निकले, सीएसके 191 रन ही बना सकी।

इससे पहले आरसीबी के लिए घरेलू मैदान पर कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अपना अर्धशतक पूरा किया वहीं विराट ने भी शानदार 47 रनों की पारी खेली।

विराट कोहली का विकेट लेने बाद खुशी व्यक्त करते मिचेल सैंटनर और डेरिल मिशेल। ● एजेंसी

विराट के आउट होने के बाद रनों को बढ़ाने की जिम्मेदारी रजत पाटीदार ने संभली और बेहतरीन 41 रनों की पारी खेली। एक छोर पर दिनेश कार्तिक भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए महज 6 गेंदों पर 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। मैक्सवेल ने आते ही अपने अंदाज में ताबड़तोड़ 5 गेंदों में 16 रन जड़ डाले। एक छोर पर अपनी पारी को तेजी से आगे बढ़ाते हुए ग्रीन ने महज 17 गेंदों पर 38 रनों की नाबाद पारी खेली। सीएसके के लिए शार्दुल ठाकुर ने दो जबकि मिचेल सैंटनर और तुषार देशपांडे ने एक एक विकेट झटके। चेन्नई को जीतने के लिए 219 रन बनाने का लक्ष्य दिया था। जिसके जवाब में सीएसके 191 रन ही बना सकी और हार से आईपीएल खत्म किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रद	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	13	9	3	19	1	+1.428
राजस्थान (क्वा)	13	8	5	16	0	+0.273
हैदराबाद (क्वा)	13	7	5	15	1	+0.406
बेंगलुरु (क्वा)	14	7	7	14	0	+0.459
चेन्नई (बा)	14	7	7	14	0	+0.392
दिल्ली (बा)	14	7	7	14	0	-0.377
लखनऊ (बा)	14	7	7	14	0	-0.667
गुजरात (बा)	14	5	7	12	2	-1.063
पंजाब (बा)	13	5	8	10	0	-0.347
मुंबई (बा)	14	4	10	8	0	-0.318

78 रनों की साझेदारी सलामी जोड़ी विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने की

बेंगलुरु 219/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली कैच डेरिल बो सैंटनर	47	29	3/4
फाफ डुप्लेसी रनआउट सैंटनर	54	39	3/3
रजत पाटीदार कैच डेरिल बो शार्दुल	41	23	2/4
कैमरून ग्रीन नाबाद	38	17	3/3
दिनेश कार्तिक कैच धोनी बो देशपांडे	14	6	1/1
ग्लेन मैक्सवेल कैच धोनी बो शार्दुल	16	5	2/1
महीपाल लोमरोर नाबाद	0	1	0/0

गेंदबाजी : देशपांडे 4-0-49-1, शार्दुल 4-0-61-2, तीक्षणा 4-0-25-0, सैंटनर 4-0-23-1, जडेजा 3-0-40-0, सिमरजीत 1-0-19-0

चेन्नई 191/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 15

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋतुराज गायकवाड कैच दयाल बो मैक्सवेल	0	1	0/0
रवींद्र रचिन रन आउट स्वप्निल/ कार्तिक	61	37	5/3
डेरिल मिचेल कैच कोहली बो दयाल	4	6	0/0
रहाणे कैच डुप्लेसी बो फॉर्ग्युसन	33	22	3/1
शिवम दुबे कैच फॉर्ग्युसन बो ग्रीन	7	15	0/0
रविंद्र जडेजा नाबाद	42	22	3/3
सैंटनर कैच डुप्लेसी बो सिराज	3	4	0/0
महेंद्र सिंह धोनी कैच स्वप्निल बो दयाल	25	13	3/1
शार्दुल नाबाद	1	2	0/0

गेंदबाजी : मैक्सवेल 4-0-25-1, सिराज 4-0-35-1, दयाल 4-0-42-2, स्वप्निल 2-0-13-0, कर्ण 1-0-14-0, फॉर्ग्युसन 3-0-39-1, ग्रीन 2-0-18-1

प्राणवी, दीक्षा और त्वेसा ने जर्मन मास्टर्स में कट हासिल किए

ब्रेंडेनबर्ग (जर्मनी)। प्रणवी उर्स, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में कट में जगह बनाने में सफल रहीं। प्रणवी और दीक्षा ने दूसरे दौर में एक-ओवर 73 का कार्ड खेला।

दो दौर के खेल के बाद दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर है। त्वेसा (77) पांच ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। टूर्नामेंट में भाग ले रही चार अन्य भारतीयों में से स्नेहा सिंह (75) एक शॉट से, वाणी कपूर (77) तीन शॉट से और अमनदीप द्राल (78) पांच शॉट से कट में जगह बनाने से चूक गई। अवनि प्रशांत दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबले से हट गई। कट का स्कोर पांच ओवर का रहा जिसमें 66 खिलाड़ी जगह बनाने में सफल रहीं।

निदा का रिकॉर्ड प्रदर्शन पर इंग्लैंड जीता, 2-0 की बढ़त

नॉर्थम्प्टन, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान की हार के बावजूद के निदा डार टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं हैं। डार ने शुक्रवार को महिला टी-20 में अग्रणी विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर रही ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कट (136 विकेट) को पीछे छोड़ दिया। वह शीर्ष 10 की सूची में एकमात्र पाकिस्तानी महिला हैं।

दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी और नेट साइवर-ब्रंट के उपयोगी योगदान से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 144 रन बनाए। पाकिस्तान के गेंदबाज काफी हद तक प्रभावशाली रहे, उन्होंने रनों की गति को रोका और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए। मुनीबा और आलिया रियाज ने कुछ संघर्ष किया लेकिन यह इंग्लिश गेंदबाजों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। मेहमान टीम केवल 79 रन पर आउट हो गई, जिससे इंग्लैंड को 65 रन से जीत मिली और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त मिल गई।

सिफत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

भोपाल, एजेंसी

सिफत कौर सामरा ने ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा तीसरी बार जीत ली जबकि नीरज कुमार ने पुरूष वर्ग में दूसरी बार जीत दर्ज की। सिफत ने महिलाओं की थ्री पोजिशंस ट्रायल 4 में 461.3 स्कोर करके निच्छल को एक अंक से हराया।

वहीं आशी चौकसी तीसरे, श्रियांका साडंगी चौथे और अंजुम मोद्गिल पांचवें स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में नीरज ने 462.9 स्कोर करके पहला स्थान हासिल की। चैन सिंह दूसरे, ऐश्वर्य तोमर तीसरे, स्वप्निल कुसाले चौथे और अखिल श्योराण पांचवें स्थान पर रहे। चार ट्रायल में तीन जीतकर सिफत इस वर्ग में शीर्ष रही जबकि अंजुम दूसरे स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में ऐश्वर्य तोमर और कुसाले पहले दो स्थान पर रहे। पुरूष और महिला वर्ग

के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल ट्रायल 4 भी शनिवार को हुए। पुरूष वर्ग में कार्तिक राज शीर्ष रहे तो महिला वर्ग में रमिता जिंदल ने बाजी मारी। पिस्टल वर्ग में मनु भाकर शीर्ष रही जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत ने पहला स्थान हासिल किया। अब चार दौर के बाद मनु और रिदम सांगवान शीर्ष दो स्थानों पर है जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत और अर्जुन पहले व दूसरे स्थान पर हैं।

खेल डायरी

हार्दिक पर अगले सीजन के लिए एक मैच का निलंबन

मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवर गति के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है। अब वह अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उनकी टीम समय पर अपने ओवर खत्म नहीं कर पाई थी। एमआई के लिए यह मैच आईपीएल के मौजूदा सत्र का आखिरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीजन के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीजन में यह तीसरी बार था जब एमआई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रहा।

आकाश-पोयमंती ने जीता डब्ल्यूटीटी खिताब

नेवसेहिर (तुर्किये)। भारत के टीटी खिलाड़ी आकाश पाल और पोयमंती बैस्या ने तुर्किये के नेवसेहिर में डब्ल्यूटीटी फीडर कप्पाडोसिया 2024 में मिश्रित युगल का खिताब जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में हमवतन अनिर्बान घोष और स्वास्तिका घोष को रोमांचक मुकाबले में 3-2 के स्कोर से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में पाल और बैस्या ने यूक्रेन के एंड्री ग्रेबेनियुक और दिमित्रेंको को 3-0 से हराया था। गौरतलब है कि पाल और बैस्या का यह दूसरा डब्ल्यूटीटी खिताब था। भारतीय टेबल टेनिस जोड़ी ने मार्च में बेरूत में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर हमवतन साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को चौंका दिया था।

सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के फाइनल में

बैंकॉक। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के सामने खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी।

इटैलियन ओपन फाइनल में ज्वेरेव का सामना जेरी से

रोम। पांचवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चिली के अलेजांद्रो ताबिलो को 1-6, 7-6, 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में उनका सामना चिली के ही निकोलस जेरी से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-3, 6-7, 6-3 से हराया। रोम में ज्वेरेव का यह तीसरा फाइनल है। उन्होंने 2017 में नोवाक जोकोविच को हराकर पहला मास्टर्स सीरिज खिताब जीता था। इसके एक साल बाद वह राफेल नडाल से हार गए। महिला फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा।

इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने संतुलन बिगाड़ा : कोहली

बेंगलुरु, एजेंसी

- इस नियम ने हरफनमौलाओं पर डाला है विपरीत असर

कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी।

अब कोहली ने कहा मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिए। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं। रोहित ने पॉडकास्ट में कहा मैं इस नियम का मुरीद नहीं हूं। इससे हरफनमौलाओं पर विपरीत असर पड़ेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है, 12 का नहीं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि यह नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया है ताकि दो खिलाड़ियों को एक मैच में मौका मिल सके। कोहली ने कहा मुझे यकीन है कि जय भाई ने कहा है कि वह इसकी समीक्षा करेंगे और ऐसा निष्कर्ष निकलेगा कि खेल में संतुलन पैदा हो सके।

ओलंपिक कोटा हासिल करने उतरेगा भारत

नई दिल्ली। परवीन हुडा के निलंबन के बाद भारत महिला मुक्केबाजी में 57 किग्रा में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेगा। हुडा को आईटीए द्वारा ठिकाने की विफलता के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब 57 किग्रा वजन वर्ग में जैस्मीन लाम्बोरिया थाईलैंड में 24 मई से शुरू होने वाले दूसरे ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में हिस्सा लेंगी। बीएफआई ने शनिवार को कहा कि उन्होंने हुडा द्वारा जीते गए कोटा स्थान को अस्वीकार कर दिया है, विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति मिल जाएगी। पंजीकृत मुक्केबाज ही भाग लेने के पात्र हैं, जिससे भारत 60 किग्रा और 66 किग्रा वर्ग में दावेदारों तक ही सीमित रह गया है।

टी-20 विश्व कप : अधिकांश भारतीय खिलाड़ी 25 मई को होंगे न्यूयॉर्क रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी-20 विश्व कप के लिए 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जाएंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।

बीसीसीआई सूत्र के अनुसार रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा। पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जाएगा। आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है। टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी, विराट, सूर्यकुमार, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, जडेजा, अक्षर, कुलदीप, चहल, अर्शदीप सिंह, बुमराह, मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है।

बॉलीवुड हलचल

रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेती कृति सैनन की जोड़ी रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकती है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कृति सैनन को हाल ही में मैडॉक के ऑफिस में देखा गया है। तभी से लेकर दोनों की साथ फिल्म करने को लेकर चर्चा है। कहा जा रहा है कि मुराद खेतानी जिस देसी मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं, उसमें सिद्धार्थ नजर आने वाले हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में सिद्धार्थ के साथ कृति सैनन नजर आ सकती है।

हाउसफुल 5 में होगी अर्जुन रामपाल की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल की एंट्री हाउसफुल 5 में हो सकती है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के बाद अब अर्जुन रामपाल की भी एंट्री हो सकती है। हाउसफुल के पहले पार्ट में अर्जुन रामपाल नजर आए थे। 'हाउसफुल 5' में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।अर्जुन रामपाल भी अहम भूमिका में दिखेंगे। इस बार उनका किरदार गंभीर होने के साथ-साथ मजेदार भी होने वाला है। यह फिल्म इसी साल अगस्त से फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि फिल्म हाउसफुल 5 अगले साल 06 जून को सिनेमा घरों में रिलीज होगी।

अंकतालिका में नंबर दो पर आने के लिए मुकाबले होंगे अहम, केकेआर-राजस्थान शीर्ष पर काबिज

दूसरे स्थान पर आना चाहेंगे सनराइजर्स

हैदराबाद, एजेंसी

पिछले तीन साल में पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को यहां जब लीग चरण के अपने अंतिम मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर होगी।

आईपीएल के पिछले तीन सत्र में अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही सनराइजर्स की टीम ने इस साल अति-आक्रामक बल्लेबाजी दृष्टिकोण और बेहतरीन गेंदबाजी के साथ खुद को खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित किया है। सनराइजर्स अभी 13 मैचों में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है। पंजाब किंग्स को हराने के बाद टीम 17 अंक तक पहुंच सकती है। रविवार को खेले जाने वाले एक अन्य मैच में अगर संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम

कोलकाता (केकेआर) नाइट राइडर्स को हराने में सफल रही तो उसके 18 अंक हो जाएंगे और टीम दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। केकेआर का शीर्ष दो स्थान में रहना पक्का है।

सनराइजर्स के हौसले हालांकि इस बात से बुलंद होंगे की गुजरात के खिलाफ बारिश के कारण मैच धुलने से पहले उसमे लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। वहीं, अंतिम चार में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद पंजाब किंग्स के लिए यह मौका खुद को साबित करने का होगा।

केकेआर को हराकर दूसरा स्थान पक्का करना चाहेंगे रॉयल्स

गुवाहाटी। राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिए कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिए गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और उनकी लय पर असर पड़ सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

आम पकाने के लिए कार्बाइड का इस्तेमाल किया तो खैर नहीं, एफएसएसएआई सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

आम का मौसम शुरू होने के साथ ही बाजार में आमों की आवक शुरू हो चुकी है। इस बीच भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने फलों को पकाने में शामिल व्यापारियों, फल संचालकों और खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को कड़ी चेतावनी जारी की है।

यह सलाह खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो आम के मौसम के दौरान कृत्रिम रूप से फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग करते हैं। फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड के यूज पर बैन है। लेकिन इसके बावजूद इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। एफएसएसएआई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा विभागों से सतर्क रहने और इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि कैल्शियम कार्बाइड एक खतरनाक रसायन है और इसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है।

आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश

कैल्शियम कार्बाइड, आमतौर पर आम जैसे फलों को पकाने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह एसिटिलीन गैस छोड़ता है जिसमें आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश होते हैं। सामान्य बोलचाल की भाषा में इन पदार्थों को मसाला के नाम से भी जाना जाता है। ये चक्कर आना, बार-बार प्यास लगना, जलन, कमजोरी, निगलने में कठिनाई, उल्टी और त्वचा के अल्सर आदि जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर धोखाधड़ी करने का आरोप

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर अपनी गलत पहचान बताकर राष्ट्रपति कार्यालय, राष्ट्रीय विकास मंत्रालय और संसद को ई-मेल भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए गए हैं।

अदालत में 17 मई को पेश हुए 24 वर्षीय प्रकाश परमाशिवम ने खुद को सिंगापुर जेल सेवा स्टाफ का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम, राष्ट्रीय विकास मंत्री डेसमंड ली और संसद को ईमेल भेजे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार प्रकाश पर आरोप है कि उसने 16 फरवरी को संसद को और उसके दो दिन बाद ली को ई-मेल किया। 24 फरवरी को राष्ट्रपति थर्मन को एक और ईमेल भेजा। अदालती दस्तावेजों में इस बात की जानकारी नहीं है कि ई-मेल में क्या लिखा था और प्रकाश ने इन्हें क्यों भेजा।

मोबाइल पर किया गैरजरूरी कॉल तो मोस्ट वांटेड की लिस्ट में होंगे शामिल, सरकार लाएगी नियम

मोबाइल फर्जीवाड़े में भारत काफी आगे है। हर एक व्यक्ति फर्जी कॉल और मैसेज से परेशान है। सरकार ने भी इस तरह की कॉल और मैसेज को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। साथ ही ऐसी कॉल और मैसेज करने वालों को क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल करने का नियम बनाने की कोशिश हो रही है। डिपॉर्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर की ओर से आने वाले कुछ माह में एक गाइडलाइन पेश किया जा सकता है। इसमें टेलीमार्केटिंग जैसे बैंक, रियल एस्टेट पर प्रमोशनल या लेनदेन से जुड़े मैसेज भेजने को लेकर जवाबदेही तय करने का नियम होगा। साथ ही ऐसी प्रैक्टिस फॉलो करने पर क्रिमिनल एक्टिविटी के तहत केस करने का प्रावधान होगा।

गलत प्रैक्टिस पर होंगे दोषी करार

कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 के सेक्शन 2(28) और 2(47) के मुताबिक गैरजरूरी कॉल और मैसेज गलत ट्रेड प्रैक्टिस के दायरे में आता है। अगर सही चैनल से प्रमोशनल या फिर गैरजरूरी कॉल और मैसेज नहीं किया जाता है, तो उन्हें कंज्यूमर एक्ट के तहत दोषी करार दिए जाने का प्रावधान है। इसमे प्रमोशन और गैरजरूरी कॉल और मैसेज को रेगुलर नंबर सीरीज से नहीं किया जा सकता है।



मोबाइल कॉल फर्जीवाडे में भारत सबसे आगे

भारत एसएमएस फिशिंग के मामले में एक बड़ा मार्केट हैं। हर माह भारतीयों को 120 से 150 मिलियन फिशिंग मैसेज भेजे जाते हैं। करीब 300,000 लोग स्कैमिंग का शिकार होते है। लेकिन केवल 35,000 से लेकर 45,000 मामले रिपोर्ट किए जाते हैं।

सरकार की बैठकें जारी

इस मामले को लेकर डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर, डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्यूनिकेसन यानी डॉट और टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राइ ने भारती एयरटेल, रिलायंस जियो, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल के साथ बैठक की है।

एक नजर

गोलीबारी में मारे गए छह लोगों में स्पेन के तीन शामिल

इस्लामाबाद। मध्य अफगानिस्तान में बंदूकधारियों की गोलीबारी में मारे गए छह लोगों में स्पेन के तीन नागरिक शामिल हैं। तालिबान और स्पेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने पहले कहा था कि हमले में चार लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार शाम को हुए इस हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। गृह मंत्री के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने शनिवार को कहा कि प्रमुख पर्यटन क्षेत्र बामियान प्रांत में घटनास्थल से सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और जांच जारी है।

पाकिस्तान में हादसा, एक ही परिवार के 14 लोगों की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर जाने से उसमें सवार पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेस्क्यू-1122 के मुताबिक यह मिनी ट्रक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब के पेंच पीर इलाके में एक मोड़ पर मिनी ट्रक सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर गया था।

उत्तर कोरिया ने मिसाइल का किया परीक्षण

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी जल क्षेत्र में एक नई स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली का उपयोग करके सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। केसीएनए रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीयता को परीक्षण के माध्यम से सत्यापित किया गया था।

गाजा में मृतक फिलिस्तीनियों की संख्या 35,386 हुई

गाजा। गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 35,386 हो गई है। फिलिस्तीनी एन्क्लेव में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना के हमलों में 83 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी है और अन्य 105 घायल हुए हैं। जिससे पिछले अक्टूबर में फिलिस्तीनी-इजरायल बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित अभी भी मलबे में दबे हुए हैं।

ताइवान की संसद में चले लात-घूंसे

संसद में सुधारों के प्रस्ताव को लेकर चल रही बहस के दौरान माहौल गरमाया

ताइपे, एजेंसी

ताइवान की संसद में शुक्रवार को बहस के दौरान सांसदों में जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान वहां बड़े पैमाने पर अराजकता देखी गई। यह वाकया नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते की शपथ से दो दिन पहले घटा। संसद के भीतर कुछ सांसद स्पीकर की सीट पर भी चढ़ गए। वे एक-दूसरे को खींचकर मारपीट करते नजर आए। इस बीच एक सांसद सदन से एक बिल से जुड़े दस्तावेज लेकर भाग गया।

दरअसल, ताइवान की संसद में एक प्रस्ताव लाया गया है। इसके तहत सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात कही गई है। इसके अलावा संसद में झूठा बयान देने पर सरकारी अधिकारियों पर क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा।

अलजजीरा के मुताबिक, इसी बिल पर वोटिंग से ठीक पहले नए राष्ट्रपति चिंग ते की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) और चीन समर्थक विपक्ष की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) के लोगों के बीच झड़प हो गई। जब सांसद सदन में पहुंचे तो वे एक-दूसरे पर लड़ाई करने का आरोप लगाने लगे।

20 मई को राष्ट्रपति लाई चिंग ते लेंगे शपथ, उनकी पार्टी के पास बहुमत नहीं : दरअसल, 20 मई को ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। हालांकि, उनकी पार्टी डीपीपी के पास संसद में बहुमत नहीं है। ताइवान की मुख्य विपक्षी पार्टी केएमटी के पास डीपीपी से ज्यादा सीटें हैं।

फिर भी बहुमत में आने के लिए उसे ताइवान पीपुल्स पार्टी (टीपीपी) के साथ गठबंधन करना पड़ेगा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बहुमत में होने की वजह से विपक्षी पार्टी संसद में अपने सदस्यों को सरकार के ऊपर नजर बनाए रखने के लिए और ज्यादा पावर दिलवाना चाहती है। वहीं चिंग ते की पार्टी डीपीपी का आरोप है कि विपक्ष संसद में जबरदस्ती बिल पास करवाने की कोशिश कर रहा है, जो संविधान का उल्लंघन है।

संसद के भीतर स्पीकर की टेबल पर चढ़ता एक सांसद।

संसद में आपस में खींचतान करतीं महिलाएं।

- सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात पर हंगामा

चीन विरोधी नेता लाई चिंग ते ने जीता था चुनाव

ताइवान में इसी साल जनवरी में राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए थे। इसमें रूलिंग पार्टी के नेता विलियम लाई चिंग-ते ने जीत दर्ज की थी। यह वही नेता हैं, जिन्हें मतदान से पहले चीन ने खतरनाक अलगाववादी कहा था। चुनाव से पहले चीन ने मतदाताओं को चेतावनी दी थी कि यदि वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें। चिंग ते के खिलाफ ताइवान की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) ने होउ यू इह पर अपना दाव खेला था। केएमटी वही पार्टी है जिसकी सरकार चीन के कम्युनिस्टों से गृह युद्ध में हारकर ताइवान द्वीप पर आ बसी थी। पार्टी ने कहा था कि अगर वह चुनाव जीती तो चीन से दोबारा बातचीत शुरू करेगी।

सत्ताधारी पार्टी की मांग- पहले बिल पर चर्चा हो

डीपीपी के सांसदों की मांग है कि पहले बिल पर प्रक्रिया के तहत चर्चा करवाई जानी चाहिए। वहीं विपक्ष का आरोप है कि डीपीपी इस बिल को पास नहीं होने देना चाहती, जिससे वह अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर सके। ताइवान की संसद में पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। साल 2020 में भी केएमटी के सांसदों ने अमेरिका से पोर्क (सुअर का मांस) इम्पोर्ट करने का विरोध करते हुए संसद में पिग गट्स (सुअर की आंत) फेंकी थी।

अमेरिका में 4 भारतीयों समेत छह ने रची डकैती की साजिश

वाशिंगटन। अमेरिकी इमीग्रेशन वीजा पाने के लिए चार भारतीयों सहित 6 लोगों ने मिलकर नकली डकैती की साजिश रची। दरअसल, अपराध पीड़ितों के लिए अमेरिका में एक रिजर्व इमीग्रेशन वीजा का ऑप्शन शामिल है, जिसका फायदा लेने के लिए चार भारतीयों ने 2 विदेशी नागरिकों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची।

इस मामले में शिकागो की सेंट्रल अदालत ने भीखाभाई पटेल, नीलेश पटेल, रवीनाबेन पटेल और रजनी कुमार पटेल और दो अन्य पार्थ नायी और केवोंग यंग के साथ मिलकर नकली डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों पर खुद को पीड़ित बताकर यू-वीजा के लिए आवेदन करने का दोषी पाया गया है। यू-वीजा उन विशेष अपराधों के पीड़ितों के लिए निर्धारित किया गया है, जिन्होंने मानसिक या शारीरिक अपराध झेला है और जो जांच या अभियोजन में कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों के लिए सहायक होते हैं।

चारों व्यक्तियों ने घोटाले में भाग लेने के लिए नायी को हजारों डॉलर का भुगतान किया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि नकली डकैती के दौरान कुछ लोग हथियार लेकर पीड़ितों के पास गए और उनसे लूटपाट की और पैसे और संपत्ति की मांग की।

भारतीय लोकतंत्र का मुरीद हुआ अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- व्हाइट हाउस ने कहा- दुनिया में इंडिया जैसी डेमोक्रेसी बहुत कम

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा कि विश्व में ऐसे देश अधिक नहीं हैं जहां भारत जैसा जीवंत लोकतंत्र हो। हम मताधिकार का इस्तेमाल करने और सरकार चुनने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं।

किर्बी से भारत में जारी आम चुनावों को लेकर सवाल किया गया था जिनके तहत 96 करोड़ 90 लाख से अधिक लोग 2,660 पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों उम्मीदवारों में से 545 सांसदों का चुनाव करने के लिए 10 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के विशेष रूप से पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं जो लगातार और घनिष्ठ हो रहे हैं। यह बहुत जीवंत, बहुत सक्रिय भागीदारी है और हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के बहुत आभारी हैं।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी जानकारी देते हुए।

बाइडन के बयान पर भी किर्बी ने दिया जवाब

किर्बी से पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत और जापान विदेशी नागरिकों से द्वेष करने वाले देश हैं, तो उन्होंने न में जवाब दिया और कहा कि राष्ट्रपति ने जब इस संबंध में बयान दिया था तब वह एक व्यापक बिंदु पर बात रहे थे। उन्होंने कहा मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति यहां अमेरिका में हमारे अपने लोकतंत्र की जीवंतता इसकी समावेशिता और भागीदारी को लेकर एक व्यापक बात रख रहे थे। बाइडन ने हाल में एक कार्यक्रम में कहा था आप जानते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं।

स्लोवाकिया के पीएम की हालत स्थिर हिरासत में आरोपी

पेजिनोक। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या के प्रयास के आरोपी को शनिवार को हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कई गोलियां लगने के बाद फिको की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है।

अदालत के एक प्रवक्ता ने बताया कि अभियोजकों ने अगर रिहा किया गया तो वह फरार हो सकता है या फिर अपराधों को अंजाम दे सकता है। आदेश के खिलाफ संदिग्ध उच्चतम न्यायालय में अपील कर सकता है। बुधवार को हैंडलोवा शहर में एक सरकारी कार्यक्रम के बाद समर्थकों का अभिवादन करते समय फिको (59) पर हमला हुआ था और उनके पेट में गोली लगी थी।

बिश्केक में भारतीय छात्रों पर नजर बनाए हुए हैं : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

- छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुआ था प्रदर्शन

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि सरकार किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के परिप्रेक्ष्य में वहां भारतीय छात्रों पर नजर रखे हुए है।

डॉ. जयशंकर ने कहा कि फिलहाल वहां स्थिति शांत है और उन्होंने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने को कहा है। किर्गिज गणराज्य में भारतीय दूतावास ने पोस्ट किया हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे फिलहाल घर के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें। हमारा 24×7 संपर्क नंबर 0555710041 है। रिपोर्टों के अनुसार स्थानीय और विदेशी लोगों के बीच कथित झड़प के बाद बिश्केक के कुछ हिस्सों में रात भर हुये प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस तैनात की गई है। उल्लेखनीय है कि 13 मई को राजधानी के एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प हुई थी।

अफगानिस्तान में भारी बारिश से आई बाढ़, 68 की मौत

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में पिछले महीने से हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है। पश्चिमी अफगानिस्तान के गोर प्रांत में पिछले 24 घंटे के दौरान हुई बारिश के कारण कई जगह पर बाढ़ आ गई, जिससे कम से कम 68 लोगों की मौत हुई है।

तालिबान के अधिकारी ने कहा कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक सूचनाओं पर आधारित है और यह बढ़ सकती है। गोर प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास ने कहा कि दर्जनों लोग लापता हैं। बाढ़ के बाद राजधानी फिरोज कोह समेत विभिन्न क्षेत्रों में हजारों मकानों व संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने और सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि के नष्ट होने से प्रांत को काफी वित्तीय नुकसान हुआ है।

अमेरिका की वजह से छिड़ सकता तीसरा विश्व युद्ध

वाशिंगटन, एजेंसी

- पूर्व राष्ट्रपति ने कहा- मूर्ख लोग चला रहे देश की सरकार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जताई है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में शुक्रवार को कहा जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है।

हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और न ही महंगाई बढ़ती।

वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव 5 नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लडेंगे।

बहस करने से पहले बाइडेन से ड्रग टेस्ट की करेंगे मांग

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बहस करने से पहले ड्रग परीक्षण की मांग करेंगे। दोनों प्रतिद्वंद्वी जून और सितंबर में टेलीविजन पर दो दौर के बहस के लिए सहमत हुए हैं। ट्रंप ने कहा मैं ड्रग टेस्ट की मांग करुंगा क्योंकि मैं नहीं चाहता कि बाइडेन स्टेट ऑफ द यूनियन की तरह आएं। बिडेन ने शुक्रवार को कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति के साथ आम चुनाव की बहस में भाग लेंगे और ऐसा करने पर उन्हें खुशी होगी। राष्ट्रपति की यह सहमति महत्वपूर्ण बदलाव है। इसके पहले उन्होंने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के साथ मंच पर उपस्थित होने के लिए प्रतिबद्ध होने से इनकार कर दिया था।

आनंद के पल

तमिलनाडू के नागापट्टिनम जिले के वेलानकन्नी में बंगाल की खाड़ी के किनारे इन दिनों पर्यटक लगातार पहुंच रहे हैं। एक परिवार शनिवार को समुद्र तट पर ऊंट की सवारी करता हुआ। ● एजेंसी

रूस ने चीन को सौंपा विध्वंसक गतिविधियां चलाने वालों का ब्यौरा

मास्को। रूस की संसद के निचले सदन ड्यूमा के विदेशी दखलंदाज़ी की जांच के लिए गठित आयोग ने कुछ विदेशी संगठनों द्वारा रूस एवं चीन के खिलाफ विध्वंसक गतिविधियां चलाये जाने को लेकर हाल ही में एक डॉज़ियर चीन की सरकार को सौंपा है। आयोग के वासिली पिस्कारेव ने शनिवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा हमने हाल ही में रूस और चीन से संबंधित विदेशी संगठनों की विध्वंसक गतिविधियों पर सामग्री चीनी पक्ष को हस्तांतरित की है। यह खबर ऐसे समय आयी है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन चीन की यात्रा से लौटे हैं और वहां उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ असाधारण, गहन एवं सार्थक बातचीत हुई है।

महोत्सव नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में

कॉन्स फिल्म महोत्सव में फिल्म मंथन ने सुर्खियां बटोरी

कान, एजेंसी

फ्रांस में चल रहे 77वें कॉन्स फिल्म महोत्सव में नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में रहा। गुजरात के एक गांव में भारत की पहली डेरी सहकारी संस्था के निर्माण से जुड़ी श्याम बेनेगल की 1976 की फिल्म मंथन का 4के वीडियो रेज्योलूशन संस्करण सैले बुनुएल में प्रदर्शित किया गया।

फिल्म के कलाकारों में शामिल नसीरुद्दीन शाह ने फिल्म के प्रदर्शन से पहले अपने विचार प्रकट किये। दिग्गज अभिनेता ने कहा सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण मंथन का यह शो डॉ. वर्गीज कुरियन को समर्पित है। उन्होंने कहा यह स्मिता पाटिल, गिरीश कर्नाड, अमरीश पुरी और संगीतकार वनराज भाटिया को याद करने का भी अवसर है। शाह ने कहा, बड़े पर्दे पर बतौर अभिनेता यह मेरी दूसरी फिल्म थी।

मैं इस बात को लेकर घबराया हुआ था कि यह बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करेगी। किसी ने भी इस फिल्म को लेकर कोई उम्मीद नहीं जताई थी, लेकिन यह हिट फिल्म साबित हुई, जिसने हम सभी के लिए काम के और अधिक अवसर पैदा किये।

ऐश्वर्या राय बच्चन नीले सिल्वर गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आयीं

कान। कॉन्स फिल्म महोत्सव 2024 में दूसरी बार अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए ऐश्वर्या राय ने एक बार फिर फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा तैयार गाउन का चुनाव किया। जब वह फिल्मकार योरगोस लैंथिमोस की नवीनतम फीचर फिल्म काइंड्स ऑफ काइंडनेस की स्क्रीनिंग के लिए शुक्रवार को लाल कालीन पर चलीं तो उन्होंने नीले और सुनहरे रंग की चमकीले गाउन पहन रखी थीं। इस फिल्म में दो बार की ऑस्कर विजेता एम्मा स्टोर अहम किरदार में हैं। इस परिधान में विशेष धात्विक आकृति बनी थी। हाथ में चोट होने के कारण उन्होंने विशिष्ट कपड़े पहने थे। पिछले दो दशक से नियमित रूप से कॉन्स फिल्म महोत्सव में आ रहीं ऐश्वर्या बृहस्पतिवार को 2024 के इस कार्यक्रम में फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा द्वारा गाउन में पहुंची।